धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, मंगलवार
18.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

चैत्र, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 243 | 12



आज पुतिन से बात करेंगे ट्रंप

रोजा का समय
सेहरी (19.03.2025): 04.32 बजे
इफ्तार (18.03.2025): 06.00 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### पश्चिमी सिंहभूम के गीतिलिपि गांव की घटना, पसरा मातम

# पुआल के ढेर पर खेल रहे चार मासूम जिंदा जल गये

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के गीतिलिपि गांव पुआल के ढेर में खेलने के दौरान आग लगने से चार बच्चे जिंदा जल गये, जिससे उनकी मौत हो गयी। आग लगते ही पूरे इलाके में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार हर रोज की तरह सोमवार को भी बच्चे पुआल में खेल रहे थे। इस दौरान अचानक किसी कारण से पुआल में आग लग गयी। जबतक लोगों तक आग की खबर पहुंची, तबतक सभी चार मासूम बच्चे बच्चे जिंदा जल गये। आग इतनी तेजी से फैली कि बच्चों को निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस दर्दनाक हादसे से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बच्चों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों के शवों को निकालने का प्रयास शुरू किया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका। हालांकि कुछ लोगों ने कहा कि पुआल सूखा होने की वजह से उसमें तेजी से आग लग गई।

### कैसे मिली जानकारी

खलिहान जहां पुआल रखा हुआ था, उधर से एक महिला गांव आ रही थी। महिला ने देखा कि पुआल घर में आग लगी हुई है और उसमें बच्चे जल रहे हैं। यह देखकर महिला चिल्लाने लगी और बच्चों को निकालने की कोशिश की। देखते ही देखते काफी लोग जुट गये और किसी तरह बच्चों को निकाला पर तब तक चारों बच्चों की जलकर मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी।



जिंदा जले बच्चों के शवों को ढंकती महिला और पुआल में आग बुझाते दमकलकर्मी और स्थानीय लोग

### सभी मृत बच्चे दो से पांच साल के

मृत बच्चों में 5 साल का प्रिंस चातार, 5 साल साहिल सिंकू, 2 साल का रोहित सुंडी और 5 साल की भूमिका सुंडी शामिल हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। वहीं, एक साथ चार मासूमों की मौत की खबर से गांव में मातम पसर गया है। ये हादसा सोमवार की सुबह 11 बजे के आसपास की है।

### फायरब्रिगेड ने किसी तरह आग पर पाया काबू

पुआल की आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण कुछ खास मदद नहीं कर सके। इसके बाद फायरब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग को बुझाया। इसके बाद एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, इंस्पेक्टर बासुदेव मुंडा, सीओ मनोज मिश्रा, बीडीओ सत्यम कुमार, थाना प्रभारी संजय सिंह भी पहुंचे।

### हादसे पर क्या बोले एसपी

इस दर्दनाक हादसे को लेकर चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने बताया कि जब आग लगी उस समय बच्चे पुआल के ढेर के पास खेल रहे थे। आग लगने के कारणों की जांच फिलहाल जारी है। उन्होंने कहा कि सभी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना की विस्तृत जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गयी है। वहीं इस घटना के बाद से पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। उन्होंने कहा कि पुलिस इन मासूम बच्चों की मौत को लेकर पूरी तरह से संवेदनशील है। जगन्नाथपुर थाना की पुलिस मौके पर तैनात है। आग कैसे लगी, इसका पता लगाया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### अवकाश के बाद आज से विधानसभा का बजट सत्र

**रांची।** होली व अन्य अवकाश के बाद झारखंड विधानसभा का बजट सत्र की बाकी बची कार्यवाही 18 मार्च से शुरू होने जा रही है। 12 मार्च से 17 मार्च तक अवकाश के दौरान हुई कुछ घटनाओं को लेकर मंगलवार को सदन में कई मुद्दों पर हंगामे के आसार हैं।

### खूंटी में वज्रपात से महिला की मौत, बच गयी बेटी

**खूंटी।** तपकारा थाना क्षेत्र के लतौली गांव में सोमवार को अपराह्न करीब चार बजे वज्रपात से बसंती गुड़िया (35) नामक महिला की मौत हो गयी। उसकी एक वर्ष की बेटी लीली कंडुलना को खरोंच तक नहीं आई। बसंती गुड़िया की बेटी घर के आंगन में थी। अचानक बारिश शुरू हुई, तो बसंती बेटी को लेने के लिए आंगन में जैसे ही पहुंची कि वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में आकर बसंती की मौत हो गयी।

### मानव तस्करी की शिकार दो नाबालिग का रेस्क्यू

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र की दो नाबालिग लड़कियों का रविवार को दिल्ली के नेबसराय थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों लड़कियों को अच्छे काम का लालच देकर मानव तस्कर दिल्ली ले गये थे। दिल्ली में प्लेसमेंट एजेंसी वाले उन्हें दाई का काम करने के लिए अन्यत्र भेजने वाले थे। इसकी भनक लगते ही दोनों नाबालिग लड़कियां किसी प्रकार तस्करों के चंगुल से छूटकर भागने में सफल रही और एक लड़की ने अपने मोबाइल से इसकी सूचना झारखंड भवन के टोल फ्री नंबर पर देते हुए मदद की गुहार लगायी।

### डायन-बिसाही के शक में 50 वर्षीय महिला की हत्या

**गुमला।** जिला के फाट्टी बगीचा टोली निवासी 50 वर्षीय महिला की अंधविश्वास में हत्या कर दी गयी है। गुमला सदर थाना की एसआई हेमा देवी ने घटनास्थल खटवा नदी के बालू में गड़े महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। महिला के पुत्र ने पुलिस को अंधविश्वास और डायन बिसाही के शक में हत्या किये जाने की आशंका जतायी। उनकी माता शुक्रवार से लापता थी। एसपी के निर्देश पर डॉग स्क्वायड की मदद से उसकी खोज एसडीपीओ के नेतृत्व में एसएसबी की टीम ने किया। महिला के पड़ोसी कर्मपाल लकड़ा ने पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार की।

# सीएजी की नियुक्ति विवाद पर केंद्र सरकार को नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की नियुक्ति केवल कार्यपालिका और प्रधानमंत्री द्वारा करने की मौजूदा प्रथा को संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन करने का दावा करने वाली जनहित याचिका पर सोमवार को केंद्र सरकार को जवाब तलब किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गैर सरकारी संगठन सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन की याचिका पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। साथ ही पीठ ने इसे इसी मुद्दे पर लंबित अन्य मामले के साथ जोड़ने का निर्देश दिया।



### दुष्कर्म के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बोकारो।** जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के आरोपी पिता फरार है। पुलिस उसे गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर रही है। जानकारी के अनुसार होली के दिन पिता और उसके दोस्त ने बच्ची को पास की पहाड़ी पर ले गये जहां उसके साथ गैंगरेप किया। जानकारी के बाद मां ने प्राथमिकी दर्ज करायी।

# रघुवर दास कैबिनेट के पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति जांच वाली जनहित याचिका खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने पंकज यादव की याचिका खारिज कर दी।

दरअसल वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था। साथ ही इस मामले की एसीबी से जांच कराने की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति भी दे दी थी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियों के खिलाफ जांच की, जिसमें पंकज यादव की शिकायत को सत्य पाया गया था। एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों और शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था। वहीं अब जनहित याचिका खारिज होने से उक्त पांच लोगों को बड़ी राहत मिली है। लुईस मरांडी फिलहाल जेएमएम की विधायक हैं।



### युवा आक्रोश रैली के बाद भाजपा नेताओं पर दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज और रमेश सिंह समेत 18 नेताओं को बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया है। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी थी।

### मोदी से मिलीं अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड, कहा

# आतंकवाद से भारत और अमेरिका मिल कर लड़ेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी से अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार शाम नयी दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान गबार्ड ने इस्लामी आतंकवाद के खतरे को हराने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। इसे उन्होंने अमेरिकी लोगों के लिए सीधा खतरा बताया।

**आतंकवाद पर मोदी-ट्रंप गंभीर** गबार्ड ने इस बात पर जोर दिया कि पीएम मोदी भी आतंकवाद के खतरे को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश इस लगातार खतरे से निपटने के लिए एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। आतंकवाद पर गबार्ड ने कहा, 'हम देख रहे हैं कि इसका भारत, बांग्लादेश, सीरिया, इजरायल और मध्य पूर्व के कई देशों में लोगों पर कैसा प्रभाव पड़ रहा है। मैं जानती हूं कि यह एक ऐसा खतरा है जिसे पीएम मोदी भी गंभीरता से लेते हैं। इसलिए, दोनों देशों के नेता इस खतरे को पहचानने और उसे हराने के लिए मिलकर काम करेंगे। पीएम मोदी के साथ यह मीटिंग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और तुलसी गबार्ड के बीच बातचीत के बाद हुई।



**मोदी को तुलसी की माला भेंट की :** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड को पीएम मोदी ने प्रयागराज में संपन्न महाकुंभ से गंगाजल से भरा एक कलश भेंट किया। इसके बदले में अमेरिकी खुफिया चीफ ने पीएम मोदी को तुलसी की माला गिफ्ट की।

**टैरिफ मुद्दे पर मोदी-ट्रंप में सीधी बातचीत** : तुलसी गबार्ड ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मैंने भारतीय सरकार के अधिकारियों से जो बात की है, उससे पता चलता है कि अमेरिका द्वारा लगाया गया टैरिफ यहां एक अवसर बनकर आया है। टैरिफ मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच शीर्ष नेतृत्व के स्तर पर सीधी बातचीत हुई है।

उन्होंने कहा, यह समय भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने का बड़ा और अच्छा अवसर है। गबार्ड ने कहा, मुझे यह देखकर खुशी हुई कि यहां इसे अधिक सकारात्मक दृष्टिकोण से लिया जा रहा है।

### आइपीएल टीम के कप्तानों की बैठक 20 मार्च को मुंबई में



**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) की सभी टीमों के कप्तान 20 मार्च को प्री-सीजन मीटिंग के लिए मुंबई में इक्कठा होंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, यह मीटिंग दोपहर में बीसीसीआई के हेड क्वार्टर में होगी। इस कार्यक्रममें कप्तानों के अलावा सभी 10 फ्रैंचाइजी के मैनेजर को भी आमंत्रित किया गया है। बीसीसीआई और आइपीएल मैनेजमेंट ने सभी फ्रैंचाइजी को एक ईमेल भेजा है। इसमें एक मीटिंग के बारे में बताया गया है, जो एक घंटे तक चलेगी। इस मीटिंग में टीमों को आगामी सीजन के लिए नए बदलावों के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद ताज होटल में एक प्रोग्राम होगा। यह पूरा कार्यक्रम चार घंटे का होगा। इस दौरान सभी कप्तानों का फोटो शूट भी होगा।

# राज्य में फिर लटक सकता है शहरी निकायों का चुनाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी का कार्यकाल 22 मार्च को समाप्त हो जायेगा। इससे राज्य में 48 स्थानीय शहरी निकायों में चुनाव कराने की चल रही प्रक्रिया के प्रभावित होने की संभावना है। बताते चलें कि देश के सभी राज्यों ने निर्वाचन आयुक्तों का कार्यकाल पांच साल निर्धारित किया है, लेकिन झारखंड सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल चार साल ही निर्धारित किया है। इस कारण 22 मार्च को राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल समाप्त हो जायेगा। ऐसे में नये अध्यक्ष की नियुक्ति होने तक चुनावी कार्य प्रभावित रहेगा।

**जिलों में तैयार की जा रही है मतदाता सूची** : इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग से मतदाता सूची लेकर उसे स्थानीय निकायों की सीमा के आलोक में तैयार किया है। मतदाता सूची तैयार होने के बाद जिला



मुख्यालयों द्वारा इसे प्रकाशित करने के बाद आपत्तियां मांगी गयी है। आपत्तियों का समाधान करने के बाद जिला मुख्यालयों द्वारा इसे प्रकाशित किया जायेगा। स्थानीय निकायों के चुनाव के मद्देनजर जिलों में जांच कर मतदान केंद्रों की सूची तैयार की जा रही है।

**क्या है मामला** : स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों के आरक्षण के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट को अनिवार्य कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा था कि अगर कोई राज्य बिना ट्रिपल टेस्ट के निकाय चुनाव कराना चाहे तो पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षित सीट को अनारक्षित मानकर चुनाव कराना होगा। यानी बिना ट्रिपल टेस्ट की पिछड़ी जातियों को स्थानीय निकाय में आरक्षण लाभ नहीं मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राज्य सरकार ने पिछडा वर्ग आयोग को ट्रिपल टेस्ट की जिम्मेवारी सौंपी है।

### दिल्ली हाईकोर्ट का निर्देश

### देश का नाम इंडिया से भारत करने की मांग पर जल्द फैसला करे सरकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने की मांग संबंधी प्रतिवेदन पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक जल्द फैसला करे। जस्टिस सचिन दत्ता ने याचिकाकर्ता को याचिका वापस लेने की भी अनुमति दी। कोर्ट ने केंद्र सरकार के वकील को निर्देश दिया कि वो संबंधित मंत्रालयों को इस मामले पर जल्द फैसला करने को कहें। हाई कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 3 जून 2020 को इस याचिका का निस्तारण करते हुए कहा था कि केंद्र सरकार इस पर जल्द फैसला करे। सुप्रीम कोर्ट के 2020 के आदेश के बाद याचिकाकर्ता नमाह ने अब दिल्ली हाई कोर्ट में इस आदेश के पालन के लिए याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता के पास हाई कोर्ट आने के अलावा कोई विकल्प मौजूद नहीं था। याचिका में कहा गया था कि देश का नाम इंडिया हटाया जाना चाहिए।

गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 104000 रु./प्रति किलो |

तीसरी आंख




### 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में चंद्रयान-5 महत्वपूर्ण कदम

# चंद्रयान-5 मिशन को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

खुशखबरी

एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन- इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने बताया कि केंद्र सरकार ने चंद्रयान-5 मिशन को मंजूरी दे दी है। यह मिशन भारत के 2040 तक चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके अलावा, सरकार ने 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना को भी स्वीकृति दी है। चेन्नई में एक कार्यक्रम के दौरान नारायणन ने बताया कि इसरो आने वाले वर्षों में कई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारे कई महत्वपूर्ण मिशन जारी हैं। चंद्रयान-4 का मुख्य उद्देश्य चंद्रमा की सतह से सैंपल इकट्ठा करना है, जबकि चंद्रयान-5, जिसे तीन दिन पहले मंजूरी मिली, इसमें 350 किलोग्राम का रोवर होगा। इस मिशन में भारत और जापान मिलकर काम कर रहे हैं। इससे साफ है कि भारत अंतरिक्ष में अपनी क्षमताओं को और मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।



वी. नारायणन, इसरो प्रमुख।

इसरो अब तक तीन चंद्रयान मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है। चंद्रयान-3 की सफलता ने भारत को उन देशों की सूची में शामिल कर दिया है, जिन्होंने चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने चंद्रयान-4 मिशन को भी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य चंद्रमा पर उतरकर सुरक्षित वापसी और सैंपल कलेक्शन की तकनीक का परीक्षण करना है। इन सभी मिशनों से यह साफ है कि भारत अपने अंतरिक्ष कार्यक्रमों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नारायणन ने बताया कि भारत अब तमिलनाडु के तटीय गांव कुलसेकरपट्टिनम में दूसरा स्पेसपोर्ट बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 फरवरी 2024 को इस परियोजना का उद्घाटन किया था। यह स्पेसपोर्ट छोटे उपग्रहों (500 किलोग्राम तक) को लॉन्च करने के लिए स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल के उपयोग के लिए बनाया जा रहा है। इस परियोजना का निर्माण 5 मार्च 2025 से शुरू हो चुका है। इस स्पेसपोर्ट की मदद से भारत छोटे उपग्रहों के वैश्विक लॉन्च बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।

कार्यक्रम के दौरान, इसरो प्रमुख ने पूर्व अध्यक्ष के. सिवन की कड़ी मेहनत की तारीफ की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का एक ही लक्ष्य है- भारत को विकसित बनाना। इसरो की यह नयी पहल भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक शक्ति बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम है। आने वाले वर्षों में, भारत न केवल चंद्रमा पर मानव मिशन भेजने की तैयारी कर रहा है, बल्कि अपने स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना की योजना भी बना रहा है। इससे भारत को अंतरिक्ष में दीर्घकालिक शोध करने और वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# केंद्र ने जारी की 67 आतंकवादी व गैरकानूनी संगठनों की नयी सूची

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने देश की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले 67 प्रतिबंधित संगठनों की नवीनतम सूची जारी की है। गृह मंत्रालय ने अवैध गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (UAPA) के तहत इन संगठनों को आतंकवादी या गैरकानूनी घोषित किया है। इस सूची में 45 संगठनों को आतंकवादी संगठन के रूप में चिह्नित किया गया है, जबकि 22 संगठनों को गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। इन प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों में लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्बुल मुजाहिदीन, अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट (ISIS), खालिस्तान लिबरेशन फोर्स, यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (ULFA), नक्सली संगठन (CPI-Maoist), लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE)और जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश जैसे संगठन शामिल हैं। ये संगठन भारत में आतंकी हमलों, उग्रवाद और हिंसक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। इसके अलावा, सरकार ने कई संगठनों को गैरकानूनी घोषित किया है, इनमें स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (SIMI ), जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (JKLF ), पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (PFI) और इसके सहयोगी संगठन, खालिस्तान समर्थक संगठन सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ) और मणिपुर के कुछ उग्रवादी संगठन शामिल हैं। ये संगठन अलगाववादी गतिविधियों और हिंसा में शामिल रहे हैं, जिससे देश की शांति और स्थिरता को खतरा हुआ है।

### नई दिल्ली से भाया देवघर घोड़ थम्बा पहुंचे नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल, कहा

# घोड़थम्बा की घटना पुलिस प्रशासन का सुनियोजित षडयंत्र

## पुलिस प्रशासन हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति का बना टूल्स



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को दिल्ली से भाया देवघर गिरिडीह जिला के घोड़ थम्बा पहुंचे। इस दौरान पीड़ित पक्षों से मिलकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि होली के दौरान रंग अबीर खेलते हिंदुओं पर पत्थरों एपेट्रोल बम हमला किया गया। इतना ही नहीं पुलिस की भूमिका इस पूरे प्रकरण में अपराधियों, हमलावरों को संरक्षण देने की रही है। उन्होंने कहा कि घोड़ थम्बा में जिस रास्ते को लेकर विवाद हुआ, उसपर प्रतिवर्ष लोग पर्व त्यौहार में जाते रहे हैं। लेकिन इस वर्ष सुनियोजित तरीके से रंग अबीर खेलते हिन्दू भाइयों पर हमला कराया गया। उन्होंने कहा कि पत्थरबाजी के बीच पुलिस की भूमिका से यह स्पष्ट हो गया कि वह तुष्टिकरण के टूल्स की तरह कार्य कर रही है। थाना प्रभारी और सीओ रोड पर गाड़ी लगाकर मूकदर्शक बने रहे और पेट्रोल बम, पत्थर चलता रहा। उन्होंने कहा कि हमले की खबर फैलने के बाद हिन्दू समाज के लोग वहां एकत्रित हुये। लेकिन पुलिस प्रशासन निदोर्षों को भी जानबूझकर फंसा रही है। यह मामला शुद्ध रूप से एक पक्षीय हमला का है। लेकिन इसे पुलिस प्रशासन द्वारा द्विपक्षीय बनाकर निदोर्षों को प्रताड़ित किया जा रहा है।अगर शांति से पर्व त्यौहार भी मना सकते तो फिर हिन्दू समाज कैसे रहे। उन्होंनो कहा कि जिन्हें रंग अबीर से परेशानी है उन्हें खून खराबा करने में कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष और पुलिस प्रशासन गलत बयानी कर रहा है। जिनके हाथ में रंग अबीर थे उन्हें जेल भेजा जा रहा और जिनलोगो ने पत्थर फेंके उन्हें बचाया जा रहा है। कार्रवाई तो पत्थरबाजों पर होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एफआइआर देखकर ऐसा लग रहा जैसे हिन्दू समाज के लोग मस्जिद पर आक्रमण करने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को न्याय नहीं मिलेगा तो भाजपा केवल गिरिडीह में ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड में राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन करने को बाध्य होगी। उन्होंने मांग किया कि घोड़ थम्बा थाना प्रभारी और सीओ को तत्काल हटाया जाये। जिनके दुकान और संपत्ति जलाये गये, उन्हें मुआवजा मिले। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर त्वरित कार्रवाई नहीं करती तो वे गिरिडीह में लोगों को न्याय दिलाने केलिये धरने पर भी बैठने को मजबूर होंगे।

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 24 को

## आज से बच्चे स्कूल जाकर ले सकते हैं एडमिट कार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य में संचालित सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेंस में दाखिले की प्रवेश परीक्षा 24 को होगी। सरकार के स्तर पर दाखिले के प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। मंगलवार से संबंधित स्कूलों से अभ्यर्थियों को दाखिले की प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए एडमिट कार्ड दिये जायेंगे। यह जानकारी जिला शिक्षा परियोजना के सहयाक परियोजना पदाधिकारी कौशल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में संचालित पांच मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि 24 मार्च निर्धारित है । सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे 18 से 23 मार्च 2025 तक (सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच) संबंधित विद्यालय (जिस विद्यालय में आवेदन किया गया है) से परीक्षा में शामिल होने के लिए अपना-अपना एडमिट कार्ड प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

**इस योजना के तहत राज्य में 80 स्कूल हैं**



**संचालित :** झारखंड में राज्य सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना के तहत 80 उत्कृष्ट विद्यालय संचालित हैं। सभी विद्यालय सीबीएसई पैटर्न पर आधारित हैं और कक्षा 1 से 12वीं तक शिक्षा प्रदान करते हैं। सीएम स्कूल ऑफ एक्सिलेस का मुख्य उदेश्य झारखंड में सरकारी स्कूलों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करना है। इसका संचालन राज्य सरकार करती है और यह स्कूल सीबीएसई पैटर्न पर आधारित हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक की पढ़ाई होती है। कुछ स्कूलों में 9वीं से 12वीं तक और कुछ में 6वीं से 12वीं तक की ही पढ़ाई होती है।

### फैक्ट फाईल

- इन स्कूलों में लैंग्वेज लैब, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, मैथ्स लैब, पुस्तकालय और स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है।
- **खेल :** छात्रों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की सुविधा भी है।
- **प्रवेश :** प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता है।
- **वर्तमान संख्या :** राज्य में 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस हैं।
- **भविष्य की योजना :** सरकार की योजना है कि इन स्कूलों की संख्या बढ़ाकर 4000 से अधिक की जाये।
- **प्रवेश प्रक्रिया :** 20 जनवरी से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई थी और आवेदन की अंतिम तिथि 10 फरवरी थी, जिसे बढ़ाकर 20 फरवरी कर दिया गया था।

# कांग्रेस के संगठन प्रभारी से दिल्ली में मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, संगठनात्मक कार्यों की दी जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव व संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल से सोमवार को उनके सरकारी आवास पर मुलकात कर प्रदेश कांग्रेस द्वारा किये जा रहे संगठनात्मक कार्यो के बारे में जानकारी दी।

श्री कमलेश ने संगठन प्रभारी को विगत 06 फरवरी से 10 फरवरी झारखण्ड में प्रमण्डलवार झारखण्ड प्रभारी के. राजू द्वारा जिलाध्यक्ष, प्रखण्ड अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष एवं कांग्रेसजनों के साथ संगठन सृजन परिचर्चा कार्यक्रम की जानकारी दी तथा मंत्रियों को प्रमण्डलवार एवं विधायकों को जिलावार दिये गये जिम्मेवारी से भी अवगत कराया। साथ हीं दिनांक 13 मार्च, 15 मार्च को झारखण्ड प्रभारी एवं कांग्रेस के मंत्रियों के साथ किए गये जूम मिटिंग कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु किए गए चर्चा की भी जानकारी दी और कांग्रेस के मंत्रियों द्वारा किये गये कार्यों की भी जानकारी दी।

श्री कमलेश ने संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल को झारखण्ड प्रदेश में चल रहे संविधान बचाओ पदयात्रा कार्यक्रम, जो राष्ट्रीय स्तर पर चले रहे हैं, से अवगत कराते हुए कहा कि यह कार्यक्रम में पंचायत, प्रखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को एक साल तक राज्य के सभी जिला, प्रखण्ड एवं पंचायत तक पहुंचाना लक्ष्य है। मुलकात के दौरान संगठन प्रभारी केसी वेणुगोपाल ने इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस के मंत्रियों, विधायक दल के नेता, उपनेता, विधायकों एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों को उस क्षेत्र में रहने का निर्देश दिया गया है ताकि इस कार्यक्रम का संदेश आमजन तक पहुंच सके। मुलकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ प्रदेश कार्यालय प्रभारी अभिलाष साहू भी थे।

## करोड़ों के गबन की आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** गढ़वा जिले के रमना डाकघर से दो करोड़ 10 लाख 41 हजार 382 रुपये के गबन के मामले में चार्जशीटेड आरोपी अश्विनी कुमार, संजय कुमार गुप्ता एवं विकास कुमार को झटका लगा है। तीनों की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका सुनवाई के बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने खारिज कर दी है। साथ ही, अदालत ने मामले में आरोप गठन के दिन आरोपियों को सशरीर मौजूद रहने को निर्देश दिया है। मामले का मुख्य आरोपी रमना उप डाकघर के तत्कालीन उप डाकपाल व छत्तरपुर थाना क्षेत्र के सिलदाग निवासी कामेश्वर राम है। याचिकाकर्ता सह आरोपी व्यक्तियों और रमना उप डाकघर, गढ़वा के उप डाकपाल कामेश्वर राम के साथ आपराधिक साजिश में लिप्त था। बेईमानी और धोखाधड़ी से आरडी खाते की परिपक्वता राशि मिलते जुलते नाम वाले बचत बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई और बाद में निकाल ली गई। इससे सरकारी खजाने को 2,10,41,382 रुपये का गलत नुकसान हुआ। 2019 में हुये फर्जीवाड़े को लेकर साल 2022 में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच प्रारंभ की थी।

## प्रदेश कांग्रेस राजीव गांधी पंचायती राज विभाग की पदयात्रा 19 से



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित शर्मा और प्रदेश प्रवक्ता संतनू मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के द्वारा झारखंड में घट रहे वन, नदियों का जलस्तर, पंचायती राज अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू करने, नगर निकाय चुनावों में पूर्व के भाजपा सरकार में तय किए गए उम्र और तीन बच्चों के प्रावधान को बदलने की मांग को लेकर भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलीहातू से बापू वाटिका मोरहाबादी रांची तक के चार दिवसीय स्वराज पदयात्रा का शुभारंभ 19 मार्च को होगा जिसका समापन 22 मार्च को बापू वाटिका रांची में होगा। पदयात्रा के समापन समारोह में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शामिल होंगे। नेता द्वय सोमवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया से बात कर रहे थे।

नेताओं ने कहा कि इस यात्रा का उदेश्य पहाड़ पानी पौधा पंचायती राज और पेसा कानून को लेकर लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के आंकड़ों में झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 29 प्रतिशत वन क्षेत्र दिखाया गया है। जबकि वास्तविकता यह है कि लगभग 20% भूमि पर ही जंगल बचे हैं,शेष जमीन बंजर भूमि है। लगातार हो रही वनों की कटाई का सीधा असर यहां निवास करनेवाले लोगो पर पड़ रहा है। इसके बावजूद वन विभाग इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। नेताओं ने कहा कि आज इस राज्य में खनन और अवैध कटाई से जंगल समाप्त हो रहे हैं। यह यात्रा जिन क्षेत्रों से गुजरेगी उन क्षेत्रों में जंगल को बचाने, पौधे लगाने, नदियों और पहाड़ों को संरक्षित करने के लिए जन चेतना का भी निर्माण करेगी।

### खबर एक नजर में

## झारखंड के कई सीओ व रजिस्ट्रार को मिली बड़ी राहत हाईकोर्ट ने शिवशंकर शर्मा की पीआइएल की खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के 10 अंचलाधिकारियों और कई रजिस्ट्रार के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट ने यह कहते हुए याचिका खारिज की कि प्रार्थी ने जो आरोप लगाये हैं, उससे जुड़े कोई तथ्य या दस्तावेज पेश नहीं किये गये। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता और उनके सहयोगी अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की। दरअसल प्रार्थी शिवशंकर शर्मा की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी। जिसमें कहा गया था कि अंचलाधिकारियों और रजिस्ट्रार ने साजिश के तहत गैर मजरुआ खास, गैर मजरुआ मालिक, प्रतिबंधित जमीन व छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत आने वाली जमीनों को गलत तरीके से बंदोबस्त और रजिस्ट्री कर सरकारी राजस्व को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाया है। दायर याचिका में रांची जिले के नामकुम अंचल, हेहल अंचल, ओरमांझी अंचल, रांची सदर और नामकुम अंचल के सीओ के अलावा चास, गिरिडीह सदर, चंदनकियारी, सरिया और खूंटी सीओ पर भी गड़बड़ी करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही इस मामले की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने मांग की गयी थी।

## मईयां सम्मान योजना की 18 लाख महिलाओं के साथ विश्वासघात : राफिया नाज

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमंत सरकार द्वारा 18 लाख महिलाओं की मइयां सम्मान योजना की राशि रोकने पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मइयां सम्मान की राशि मिलेगी। इसलिये, 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मइयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं,ख ना ही वेबसाइट। इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। इसलिये अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिये एक भी योजना उतारी गई है। चाहे वह 2000 चूल्हा खर्च हो, 2500 विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो। उन्होंने कहा कि सभी महिलाओं को जल्द मइयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि मइयां सम्मान योजना के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट मइयां सम्मान के लिये पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गई।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन कुल 16 मामलों में मिली सफलता

**रांची।** विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरूआत सोमवार से हुई। यह अभियान 21मार्च तक चलेगा। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन परिवार न्यायालय एवं विभिन्न न्यायालयों से कुल 29 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केन्द्र में प्राप्त हुए ।जिन्हें भिन्न-भिन्न मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया ।जिनमें कुल 16 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गए।


**जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका) -सह-उपायुक्त का कार्यालय, खूँटी (निर्वाचन शाखा)**

**निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन की सूचना**

एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली, 2012 (यथासंशोधित) के नियम 14 के अनुसार मतदाता सूची तैयार हो गई है और उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय/नगर पंचायत कार्यालय एवं संबंधित वार्ड कार्यालयों में भी मतदाता सूची आम जनों के निरीक्षण हेतु प्रत्येक कार्यालय दिवस में समय 11:00 बजे से 05:00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। साथ ही उक्त मतदाता सूची जिले के वेबसाईट www.khunti.nic.in पर भी उपलब्ध है।

निर्वाचक नामावली तैयार किए जाने की अर्हक तिथि 01.10.2024 है। उक्त अर्हक तिथि के संदर्भ में नामावली में किसी नाम को सम्मिलित किए जाने के लिए कोई दावा या किसी नाम के सम्मिलित किये जाने के लिए कोई आक्षेप किया जाता है या किसी प्रविष्टि विशिष्टियों की वाबत कोई आक्षेप हो तो वह दावा/आक्षेप/आपत्ति दिनांक 20.03.2025 तक प्रपत्र–क(परिशिष्ट–1) एवं प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय/संबंधित पर्यवेक्षक को प्रस्तुत कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– उपायुक्त, खूँटी

PR 348566 (Election)24-25*D


# सीएमपीडीआई एवं भारत सेवाश्रम संघ के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय), रांची द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) पहल के तहत रांची जिले के बुंडू और तमाड़ प्रखंड के ग्रामीणों की गंभीर स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस), रांची को एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के लिए 15.08 लाख रुपए की निधि स्वीकृत किया है। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा और भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) के सचिव स्वामी भूतेशानंद के बीच समझौता ज्ञापन (एमओए) का आदान-प्रदान किया गया।

इस मोबाइल मेडिकल यूनिट (एम्बुलेंस) के जुड़ने से इन दूरदराज के क्षेत्रों में अधिक से अधिक चिकित्सा शिविर आयोजित करने और ग्रामीणों को महत्वपूर्ण आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदान करने में भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) की क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इस अवसर पर सीएमपीडीआई (मुख्यालय) की एचआरडी/सीएसआर टीम और भारत सेवाश्रम संघ (बीएसएस) की टीम भी मौजूद थी।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची**
**(भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची)**
**कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**
**वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा**
**E-mail ID: -scolohardaga@gmail.com**

**आम-सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 10 दिनांक 04.05.2023 के द्वारा राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में मृदा एवं जल संरक्षण योजना अन्तर्गत बंजर भूमि/राईस फैलो विकास उपयोजना अन्तर्गत पांच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों का जिर्णोद्वार/गहरीकरण एवं जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग की योजना कार्यान्वयन हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी। विभागीय पूरक स्वीकृत्यादेश संख्या 105 दिनांक 30.03.2024 के द्वारा स्वीकृत योजना के विरूद्ध विपत्र की निकासी हेतु दिनांक 31.08.2024 तक में विपत्रों की निकासी हेतु स्वीकृति प्रदान की गई थी उक्त के आलोक में कुछ पानी पंचायतों के द्वारा योजना के विरूद्ध विपत्रों की निकासी की गई, लेकिन लोहरदगा जिला अन्तर्गत सभी पानी पंचायतों के द्वारा ससमय विपत्र एवं काम समाप्त होने संबंधित सूचना नहीं दी गई। पुनः विभागीय पूरक आदेश संख्या 94 दिनांक 17.01.2025 के द्वारा उक्त योजना के पूर्ण करने हेतु कार्यहित में समेति के पी० एल० खाता में हस्तांतरित राशि के अवशेष दायित्वों को भुगतान करने तथा अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने हेतु उक्त योजना के कार्यान्वयन अवधि को मार्च 2025 (31.03.2025) तक विस्तारित किया गया है। विस्तारित अवधि तक राशि व्यय नहीं किये जाने की स्थिति में पी० एल० खाता में जमा अवशेष राशि को राजकोष में जमा करने का आदेश भी विभाग द्वारा निर्गत किया गया है।

अतः उक्त आदेश के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में मृदा एवं जल संरक्षण योजना अन्तर्गत बंजर भूमि/राईस फैलो विकास उपयोजना अन्तर्गत पांच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों का जिर्णोद्वार/गहरीकरण एवं जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत परकोलेशन टैंक निर्माण एवं डीप बोरिंग की योजना के सभी पानी पंचायतों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.03.2025 तक निश्चित रूप से विपत्रों का दावा करना सुनिश्चित किया जाय अन्यथा उक्त आवधि बीत जाने या वित्तीय वर्ष 2024–25 (दिनांक 31.03.2025) के बाद कोई भी दावा विभाग, भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची एवं भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा पर पानी पंचायतों का मान्य नहीं होगा। इसके लिए सीधेतौर पर संबंधित पानी पंचायत जिम्मेवार होंगें।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पते पर संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय का पता – भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302, फोन नं० – 7979050693

ह०/–
भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 348596 Lohardaga (24-25)_D


# चैत्र नवरात्र 30 से, हाथी पर आ रहीं हैं मां

## इस बार नवरात्रि नौ नहीं बल्कि आठ दिनों का होगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चैत्र नवरात्रि इस बार 30 मार्च से शुरू हो रहा है। चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है, जो 30 मार्च से होने वाली है। इस बार नवरात्रि नौ नहीं बल्कि आठ दिनों का होगा। वैदिक पंचांग के अनुसार, प्रतिपदा तिथि की शुरूआत 29 मार्च को शाम 4 बजकर 32 मिनट पर हो रही है, जो अगले दिन यानी 30 मार्च को दोपहर 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। उदया तिथि के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि का मान्य 30 मार्च को होगा। कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त 30 मार्च को सुबह 06.13 से 10.22 बजे तक का है। वहीं दोपहर 12.01 से 12.50 बजे तक अभिजीत मुहूर्त है, जिसमें कलश स्थापित करना विशेष फलदायक होता है। वहीं रामनवमी 6 अप्रैल को होगा। चैत्र नवरात्रि मां दुर्गा की अलग-अलग रूप में उपासना की जाती है।



**हाथी पर आ रही हैं मां दुर्गा :** चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिंदू नववर्ष भी शुरू हो जायेगा। धार्मिक मान्यताओं की मानें तो नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा पृथ्वीलोक पर आती हैं। उनका आगमन विशेष वाहनों से होता है। इस बार मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं, क्योंकि नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रहा है। हाथी को भारतीय संस्कृति में शांति, स्मृति, और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। हाथी पर मां दुर्गा का आगमन शुभ संकेत माना जाता है। इससे धन-धान्य में वृद्धि होती है। साथ ही देश में शांति और समृद्धि का आगमन होगा। नवरात्रि की शुरूआत यदि रविवार या सोमवार से होता है तो मां दुर्गा का आगमन हाथी से होता है। यदि मंगलवार या शनिवार से होता है तो मां दुर्गा घोड़े पर सवार होकर आती हैं। गुरुवार या शुक्रवार को यदि नवरात्रि की शुरूआत होती है तो माता रानी डोली पर सवार होकर आती हैं। वहीं अगर नवरात्रि की शुरूआत बुधवार को हो रही है तो मां दुर्गा का आगमन नौका से होता है।

**कलश स्थापना की विधि :** कलश स्थापना की विधि शुरू करने से पहले सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करके साफ कपड़े पहनें. उसके बाद एक साफ स्थान पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर माता रानी की प्रतिमा स्थापित करें. इस कपड़े पर थोड़े चावल रखें. एक मिट्टी के पात्र में जौ बो दें. इस पात्र पर जल से भरा हुआ कलश स्थापित करें. कलश पर स्वास्तिक बनाकर इसपर कलावा बांधें. कलश में साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालकर अशोक के पत्ते रखें. एक नारियल लें और उस पर चुनरी लपेटकर कलावा से बांधें. इस नारियल को कलश के ऊपर पर रखते हुए देवी दुर्गा का आवाहन करें. इसके बाद दीप आदि जलाकर कलश की पूजा करें. नवरात्रि में देवी की पूजा के लिए सोना, चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी का कलश स्थापित किया जाता है।

### ऐसे करें कलश स्थापन

कलश को गलत दिशा में स्थापित करने से बचें। ईशान कोण (उत्तर-पूर्व) की दिशा में ही कलश को स्थापित किया जाना चाहिए। यह देवताओं की दिशा होती है। कलश का मुंह खुला नहीं रखें। इसे किसी ढक्कन से ढककर ही रखें। ढक्कन को चावलों से भर दें और उसके ठीक बीचोबीच नारियल रखें। कलश को स्थापित करने से पहले देवी मां के सामने अखंड ज्योति प्रज्वलित करें। कलश स्थापित करते वक्त साधक को अपना चेहरा पूर्व या उत्तर दिशा में ही रखना चाहिए। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें। घटस्थापना का स्थल बाथरूम या किचन के आस-पास नहीं होना चाहिए। अगर पूजा स्थल के ऊपर कोई आलमारी या सामान रखने की जगह है तो उसे भी अच्छी तरह साफ कर लें।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
मंगलवार 18.03.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 324
epaper.khabarmantra.net
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

# अखिल विश्व गायत्री परिवार के चार दिवसीय आयोजन का शुभारंभ, कलश यात्रा निकली

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद जिले में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित चार दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 17 मार्च 2025 को भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। विधिवत पूजन के पश्चात झरिया विधायिका रागिनी सिंह ने गुरुदेव, माताजी और माँ गायत्री की पूजा-अर्चना की, जिसके बाद कलश यात्रा प्रारंभ की गई।



इस विशाल कलश यात्रा में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यात्रा में सबसे आगे बैंड-बाजा, शिव जी की मूर्ति, बजरंगबली और शंकर भगवान के वाहन नंदी बैल प्रदर्शन स्वरूप चल रहे थे। उनके पीछे 251 महिलाएँ सिर पर कलश धारण कर गायत्री मंत्रों का उच्चारण करते हुए यात्रा में सम्मिलित हुईं। श्रद्धालु धनसार मोड़ से होते हुए यज्ञशाला वापस पहुँचे, जहाँ सभी कलशों की विधिवत आरती की गई।

इसके बाद भक्तों के बीच फल वितरण किया गया और अमृतासन की व्यवस्था की गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में भक्तों ने गुरुदेव की कृपा को प्रत्यक्ष रूप से महसूस किया। मौसम और वातावरण भी आयोजन के अनुकूल बना रहा, जिससे श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ गया। कार्यक्रम के दौरान गायत्री कुंज के टोलीनायक गणेश चंद्रवंशी, कार्तिक मांडवी, गायक श्रीराम मांडवी, तबला वादक गणेश ठाकुर सहित कई अन्य लोग चार दिवसीय अनुष्ठान को संपन्न कराने में सहयोग कर रहे हैं।

इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में विभूति शरण सिंह, ए. के. गौतम, सुरेंद्र प्रसाद, हरेश चंद्र मिश्रा, मधुरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, विनोद कुमार साव, विमल चंद्र दास, नरेश भट्ट, वीर जवाहर, ममता सिंह, जयश्री, नमिता देवी, दुलारी पाठक, उमा शर्मा और भूपेंद्र शर्मा (अधिवक्ता) ने अहम भूमिका निभाई।

### श्रद्धालुओं ने जोश और भक्ति से भरकर नारे

- रोकनी है बबादीं तो बंद करो खचीर्ली शादी
- छोटे-मोटे काम करो, भीख माँगना बंद करो
- व्यक्ति की शक्ति नारी है, परिवार की शक्ति नारी है
- नित्य प्रति ध्यान करेंगे, अपनी प्रतिभा प्रखर करेंगे

एक नजर में

## लटानी पंचायत में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास, टुंडी विधायक ने किया उद्घाटन



पूर्वी टुंडी। गोविंदपुर-साहिबगंज मुख्य मार्ग के लटानी पंचायत स्थित पगला मोड़ से हलकट्टा श्मशान घाट तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। डी.एम.एम.टी योजना के तहत इस पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, आजसू जिला सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी और लटानी पंचायत के मुखिया ऐनुल हक ने नारियल फोड़कर विधिवत रूप से किया। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गिरीलाल किस्कु, झामुमो नेता अजीत मिश्रा, दिनेश रजक, आजसू प्रखंड अध्यक्ष काजल कुमार, नरेश महतो, रफीक अंसारी, एनुल अंसारी, गुड्डू सिंह, हकीमुद्दीन अंसारी, शत्रुघ्न मंडल, बसीर अंसारी, तपन मंडल सहित कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल था। लोगों ने कहा कि इस सड़क के बनने से आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। विधायक ने बताया कि सरकार गांवों के आधारभूत विकास पर विशेष ध्यान दे रही है और यह सड़क निर्माण उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## झामुमो नेता कारू यादव को नहीं मिली जमानत, 18 मार्च को फिर होगी सुनवाई

धनबाद। धनबाद में बीसीसीएल की खरखरी कोलियरी स्थित हिलटॉप आउटसोर्सिंग में वर्चस्व को लेकर 9 जनवरी 2025 को हुई फायरिंग, बमबाजी और आगजनी के मामले में मुख्य आरोपी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता कारू यादव उर्फ देवेंद्र यादव को आज भी राहत नहीं मिली। सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई, जहां वरीय अधिवक्ता शाहनवाज की दलीलें सुनी गईं। अदालत ने फिलहाल जमानत पर कोई फैसला नहीं लिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 मार्च की तारीख तय कर दी। इससे पहले, 6 फरवरी को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आई. जेड. खान की अदालत ने कारू यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस ने उन्हें 16 जनवरी को बिहार के जमुई से गिरफ्तार किया था और अगले ही दिन, 17 जनवरी को उन्हें जेल भेज दिया गया था। घटना 9 जनवरी की है, जब मधुबन थाना क्षेत्र के हिलटॉप आउटसोर्सिंग में रैयत और कंपनी प्रबंधन के गुर्गों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस दौरान गोलीबारी, बमबाजी और पथराव जैसी घटनाएं सामने आई थीं। प्राथमिक धमाबांध ओपी प्रभारी कमलेश कुमार की शिकायत पर कारू यादव, शेख गुड्डू समेत दोनों पक्षों के कुल 61 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। घटना के तुरंत बाद बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मुख्य आरोपी कारू यादव की गिरफ्तारी के लिए मौके पर पहुंचे, लेकिन वह फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने कुल नौ प्राथमिकी दर्ज की थी। अब सभी की निगाहें 18 मार्च को होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं, जब अदालत कारू यादव की जमानत पर फैसला सुनाएगी।

## झरिया में होली पर पानी चोरी, झमाडा जल संयंत्र की पाइपलाइन लीक कर चोरों ने की छेड़छाड़

जोड़ापोखर। झरिया और आसपास के क्षेत्रों में जल आपूर्ति करने वाली झमाडा जल संयंत्र केंद्र की 30 और 18 इंची पाइपलाइनों को होली के अवसर पर पानी चोरों ने कई जगहों पर लीक कर दिया। इस अवैध छेड़छाड़ के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। झमाडा जल संयंत्र कर्मियों ने बताया कि होरलाडीह में 30 इंची और जीतपुर में 18 इंची पाइपलाइन को जानबूझकर क्षतिग्रस्त किया गया ताकि चोरी से पानी लिया जा सके। इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए जोड़ापोखर पुलिस को इलाके में गश्त करनी चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति पाइपलाइन में छेड़छाड़ न कर सके। जब झमाडा जल संयंत्र के कर्मचारी स्थानीय लोगों से पूछताछ करने पहुंचे, तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई। कर्मचारियों ने शिकायत की कि उन्हें प्रशासन का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे पाइपलाइन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में कठिनाई हो रही है। होली का पर्व समाप्त होने के बाद सोमवार सुबह से पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया। झमाडा जल संयंत्र केंद्र के अधिकारी आशुतोष राणा ने बताया कि पाइपलाइन की मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया है, और यदि सब कुछ ठीक रहा तो सोमवार रात से पानी की आपूर्ति बहाल होने की संभावना है। मंगलवार तक जल वितरण व्यवस्था सामान्य कर दी जाएगी।

## अंबेडकर मिशन ऑगेर्नाइजेशन की बैठक संपन्न, संगठन के पदाधिकारी चुने गए

जोड़ापोखर। अंबेडकर मिशन ऑगेर्नाइजेशन धनबाद द्वारा झरिया विधानसभा के वार्ड संख्या 49, लक्ष्मी कोलियरी में संगठन के विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सलीम आजाद ने की, जबकि संचालन का दायित्व गणेश भारती ने निभाया। इस बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। मंच के निदेशक विद्यार्थी सिंह को बनाया गया, जबकि सलीम आजाद को अध्यक्ष चुना गया।

स्पीड न्यूज

## छात्रों के साथ हो रहे अन्याय पर भड़की एनएसयूआई

धनबाद। बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्राओं के बैग की जांच किए जाने पर एनएसयूआई ने कड़ी नाराजगी जताई है। संगठन के रोहित पाठक ने प्रबंधन की इस मानसिकता की निंदा करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपनी नाकामी छुपाने के लिए छात्र-छात्राओं को परेशान कर रहा है। चोरी रोकने में असमर्थ प्रशासन अब छात्रों पर संदेह कर रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने बताया कि आज विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर छात्रों के बैग की जांच की जा रही थी। जब इसका कारण पूछा गया तो जवाब मिला कि परिसर में लगातार हो रही चोरी को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या विश्वविद्यालय प्रशासन को छात्र चोर नजर आते हैं? अगर छात्रों के बैग की जांच की जा रही है तो प्रशासनिक पदाधिकारी, कैंटीन स्टाफ, टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के बैग की भी जांच होनी चाहिए। एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि छात्रों के साथ इस तरह का भेदभावपूर्ण व्यवहार बंद किया जाए और चोरी रोकने के लिए उचित सुरक्षा प्रबंधन किया जाए, न कि छात्रों को बिना कारण परेशान किया जाए।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की कैद, अदालत ने सुनाया फैसला

धनबाद। नाबालिग से दुष्कर्म के एक मामले में अदालत ने आरोपी को बीस वर्ष की कैद और दस हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। यह फैसला सोमवार को पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने सुनाया। इस मामले में आरोपी कोइरीबांध झरिया निवासी निहाल बर्मन को पहले ही 11 मार्च को दोषी करार दिया गया था। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 मार्च की तारीख तय की थी, जिसके बाद अब उसे कठोर कारावास की सजा दी गई है। यह मामला 5 सितंबर 2024 को झरिया थाने में पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार, 4 सितंबर को सुबह 8 बजे पीड़िता कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन दोपहर 12 बजे जब वह घर लौटी, तो उसने अपनी मां को बताया कि आरोपी उसे जबरन झरिया के एक लॉज में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने जांच के बाद 31 अक्टूबर 2024 को आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इसके बाद 6 दिसंबर 2024 को आरोप तय किए गए और अदालत में सुनवाई शुरू हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने पांच गवाहों को पेश किया, जिनकी गवाही के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए यह कठोर सजा सुनाई।

# बिजली संकट से परेशान महिलाओं ने किया प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

महुदा। महुदा के मुरलीडीह 20/21 पिट्स, महुदा बस्ती और मुरलीडीह क्षेत्र में बिजली संकट गहराता जा रहा है। इसी समस्या को लेकर सोमवार की सुबह इलाके की महिलाओं ने मुरलीडीह 20/21 पिट्स कोलियरी परिसर में प्रदर्शन किया और जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग उठाई। महिलाओं ने कोलियरी के फोरमैन पी.एन. तिवारी और एक अन्य कर्मी का घेराव कर अपनी नाराजगी जताई। अधिकारी द्वारा समस्या के समाधान का आश्वासन मिलने के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ,



लेकिन महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली की समस्या हल नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करेंगी।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही वार्ड सदस्य बेबी देवी ने बताया कि तीन महीने पहले अपराधियों ने इलाके में लगे 11,000 वोल्ट के ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर उसकी क्वायल चोरी कर ली थी। इस ट्रांसफार्मर से क्वार्टर और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति होती थी, लेकिन चोरी के बाद से पूरा इलाका अंधेरे में डूबा हुआ है। ट्रांसफार्मर को मरम्मत के लिए मुनीडीह भेजा गया था, लेकिन अब तक उसे वापस नहीं लाया गया। फिलहाल इलाके में एक अन्य ट्रांसफार्मर से केवल चार घंटे बिजली मिल रही है, जिससे भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर कई बार बीसीसीएल अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। महिलाओं ने साफ कहा कि यदि जल्द नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया और बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। प्रदर्शन में बेबी देवी, बसंती देवी, मेनका देवी, जुबेदा खातून, लीला देवी, अनिता देवी, रेशमा देवी, लक्ष्मी देवी, रेहाना परवीन, सहाना परवीन, बुधनी देवी, रश्मि देवी, सुदामी देवी, रजिया खातून और सुनैना देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

## तालाब में डूबने से दो छात्रों की मौत, परिजनों से मिले विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया के भौरा नगीना बाजार मोहलबनी पोखरिया तालाब में सीएफआरआई में पढ़ने वाले दो होनहार छात्र सुमित यादव और आदित्य यादव की डूबने से असमय मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

सुमित यादव (पुत्र सुरेश यादव) और आदित्य यादव (पुत्र किशोर यादव) दोनों ही मेहनती और प्रतिभाशाली छात्र थे, जिनका इस तरह असमय निधन पूरे परिवार और समाज के लिए गहरी क्षति है। घटना की सूचना मिलते ही झरिया विधायक रागिनी सिंह मृतकों के परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचीं। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विधायक ने परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में प्रशासन और वे स्वयं परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने प्रशासन से भी अनुरोध किया कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पोखरिया तालाब और अन्य जलाशयों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।

## सांसद ढुलू महतो ने ग्रीन मेट्रो सिस्टम को लेकर उठाए सवाल, सरकार से मिला सकारात्मक जवाब

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। सांसद ढुलू महतो ने लोकसभा में देशभर में मेट्रो नेटवर्क के नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय सुधारों को लेकर सरकार से महत्वपूर्ण जानकारी मांगी। उन्होंने सवाल किया कि क्या दिल्ली के अलावा अन्य शहरों में भी वर्टिकल बाइफेसियल सौर संयंत्रों और रूफटॉप सोलर सिस्टम के विस्तार की कोई योजना है। इसके साथ ही, उन्होंने जानना चाहा कि ग्रीन मेट्रो सिस्टम को भारत के 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य के साथ कैसे जोड़ा जा रहा है।



ढुलू महतो ने सरकार से यह भी पूछा कि मेट्रो निगमों द्वारा ऊर्जा-कुशल तकनीकों को अपनाने और पर्यावरण-अनुकूल भवन निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए कौन-कौन सी विशेष नीतियां और योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने जानना चाहा कि ग्रीन मेट्रो पहल में निजी क्षेत्र की क्या भूमिका होगी और क्या सरकार पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत नई योजनाओं पर विचार कर रही है।

सरकार की ओर से केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने जानकारी दी कि देश के विभिन्न मेट्रो नेटवर्क में 88 मेगावाट से अधिक क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं। दिल्ली मेट्रो में 50 किलोवाट के वर्टिकल बाइफेसियल सोलर पैनल भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति 2006 और मेट्रो रेल नीति 2017 के तहत सार्वजनिक परिवहन परियोजनाओं को अधिक ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा रहा है।

सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि ग्रीन मेट्रो सिस्टम को लागू करने में निजी क्षेत्र की भागीदारी महत्वपूर्ण होगी, और इस दिशा में रेस्को मॉडल के तहत मेट्रो स्टेशनों और अन्य सुविधाओं में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

ढुलू महतो ने सरकार की इन योजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि भारत में परिवहन प्रणाली को और अधिक टिकाऊ बनाने के लिए तेजी से कदम उठाने की जरूरत है ताकि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा सके और पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान हो सके।

# भाकपा माले का मुगमा में एग्यारकुंड प्रखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। भाकपा माले के एग्यारकुण्ड प्रखंड स्तरीय सम्मेलन 17 मार्च को मुगमा मोड स्थित डांक बंगला में संपन्न हुई। जिसमें सैंकड़ो प्रतिनिधियों ने भाग लिये। झंडोत्तोलन माले के वरिष्ठ नेता कॉमरेड उपेन्द्र सिंह ने किया।शहीद बेदी पर माल्यार्पण कर शहीदों के नाम पर दो मिनट मौन रखकर श्रध्दांजलि दी गई।

पांच सदस्यीय अध्यक्ष मंडल में नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन मलिक, पी एल मुर्मू, रामजी यादव व शिवानी दास थे। मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता माले के केंद्रीय कमिटि सदस्य सह निरसा विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी मुख्य रूप से मौजूद थे। अतिथि जिला सचिव कॉमरेड बिन्दा पासवान सह सचिव कॉमरेड कार्तिक प्रसाद, उपेन्द्र सिंह, आगम राम, टुन टुन मुखर्जी, लालू ओझा, संतू चटर्जी, गोपाल दास थे। दस्तावेज पर काफी संख्या में प्रतिनिधियों ने बहस में भाग लिए।

- उद्घाटन भाषण कॉमरेड उपेन्द्र सिंह ने दिया
- सम्मेलन के दस्तावेज पाठ्य कॉमरेड बादल बाउरी ने किया




**खास बातें:** मौके पर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता निरसा विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी ने कहा कि केंद्र के भाजपा सरकार के फांसीवाद को मुंहतोड जबाव देने के लिए देश व राज्य मे कम्युनिस्ट पार्टी को मजबूत करने के ख्याल से और कॉमरेड ए के राय के विचारधारा को बडे कम्युनिस्ट दायरे मे विकसित करने के लिए मासस को भाकपा माले मे शामिल किया गया है। निरसा की जनता के सपने को साकार रूप देने में हर सम्भव प्रयास करूंगा।

अंत में प्रवेक्षक के रूप में आए जिला उप सचिव कॉमरेड कार्तिक प्रसाद के देखरेख में कमिटि चुनाव कराया गया। प्रतिनिधियों के समर्थन से 53 सदस्यीय एग्यारकुण्ड प्रखंड कमिटि की गठन की गई। सर्वसम्मति से कमिटि ने कॉमरेड बादल बाऊरी को सचिव चुना।

इन्होने ने भी रखी अपनी बातें- आगम राम, आशानंद सिंह, विनय सिंह, संतू चटर्जी, आशा कुम्भकार श्यामापदो बाउरी, अभय प्रसाद, ग्याती श्रीवास्तव, सत्येन्द्र चौहान, पी एल मुर्मू, विश्वनाथ बाऊरी, लालू ओझा, बी के सिंह, सतीश बाउरी, तपन मलिक, मनीशंकर सेन, जगदीश शर्मा, रामजी यादव, मनोज राउत, नकुलदेव सिंह, मंगल महतो मौजूद थे।

# गौशाला शिव मंदिर में माता शीतला का धोक पूजन संपन्न

## भक्तों ने किया पारंपरिक अनुष्ठान

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। सिंदरी के गौशाला शिव मंदिर परिसर में माता शीतला की पुरातन प्रतिमा का पारंपरिक धोक पूजन भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटने लगे और माता शीतला के चरणों में धोक लगाकर पूजा-अर्चना की। भक्तजनों ने विधिपूर्वक बासी भोजन का भोग अर्पित किया और फिर प्रसाद ग्रहण किया।

ऐसी मान्यता है कि माता शीतला की कथा सुनने और बासी भोजन का प्रसाद ग्रहण करने से भक्तों पर माता की विशेष कृपा बनी रहती है। इसी श्रद्धा और विश्वास के साथ बड़ी संख्या में भक्त इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए।

पूजन कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजन किया और माता से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मंजू अग्रवाल, रेशमी अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, नीलम गोयल, सुनैना अग्रवाल, लीलावती देवी सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।



# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के साथ बैठक, बूथ एजेंट बनाने की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर समाहरणालय में सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) पीयूष सिन्हा ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों को जागरूक किया गया कि वे आम नागरिकों को मतदाता सूची में अधिक से अधिक योग्य व्यक्तियों का नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और मजबूत बनाया जा सके। एडीएम पीयूष सिन्हा ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य प्रारंभ हो चुका है और इसके सफल संचालन में सभी राजनीतिक दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने स्तर से लोगों को जागरूक करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी योग्य व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। इसके साथ ही, राजनीतिक दलों को प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए एक बूथ एजेंट नियुक्त करने का भी अनुरोध किया गया, जिससे चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाया जा सके। बैठक के दौरान निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न दिशा-निर्देश भी साझा किए गए। एडीएम ने पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया कि वे राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ एवं उत्तरदायी बने रहें और उनकी समस्याओं का समाधान नियमानुसार पारदर्शी तरीके से करें। इसके अतिरिक्त, बैठक में प्रपत्र 6, 7, 8 सहित अन्य आवश्यक प्रपत्रों की जानकारी दी गई, जिससे राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची में सुधार एवं अद्यतन करने की प्रक्रिया बेहतर ढंग से समझ में आ सके।

इस अवसर पर निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, डीसीएलआर दिलीप कुमार महतो, विभिन्न अंचलों के अंचल अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के नरेन्द्र त्रिवेदी, आजसू के रतिलाल महतो, आम आदमी पार्टी के राजेश कुमार, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल सहित अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने में सहयोग देने का आश्वासन दिया।

एक नजर में

## झामुमो ने सिंदरी में वार्ड कमेटियों का किया गठन, संगठन को मिलेगी मजबूती




**सिंदरी।** सिंदरी के रोहड़ाबांध स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय में सोमवार को संगठन के विस्तार के तहत वार्ड नंबर 53, 54 और 55 की नई कमेटियों का गठन किया गया। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सोहन सोरेन ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ नेता परशुराम सिंह ने किया। बैठक में झामुमो सिंदरी नगर प्रभारी रामू मंडल ने कहा कि वार्ड कमेटियों के गठन से पार्टी को स्थानीय स्तर पर मजबूती मिलेगी और संगठन जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करने में अधिक सक्षम होगा। इसके साथ ही, राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में भी वार्ड संगठन की अहम भूमिका होगी। इस नए संगठनात्मक विस्तार के तहत वार्ड नंबर 53 की कमेटी में नीतीश कुमार सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया है, जिसमें कुल 10 सदस्य शामिल हैं। वार्ड नंबर 54 की कमान मो. इकबाल खान को सौंपी गई है, जिनकी अध्यक्षता में 8 सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। वहीं, वार्ड नंबर 55 की अध्यक्षता श्यामलाल हेम्ब्रम को सौंपी गई है, जिसमें 5 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। इस अवसर पर झामुमो के कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मलाई चंद्र महतो, रोहित मंडल, नाजु सिंह, परमेश्वर मंडल, शिवलाल मुर्मू और विश्वजीत गोराई प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी ने संगठन के इस नए विस्तार का स्वागत किया और पार्टी को स्थानीय स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

## सिविल सर्जन पर घूसखोरी के आरोप में कांग्रेसी नेता ने हाई कोर्ट में दायर की याचिका

**धनबाद।** धनबाद के सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन पर सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के स्थानांतरण के नाम पर एक लाख रुपये घूस मांगने का गंभीर आरोप लगा है। इस मामले में कांग्रेसी नेता इजहार अहमद बिहारी ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने सिविल सर्जन के साथ-साथ उनके कार्यालय के लिपिक संजुत कुमार सहाय पर भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता ने झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी विपक्षी बनाया है। हाई कोर्ट ने याचिका को स्वीकार कर लिया है और मामले की सुनवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। याचिकाकर्ता इजहार अहमद बिहारी ने बताया कि उन्होंने 23 जनवरी 2025 को अपने वकील रजनीश कुमार झा के माध्यम से सिविल सर्जन को लीगल नोटिस भेजा था, लेकिन नोटिस का कोई जवाब नहीं मिला। इस वजह से उन्हें कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। यह मामला पिछले वर्ष हुए सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए गए तबादलों से जुड़ा है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब वे सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी यशोदा देवी के ट्रांसफर के संबंध में सिविल सर्जन से मिले, तो उनसे एक लाख रुपये की मांग की गई। इस घटना की लिखित शिकायत उपायुक्त माधवी मिश्रा से भी की गई थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि सरकारी सेवकों को रिश्वत मांगना शोभा नहीं देता और इससे सरकार की छवि धूमिल होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रांसफर और पोस्टिंग की पूरी जिम्मेदारी लिपिक संजुत कुमार सहाय को दी गई है, जो इस भ्रष्टाचार में शामिल हैं। इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री और अन्य वरीय अधिकारियों से भी की गई है। इस मामले पर जब सिविल सर्जन डॉ. चंद्रभानु प्रतापन से प्रतिक्रिया ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि कोई याचिका दायर की गई है, तो उसका जवाब हाई कोर्ट में दिया जाएगा।

## धनबाद मंडल के 27 कर्मचारियों को मिला संरक्षा पुरस्कार, उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित



धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को संरक्षा पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कमल किशोर सिन्हा ने फरवरी माह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 कर्मचारियों को सम्मानित किया। इन कर्मचारियों ने अपनी सतर्कता और मेहनत से रेल परिचालन को सुरक्षित बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। सम्मानित किए गए कर्मचारियों ने धनबाद मंडल के विभिन्न रेलखंडों में रेल फ्रैक्चर, हॉट एक्सल और अन्य संरक्षा संबंधी मुद्दों की पहचान कर संभावित दुर्घटनाओं को टालने में अहम भूमिका निभाई। इनकी सजगता और सतर्क निगरानी के कारण रेल संचालन में आने वाली कई समस्याओं और असामान्य स्थितियों से बचाव संभव हो सका। इस विशेष अवसर पर मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की सराहना की और उनके योगदान को मंडल की संरक्षा और सुचारू रेल परिचालन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। समारोह के दौरान कर्मचारियों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा करते हुए डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि संरक्षा भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है और ऐसे कर्मठ कर्मचारियों के प्रयासों से ही रेल सेवा अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बनती है। यह आयोजन कर्मचारियों के उत्साहवर्धन के साथ-साथ संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की रेलवे की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है, जिससे रेल यातायात और यात्रियों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

## कनक ज्वेलर्स से लाखों के आभूषण चोरी

**कतरास।** कतरास में एक सनसनीखेज चोरी की घटना सामने आई है, जहां शहर के प्रतिष्ठित कनक ज्वेलर्स की दुकान से लगभग 14 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली गई। इस वारदात ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। खास बात यह है कि अपराधियों ने ताला तोड़कर नहीं, बल्कि ताला खोलकर चोरी को अंजाम दिया, जिससे यह संदेह गहरा गया है कि घटना में कोई अंदरूनी व्यक्ति शामिल हो सकता है। सोमवार सुबह जब कनक ज्वेलर्स के मालिक दिलीप कुमार वर्मा ने अपनी दुकान खोली, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ था और लाखों के आभूषण गायब थे। सामान के मिलान के बाद पता चला कि चोर 14 किलो चांदी, 80 ग्राम सोना और 2000 रुपये नगद के अलावा अन्य बहुमूल्य आभूषण भी ले गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने दुकान के स्टाफ कन्हैया को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, ताकि चोरी से जुड़े किसी भी सुराग तक पहुंचा जा सके। इसके साथ ही, पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है, जिससे अपराधियों की पहचान की जा सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम को भी जांच में लगाया गया है, ताकि अपराधियों तक पहुंचा जा सके। इस चोरी की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है, और व्यापारी वर्ग के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पुलिस हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा होगा।

स्पीड न्यूज

## बिहार सीड फंड के फाइनल राउंड में बीआईटी सिंदरी का स्टार्टअप क्यू आर वेड्स




**सिंदरी।** सिंदरी के बीआईटी संस्थान के छात्र आर्यन और उनकी टीम के स्टार्टअप क्यू आर वेड्स को बिहार सरकार के उद्योग विभाग द्वारा आयोजित बिहार सीड फंड के फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया है। यह आयोजन 19 मार्च को पटना में होगा, जहां देशभर के तकनीकी संस्थानों के चयनित स्टार्टअप्स अपने आइडिया का प्रजेंटेशन देंगे। क्यू आर वेड्स का श्लोगन हर घर की शादी, हमारी जिम्मेदारी है। यह स्टार्टअप शादी की तैयारियों को डिजिटल, आसान और यादगार बनाने का काम करता है। क्यू आर कोड वेडिंग कार्ड के माध्यम से मेहमानों को वेन्यू तक पहुंचने में मदद मिलती है, साथ ही यह ऑनलाइन गिफ्ट खरीदारी की सुविधा भी देता है। इसके अलावा, कैटरिंग, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, आतिशबाजी और डेकोरेशन जैसी सभी सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराई जाती हैं। स्टार्टअप के संचालक आर्यन ने बताया कि बिहार सीड फंड के लिए पूरे देश से 300 स्टार्टअप्स ने आवेदन किया था। 11 मार्च को आयोजित टेस्ट के बाद अंतिम राउंड के लिए सिर्फ 10 स्टार्टअप्स को चुना गया, जिसमें क्यू आर वेड्स भी शामिल है। अब 19 मार्च को पटना में स्टार्टअप का प्रजेंटेशन होगा, जिसके आधार पर बिहार सरकार का उद्योग विभाग चयनित स्टार्टअप्स को 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। आर्यन और उनकी टीम, जिसमें मो. इबरान, अर्शदूल कादरी और अनीष शामिल हैं, इस प्रजेंटेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। उनका उद्देश्य शादी के हर पहलू को डिजिटल और सुविधाजनक बनाना है, जिससे लोगों का समय और मेहनत दोनों बच सके। बीआईटी सिंदरी के इस नवाचार को लेकर छात्रों और संस्थान में उत्साह का माहौल है, और सभी को उम्मीद है कि क्यू आर वेड्स बिहार सीड फंड में सफलता हासिल करेगा।

## कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मी का फंदे से लटकता मिला शव

**धनबाद।** बरटांड स्थित सीपी सिंह इंक्लेव में सोमवार को एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत राजीव सिंह का फंदे से लटकता शव मिला। सदर थाना की पुलिस ने घर के कमरे से शव को बरामद किया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए एस एनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में संपत्ति विवाद को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।वहीं मृतक की मां सावित्री सिंह ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण राजीव काफी समय से तनाव में था। राजीव मेरे साथ ही इस घर में रहता था, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे बिनोद नगर स्थित दूसरे आवास में रहती हैं। वह पिछले एक साल से कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कर रहा था। इससे पहले वह 25 वर्षों तक एक दवा कंपनी में नौकरी करता था। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा नेता मनोज मालाकार, जो राजीव के मित्र थे, मौके पर पहुंच पुलिस को सूचित किया था।

# मधुबन मे अवैध कोयला लदी बाइक की टक्कर से तीन जख्मी, सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में अवैध कोयला ढुलाई में लगी मोटरसाइकिल की टक्कर से दो छात्राओं समेत एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा खरखरी रेलवे पुल के पास हुआ, जब कोयला लदी तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने दुर्घटना का विरोध करते हुए कोयला लदी बाइक को आग के हवाले कर दिया और महुदा-नावागढ़ मुख्य सड़क को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने अवैध कोयला कारोबार पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। घायलों में छात्रा स्वाति कुमारी को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे निचितपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि दूसरी छात्रा अंजली और युवक संतोष कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने मौके से कोयला ढोने वाली बाइक के चालक को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर अवैध कारोबार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि मधुबन थाना क्षेत्र के फुलारीटांड़ और आशा कोठी इलाकों से दिनभर मोटरसाइकिलों के जरिए कोयला ढुलाई कर अवैध डिपो तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों की जान-माल पर खतरा मंडरा रहा है। जख्मी छात्रा स्वाति कुमारी ने बताया कि वह अपनी सहेली और चाचा के साथ कोचिंग के लिए कतरास जा रही थी, जब कोयला लदी बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी।

घटना के बाद पुलिस से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन मधुबन थाना प्रभारी ने फोन नहीं उठाया। घटना को लेकर स्थानीय विधायक शत्रुघ्न महतो ने राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि झारखंड में अवैध खनन और कोयला तस्करी पर रोक लगाने में प्रशासन पूरी तरह विफल है। उन्होंने यह मामला विधानसभा में उठाने की बात कही।

आजसू के जिला प्रधान सचिव और सांसद प्रतिनिधि रामा शंकर तिवारी ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के कारण ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से इस अवैध धंधे पर अविलंब रोक लगाने की मांग की।

## अंबेडकर मिशन ऑगेर्नाइजेशन की बैठक संपन्न, कमेटी का पुनर्गठन

**समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** अंबेडकर मिशन ऑगेर्नाइजेशन धनबाद की ओर से झरिया विधानसभा के वार्ड संख्या 49 लक्ष्मी कोलियरी में कमेटी के पुनर्गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सलीम आजाद ने की, जबकि संचालन गणेश भारती ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से संगठन के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। मंच के निदेशक विद्यार्थी सिंह को बनाया गया, जबकि अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सलीम आजाद को दी गई। उपाध्यक्ष के रूप में बृजेश कुमार, शशि भूषण पासवान, जागेश्वर दास और योगेश यादव को चुना गया। गणेश भारती को सचिव और राजेश रंजन को उप सचिव नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष पद पर बबलू दास राम जी प्रसाद को जिम्मेदारी दी गई।

बैठक में संगठन को और मजबूत बनाने और सामाजिक मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने पर चर्चा की गई। संयोजक सुभाष बावरी और सह संयोजक जितेंद्र पासवान, मनोज रजक, उदित भैया, संजीत निषाद, महेंद्र भैया, नकुल बावरी, जंग बहादुर, भागीरथ और जागेश्वर यादव समेत अन्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभा में संगठन की भावी रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया और समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## जोड़ापोखर के बरारी सराफतपुर में फायरिंग की घटना, पिट वाटर विवाद में बढ़ा तनाव

खबर मन्त्र संवाददाता



**झरिया।** झरिया के जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बरारी सराफतपुर में सोमवार शाम तीन राउंड फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। दो असामाजिक तत्वों मुल्तान अंसारी और राजू अंसारी के बेटों के बीच पिट वाटर भरने को लेकर शुरू हुआ विवाद इस हद तक बढ़ गया कि मारपीट के साथ गोलीबारी तक हो गई। घटना के बाद राजू अंसारी के परिजनों ने जोड़ापोखर थाना में शिकायत दर्ज कराई है।


राजू अंसारी की बहन गुड़िया खातून ने बताया कि रविवार को पिट वाटर भरने को लेकर मुल्तान के बेटे बुलेट राजा से उनके भाई अरमान की कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद को लेकर सोमवार की शाम बुलेट राजा अपने समर्थकों के साथ पिस्टल लेकर राजू के घर पहुंच गया और अरमान को खोजने लगा। लेकिन अरमान के घर में नहीं मिलने पर गुस्साए लोगों ने घर में घुसकर गुड़िया खातून, बेबी खातून और आठ वर्षीय डुगु को लाठी-डंडों से पीटा। भागने के क्रम में दीवार पर दो गोलियां और दरवाजे पर एक गोली चलाई गई। गुड़िया ने अपनी शिकायत में बताया कि इस हमले में बुलेट राजा के साथ मुमताज, बिटु, वाहिद, मजीद और जुबेर भी शामिल थे।

वहीं, दूसरी ओर बुलेट राजा के पिता मुल्तान अंसारी ने घटना से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि रविवार शाम पांच बजे अरमान उनके दरवाजे पर गाली-गलौज कर रहा था और पिट वाटर का नल काटने की कोशिश कर रहा था, जिसके बाद कुछ युवकों ने उसे खदेड़ दिया। सोमवार की शाम जो फायरिंग की घटना हुई, उससे उनका कोई लेना-देना नहीं है।

घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। जोड़ापोखर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया कि गुड़िया खातून की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। इलाके में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती कर दी गई है और दोषियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## हर सुख-दुख में साथ खड़े बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, जनता की सेवा में लगातार सक्रिय

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** धनबाद के बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो अपने सेवा भाव और जनसंपर्क को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। वे न केवल अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में शामिल हो रहे हैं, बल्कि हर संभव मदद भी पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को विधायक शत्रुघ्न महतो ने निमतल्ला निवासी पिंकु गुप्ता के घर पहुंचकर उनके परिवार को सांत्वना दी। हाल ही में वेल्लोर में इलाज के दौरान पिंकु गुप्ता की धर्मपत्नी का निधन हो गया था, जिससे पूरा परिवार शोक में था। विधायक ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इसके बाद वे निमतल्ला निवासी मनोज सिंह के घर पहुंचे, जिनके पुत्र की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। विधायक ने शोक संतप्त परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और इस कठिन समय में हर प्रकार की सहायता का आश्वासन दिया। इसी क्रम में विधायक निजी अस्पताल में भर्ती जिला परिषद सदस्य जितेश रजवार से भी मिलने पहुंचे। उन्होंने न केवल मरीज का हालचाल जाना, बल्कि उनके इलाज कर रहे चिकित्सक से मुलाकात कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी भी ली। उन्होंने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## दिव्यांग नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास मामले मे दोषी करार

**धनबाद।** दिव्यांग नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के प्रयास के एक संवेदनशील मामले में अदालत ने आज अपना फैसला सुनाया। धनबाद पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत के न्यायाधीश प्रभाकर सिंह ने महाराजगंज निवासी 60 वर्षीय अमृत पाल को दोषी करार दिया है। सजा सुनाने के लिए मंगलवार की तारीख तय की गई है। पीड़िता एक मंदबुद्धि और गूंगी लड़की है, जो बोल या समझ नहीं पाती। घटना के दौरान पीड़िता की माँ बाजार गई हुई थी, तभी आरोपी अमृत पाल उसके घर में घुस गया और पीड़िता के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इस दौरान पीड़िता जख्मी भी हो गई। चूंकि पीड़िता बोल नहीं सकती थी, उसने अदालत में इशारों में अपना बयान दिया। फॉरेंसिक जांच में पीड़िता और आरोपी के कपड़ों पर लगे खून के निशान मिले, जिसने आरोपी की गुनाहगारी को पुख्ता कर दिया। पुलिस ने 24 दिसंबर 2024 को आरोप पत्र दायर किया और 15 जनवरी 2025 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई। अभियोजन पक्ष ने मामले में 8 गवाहों का परीक्षण कराया। अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाने के लिए मंगलवार की तारीख तय की है। यह मामला समाज में दिव्यांगों के प्रति हो रहे अत्याचारों की गंभीरता को उजागर करता है और न्यायिक प्रक्रिया की सख्ती की ओर इशारा करता है।

# सिंदरी की आवासीय समस्याओं को लेकर सांसद ने केंद्रीय मंत्री से किया हस्तक्षेप का अनुरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** धनबाद सांसद ढुलू महतो ने सिंदरी की आवासीय समस्याओं को लेकर केंद्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जे. पी. नड्डा को आवेदन देकर इस मुद्दे पर पुनर्विचार और हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। सांसद ने मंत्री को अवगत कराया कि एफसीआई के पांच उपक्रमों को वर्ष 2002 में बंद घोषित किया गया था, जिसके बाद सिंदरी के निवासियों को आवास से संबंधित गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सांसद प्रो. रीता वर्मा के अनुरोध पर तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री सह उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, उर्वरक एवं रसायन मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा, रसायन एवं उर्वरक सचिव नृपेंद्र मिश्रा तथा एफसीआई सीएमडी सुधीर कृष्णा ने मिलकर यह सुनिश्चित किया था कि सिंदरी में वीएसएस कर्मियों, उनके नामित व्यक्तियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों, उनके आश्रितों तथा स्थानीय व्यवसायियों को 33 वर्षों की लीज पर आवास आवंटित किए जाएं। लेकिन वर्तमान एफसीआई प्रबंधन ने 2003 में लिए गए इस निर्णय के विपरीत कार्य करते हुए, मनमानी शर्तों पर केवल 11 माह के लिए लीज पर आवास आवंटित करना शुरू कर दिया है। सांसद ने केंद्रीय मंत्री से इस मामले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है, ताकि सिंदरी के नागरिकों को आवास संबंधी सुरक्षा प्रदान की जा सके और उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। इस बीच, सांसद ढुलू महतो ने केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री सह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल से भी बातचीत की और उन्हें डोमगढ़ में बेदखली को लेकर 18 मार्च से शुरू की जा रही पीपी कोर्ट की कार्रवाई से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने 18 मार्च, मंगलवार को कार्यालय खुलने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मुद्दे पर चैंबर ऑफ कॉमर्स के नगर अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू और डोमगढ़ बचाओ मोर्चा अध्यक्ष धीरज सिंह ने सांसद से मुलाकात कर उन्हें सिंदरी की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। सांसद ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत सक्रियता दिखाते हुए एक सकारात्मक पहल की। इस संदर्भ में धीरज सिंह ने डोमगढ़वासियों से आग्रह किया कि वे सांसद के पूर्व के बयान के अनुसार पीपी कोर्ट की कार्यवाही में शामिल न हों। सिंदरी की आवासीय समस्या और डोमगढ़ में बेदखली के खिलाफ इस प्रयास से सांसद ने स्थानीय निवासियों को राहत दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाया है। अब लोगों की निगाहें केंद्रीय मंत्रियों द्वारा लिए जाने वाले निर्णय पर टिकी हैं, जिससे उनके भविष्य को सुरक्षित करने की उम्मीद की जा रही है।

स्पीड न्यूज

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने किया पीड़ितों के घर का दौरा

**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा की चार सदस्यीय टीम कृष्णानंद दुबे के नेतृत्व में गोदरमना बाजार में विगत 10 मार्च को घटित अगलगी की घटना के पीड़ितों के घर का दौरा किया। इस दौरान विश्रामपुर पंचायत निवासी जगदीश केरकेट्टा जिनकी पुत्री सुशीला केरकेट्टा, गोदारमना निवासी पटाका दुकानदार कुश कुमार, विकाश कुमार केशरी जिनके दो पुत्र आयुष केशरी 10 साल और पियूष केशरी 8 साल की हादसे के दौरान मौत हो गई थी के घर पहुंचे। इस दौरान पीएलवी महेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में रामजन्म सिंह पिता तेजू सिंह के द्वारा अपनी पत्नी की कुदाल से मार कर हत्या कर दिया गया था। जिसकी गिरफ्तारी करा दी गई। मृतका बेवी देवी के बच्चों के लालन पालन हेतु स्पॉन्सरशिप योजना के लिए आवश्यक कागजात बनवाने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर पीएलवी सुधीर चौबे, राजेश कुमार चौधरी, अमरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

## डंडई में जरूरतमंद को नहीं मिला अबुआ आवास

**डंडई।** प्रखंड में कई गरीब तबके के लोगों को सरकारी आवास आज तक नहीं मिल सका। मजबूरन लोग मिट्टी के टूटे-फूटे जर्जर घर में रहने को विवस हैं। कुछ लोग अबूआ आवास या प्रधानमंत्री आवास नहीं मिलने से झोपड़ी नुमा मिट्टी का घर का भी निर्माण कर रहे हैं। तसरार के महुदंड निवासी हरिवंश राम ने बताया कि हम लोग बहुत गरीब आदमी हैं। मेरे पांच बेटे हैं जो वर्षों से अलग-अलग जर्जर घरों में रहते हैं और हमारा घर भी ध्वस्त हो चुका है। फिर भी किसी को अभी तक कोई आवास नहीं मिला। वहीं ग्रामीण महिला सुमित्रा देवी ने बताया कि हम आवास विहीन हैं मजबूरन किसी तरह मिट्टी का घर निर्माण कर रहे हैं। बताया कि आवास के लिए हम लोग मुखिया, बीडीसी सहित पंचायत कर्मियों के पास कई बार गुहार लगाया। परंतु आज तक ना तो अबूआ आवास मिला और ना ही प्रधानमंत्री आवास मिला। मजदूर लालो देवी, मालती देवी,उर्मिला देवी, लाल जी राम ने बताया कि डंडई प्रखंड में गरीबों को अबूआ आवास योजना नसीब नहीं हुआ क्योंकि गरीब लोग मुखिया और साहबों को घूस नहीं दे सके। प्रखंड में जो लोग 20000 से 30000 रुपए घूस दिया। उसी को अबुआ आवास प्राथमिकता सूची में रखा गया और उसी को अबूआ आवास मिला। मामले में बीडीओ देवलाल करमाली ने कहा कि अभी तक मेरे पास उस तरह का लिखित शिकायत नहीं मिला है। यदि वे लोग आवास से वंचित हैं तो प्रधानमंत्री आवास का सर्वे हो रहा है, उससे उन लोगों को जोड़ा जाएगा और आवास मुहैया कराया जाएगा।

## अरसली उत्तरी पंचायत में इफ्तार पार्टी का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के कई गणमान्य लोग और स्थानीय लोग शामिल हुए। मौके पर गढ़वा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक कमेटी के जिला अध्यक्ष खुर्शीद आलम ने कहा कि समाज सेवा ही सबसे बेहतरीन पूजा है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने हमें जो ताकत दी है, उसका इस्तेमाल अच्छे कर्मों में करना चाहिए, ताकि समाज की भलाई हो सके। उन्होंने इस अवसर पर सभी से आग्रह किया कि वे एक-दूसरे की मदद करें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। आयोजकों ने इस आयोजन को एकता और सामूहिकता का प्रतीक बताया। मौके पर शकील अहमद, अफजल अंसारी, इरशाद खान, जमील अहमद, डॉ सफदर अली, नौशाद खान, वारिश खान, सुहैल अंसारी, अरमान खान, महफूज आलम, ऐनुल खान, इरफान आलम, हाजी शेख सिराजुद्दीन, आशिक अंसारी, मौलाना अफरोज साहब, हाजी कुर्बान अंसारी, अख्तर अंसारी, तोहिद खान, करार खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

### 19-20 मार्च को होगा राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन, राज्य एवं देश के प्रसिद्ध कलाकार करेंगे शिरकत

# डीसी ने प्रचार वाहन को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने समाहरणालय परिसर से श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाईं बाग मैदान में 19 एवं 20 मार्च को किया जाना है। दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन में अधिकाधिक संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए मीडिया, सोशल साइट्स, अन्य माध्यमों समेत जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार वाहन से भी वृहद प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है।

महोत्सव के आयोजन से संबंधित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। दो दिवसीय उक्त राजकीय महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें मनमोहक गायन एवं नृत्य की प्रस्तुति राज्य व देश के विभिन्न प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जायेगा। इसके अलावे जिले के विभिन्न स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देकर कला का प्रदर्शन करेंगे। श्री बंशीधर महोत्सव में 19 मार्च को आर्यन महाकाल (राधे कृष्णा एंट्री), बिपिन मिश्रा एंड ग्रुप (शंख नाद), न्यू झारखण्ड कला संगीत सृजन केंद्र (नागपुरी नृत्य), नटराज कला केंद्र (छऊ नृत्य), आर्यन महाकाल ग्रुप (कृष्णा लीला), अनुपमा यादव (भोजपुरी सिंगर), पूजा चटर्जी (इंडियन आइडल सीजन 3 फाइनलिस्ट) एवं सलमान अली (इंडियन आइडल सीजन 10वी विजेता) अपनी प्रस्तुति देंगे। जबकि 20 मार्च को गंगा आरती 15 लोग (गंगा आरती वाराणसी), शशांक शेखर (इंडियन सेमि क्लासिकल सिंगर), मानभूम संस्कृति समिति (पाइका नृत्य), राजीव निगम (कॉमेडियन), जॉली मुखर्जी (बॉलीवुड सिंगर), रजत आनंद एवं हेमंत बृजवासी (विजेता सा रे गा मा पा) की प्रस्तुति होगी। उक्त कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। डीसी श्री जमुआर ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने के लिए, जिले एवं राज्य के लोगों से अपील किया है।

मौके पर एसी राज महेश्वरम, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला नजारत उप समाहर्ता धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल प्रेमलाल सिंह, डीपीएम जेसलपीएस विमलेश शुक्ला समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# श्री रामलला मंदिर में होगा भव्य श्री रामनवमी महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में पदाधिकारी एवं सदस्य

**गढ़वा।** श्री रामलला मंदिर सोनपुरवा में श्री रामनवमी महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया जाएगा। नौ दिनों तक श्री रामचरित्र मानस पाठ और विद्वान आचार्य द्वारा प्रवचन का भी आयोजन होगा। महोत्सव के अंतिम दिन यानि नवमी को गढ़वा शहर और आसपास से निकलने वाले अखाड़ा जुलूस का स्वागत किया जाएगा। महोत्सव में गढ़वा के गणमान्य महानुभावों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा। यह निर्णय श्री रामल्ला मंदिर समिति की बैठक में लिया गया।

श्री रामल्ला मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार श्री रामचरित मानस पाठ और रामकथा प्रवचन के लिए वृन्दावन के विद्वान आचार्य श्री संजय कृष्ण शास्त्री को आमंत्रित किया गया है।

रामनवमी महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाने पर बल दिया गया। श्री रामनवमी जुलूस का समापन श्री रामल्ला मंदिर में ही होता है। इस ख्याल से सभी अखाड़ा के अध्यक्ष और सचिव को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही महोत्सव में स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारियों, समाजसेवियों, अपने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय महानुभावों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में महोत्सव के आयोजन का बजट तैयार किया गया। साथ ही पदाधिकारियों और सदस्यों से आग्रह किया गया कि मंदिर के दूसरे तल के निर्माण कार्य में आर्थिक सहयोग करने और लोगों से सहयोग कराने की अपील की गई। इसके अलावे बैठक में अन्य कई निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय ने की। बैठक में संरक्षक दिलीप कमलापुरी, उपाध्यक्ष नन्द कुमार गुप्ता, सुदर्शन सिंह, सचिव धनंजय सिंह, सह सचिव सत्यनारायण दुबे, कोषाध्यक्ष धनंजय गोंड, कार्यक्रम प्रमुख किशोर सिंह, विकास दुबे, आशीष अग्रवाल, अवधेश कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## बच्चों को दी गई विधिक जानकारी

**रमना।** प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा भारी बजट पास किया है। लेकिन रमना प्रखंड के बहियार कला पंचायत के सपही उत्क्रमित मध्य विद्यालय की स्थित सुधरने का नाम नहीं ले रहा। इस विद्यालय में वर्ग एक से लेकर वर्ग सात तक के बच्चों की शिक्षा व्यवस्था एवं कागजी कामकाज के लिए दो शिक्षक है। जिनके भरोसे करीब 256 बच्चों का भविष्य है। इस क्रम में वर्ग सातवीं के बच्चों ने बताया कि हमलोगो को एमडीएम मेनू के अनुसार पौष्टिक आहार दो वर्षो से नहीं मिल रहा है, केवल दाल चावल एवं सब्जी ही दिया जाता है।

## अंचल कमेटी का गठन

मझिआंव। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा अंचल कमेटी गठन के लिए विशेष बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कामरेड राहुल बैठा के द्वारा किया गया। इस बैठक में जिला से आए रामेश्वर प्रसाद अकेला, श्रीराम, रामनाथ उरांव, गोपाल यादव, विद्या पासवान ने सबसे पहले भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल मझिआंव के सचिव एवं सहायक सचिव का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में भानु प्रताप पासवान को अंचल सचिव एवं बसंत चंद्रवंशी को सहायक सचिव बनाया गया। चयन प्रक्रिया के बाद प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सचिन भानु प्रताप पासवान ने कहा कि जिला से आए सभी पदाधिकारी ने कहा कि 24 मार्च को झारखंड विधानसभा की मार्च में हिस्सा लें।

# ज्योतिकलश रथयात्रा का मझिआंव में स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



स्वागत करते लोग

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर पवित्र ज्योति कलश रथ यात्रा गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करते हुए सोमवार को मझिआंव पहुंचा। इस दौरान मझिआंव शहर में आने के पहले ही गायत्री परिवार के प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में खजूरी गांव में अशोक साह, दिलीप सिंह, विष्णु देव प्रजापति, देवधारी महतो, जयशंकर प्रजापति एवं सुनरदेव राम सहित अन्य कई गायत्री परिजनों द्वारा ज्योति कलश रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद ज्योति कलश रथ प्रज्ञापीठ आमर के लकड़ही टोले पर पहुंचा। जहां पर प्रज्ञा पुत्रों द्वारा रथ यात्रा में सवार माता गायत्री की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद ज्योति कलश मझिआंव बाजार में पहुंचा। जहां पर माता गायत्री की आरती की गई। इस संबंध में ज्योति कलश के साथ शांतिकुंज हरिद्वार से आये राजकुमार कुशवाहा एवं अशोक महाराज ने बताया कि चमत्कारी शक्तियों से ओतप्रोत इस धरती के सबसे शक्तिशाली मंत्र गायत्री महामंत्र के माध्यम से मनुष्य में देवता का उदय एवं धरती पर स्वर्ग का अवतरण हेतु अखिल विश्व शांतिकुंज हरिद्वार से चलकर यह ज्योति कलश रथ यात्रा पूरे देश में घूम रहा है। यह ज्योति कलश रथ प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिला प्रखंड एवं पंचायत में घुम रहा है। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण है। उन्होंने बताया कि ज्योति कलश गढ़वा, रमना, नगर ऊंटारी, भवनाथपुर एवं बिशुनपुरा प्रखंड होते हुए यह ज्योति कलश रथ प्रत्येक पंचायत में जाकर लोगों को गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के संदेशों को पहुंचाएगा। मौके पर गायत्री परिवार के केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी, युवा मंडल के जिला संयोजक वीरेंद्र सोनी, बेचन राम, अशोक चौरसिया, सुनीता चौरसिया, रिंकी देवी, धर्मशिला देवी, सीमा दुबे, सीमा सोनी, बबीता देवी, संध्या देवी, सरस्वती देवी, चिंता देवी सहित कई गायत्री परिजन उपस्थित थे।

## जल एवं स्वच्छता समिति के कार्यो का डीसी ने किया समीक्षा, दिये निर्देश



बैठक करते डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति के बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कार्यों का समीक्षा हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में कार्यपालक अभियंता 01 एवं 02 को निर्देश दिया गया कि योजना के अंतर्गत दिसंबर तक सभी गांवों को ओड्फ प्लस घोषित करना एवं छुटे हुए लाभुकों को शौचाल स्वीकृत करें। साथ ही साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जन-मन योजना के सभी लाभुकों का शौचालय स्वीकृत करने हेतु निर्देश दिया गया। समुदाय स्तर पर निर्मित सामुदायिक शौचालय की मरम्मति हेतु प्रति प्रखंड में एक-एक योजना को चिन्हित कर उसका प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिया गया। पंचायत स्तर पर निर्मित सेग्रीगेशन शेड तथा त्रि-साइकिल का संचालन कराने हेतु सभी कनीय अभियंता को एक एक पंचायत में सुचारू रूप से संचालन तथा सहयोग राशि प्राप्त करने हेतु लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। जल जीवन मिशन के तहत ग्रीष्म काल का आगमन की स्थिति को देखते हुए बंद पड़े सभी चापाकलों का युद्ध स्तर पर मरम्मति कराना है। हर घर जल सत्यापन कार्य में गति लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं को संबंधित ग्राम जल स्वच्छता समिति को समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया।

# चाकूबाजी में दो सगे भाई समेत तीन जखमी

### ठेला संचालक व उसके बेटे पर हमले का आरोप, एक रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता



इलाजरत घायल

**दुमका।** मोमोज का विवाद इतना बढ़ गया है कि दो भाई और ठेला संचालक आपस में उलझ गए। घटना शहर के बीचोबीच नगर थाना से महज चंद कदम दूर रविवार को देर शाम घटी। जहां जमकर मारपीट के बाद चाकूबाजी हुई। चाकूबाजी की घटना में दो सगे भाई समेत तीन लोग जख्मी हो गए। एक युवक मनीष सिंह को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। हमला का आरोप ठेला संचालक सौरभ पाठक और उसके पिता पर लगा है। देर शाम तक सौरभ ने दोनों भाईयों पर हमले करने का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया है। पुलिस दूसरे पक्ष के आवेदन का इंतजार कर रही है। दरअसल सौरभ पाठक की जेल व नगर थाना के बीच नाश्ते की चलती फिरती दुकान ठेला पर लगाता है। रात करीब नौ बजे दुर्गास्थान परिसर में रहने वाले नवीन सिंह के दोनों बेटे मनीष व सौरभ सिंह मोमोज खाने के लिए पहुंचे। ठेला पर काम करने वाले युवक ने बताया कि मोमोज खत्म हो गया है। इस बात को लेकर दोनों भाईयों की दुकान के कर्मी से बहस हो गई। दोनों भाई ने कर्मी की पिटाई कर दी।

जब इसकी जानकारी संचालक सौरभ पाठक को मिली तो वह भी पिता के साथ पहुंचा। सौरभ ने जान मारने की नीयत से दुकान में रखा चाकू निकालकर मनीष पर हमला कर दिया। मनीष ने बचाव किया तो चाकू सिर में लग गया। मारपीट में सौरभ सिंह भी घायल हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हालत अधिक खराब होने की वजह से मनीष को परिजनों बेहतर इलाज के लिए बाहर ले गए। पुलिस का कहना है कि अभी दुकानदार की ओर से ही आवेदन मिला है। दूसरे पक्ष का आवेदन मिलने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

# श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर विधायक पर तीखा कटाक्ष

खबर मन्त्र संवाददाता



भानु प्रताप शाही

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने आगामी 19 मार्च से आयोजित श्री बंशीधर महोत्सव के आयोजन को लेकर स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव किसी राजनीतिक दल विशेष, जैसे झामुमो और कांग्रेस का निजी आयोजन नहीं है, बल्कि एक सरकारी कार्यक्रम है, जिसकी शुरूआत पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास, सांसद बीडी राम और मेरे कार्यकाल में अथक प्रयास से किया गया था। जिसे पारदर्शिता और भव्यता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। भानु प्रताप शाही ने कहा कि पूर्व में इस महोत्सव को उच्च स्तर पर आयोजित किया जाता था, जिसमें देश-विदेश के ख्याति प्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुति देते थे। इससे श्री बंशीधर महोत्सव को एक अलग पहचान मिलती थी और इस क्षेत्र की प्रतिष्ठा भी बढ़ती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव और जिला प्रशासन की लापरवाही के कारण महोत्सव की भव्यता प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि इस बार कार्यक्रम में केवल स्थानीय कलाकारों को आमंत्रित किया गया है, जिससे आयोजन का स्तर गिर गया है। शाही ने आरोप लगाया कि महोत्सव के नाम पर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है और इसका बंदरबांट हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह महोत्सव जनता के लिए है न कि कुछ लोगों के व्यक्तिगत लाभ के लिए। भानु प्रताप शाही ने विधायक और उनके परिवार पर श्री बंशीधर मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस अतिक्रमण के कारण मंदिर के विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को असुविधा हो रही है, बल्कि मंदिर की ऐतिहासिक गरिमा भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने विधायक और प्रशासन से मांग की कि इस महोत्सव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आयोजित किया जाए और मंदिर के विकास में बाधा डालने वाले तत्वों पर कड़ी कार्रवाई हो।

## पांच कुंडीय रुद्र श्री विष्णु महायज्ञ की तैयारी पूर्ण, कलश यात्रा कल

**सगमा।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित तेजवा पहाड़ पर आगामी बुधवार से पांच कुंडीय रुद्र विष्णु महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए महायज्ञ के अध्यक्ष सह भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि सौभाग्य की बात है कि सगमा के रमणीक स्थल तेजवा पहाड़ पर चक्र माधव गद्दा माधव मंदिर प्रयाग राज के महंत श्री अवधेस दास जी महराज लके नेतृत्व में श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ का आयोजन आगामी बुधवार से होने जा रहा है।

खबर एक नजर में

## दो पक्षों में जकमर मारपीट, 17 घायल

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत भखरा गांव में होली के दौरान शनिवार को दो पक्षों में मारपीट हो गयी, जिसमें 17 लोग घायल हो गये। वहीं घायलों में 21 वर्षीय निगम कुमार, 76 वर्षीय भगवान दास, 18 वर्षीय आकाश कुमार, 45 वर्षीय पृथ्वी सिंह, 48 वर्षीय अधीर सिंह, 18 वर्षीय रिया कुमारी, 33 वर्षीय श्रवण कुमार, 15 वर्षीय ज्योति कुमारी, 18 वर्षीय पलक कुमार, 40 वर्षीय विमला देवी, अधीर कुमार नारायण सिंह, 27 वर्षीय राहुल पासवान, 60 वर्षीय अरुण पासवान, 27 वर्षीय मुकेश पासवान, 30 वर्षीय कमलेश पासवान, 30 वर्षीय संदीप पासवान व दिनेश पासवान के नाम शामिल है। वहीं एक पक्ष ने बताया कि पटवन का पाइप लगाने को लेकर हुई विवाद में मारपीट हुई है। वहीं दूसरे पक्ष ने बताया कि होली खेलने के दौरान कपड़ा फाड़ने को लेकर हुई विवाद में मारपीट हुई है। वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता व सीओ केशव प्रसाद चौधरी ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश पासवान, आकाश कुमार, अभिषेक सिंह व रिया कुमारी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मामले को लेकर फिलहाल गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। वहीं पुलिस गांव में कैंप कर रही है एवं सीओ व थाना प्रभारी जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। विवाद को लेकर शांति समिति की बैठक भी बुलायी गयी।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में

## सीपीएस स्कूल के विद्यार्थियों को मिला सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** स्थानीय असनाबाद स्थित चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के विद्यार्थियों ने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार एवं गायत्री शक्तिपीठ झुमरीतिलैया द्वारा आयोजित शताब्दी वर्ष कार्य योजना जिला स्तरीय संगोष्ठी एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में जिले के हजारों विद्यार्थियों ने भाग लिया। पहले चरण में विद्यार्थियों ने अपने-अपने विद्यालयों में परीक्षा देकर बेहतर अंक प्राप्त किए, जिसके बाद गायत्री शक्तिपीठ परिवार ने उनके विद्यालय जाकर उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके विद्यालयों को प्रखंड एवं जिला स्तरीय पुरस्कारों से नवाजा गया। इस परीक्षा में चाइल्ड प्रोग्रेसिव स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रखंड एवं जिला स्तर पर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की।

## झारूडीह स्थित एक मकान में लगी आग, घर का सामान स्वाहा

**धनबाद।** शहर में ठीक से गर्मी का सीजन भी शुरू नहीं हुआ, इससे पहले ही अगलगी के सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार रात 8 बजे के करीब झारूडीह पॉलिटेक्निक रोड स्थित एक मकान में आग लग गई। गनीमत रहा कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई। अग्निशमन विभाग ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पा लिया। गृह स्वामी रितेश बहादुर सिंह ने बताया कि हमलोग सब परिवार नीचे बैठे थे, बच्चें पढ़ाई कर रहे थे। इसी दौरान घर के ऊपरी तल से धुंआ निकलने लगा। सब लोग घर से बाहर जान बचाने के लिए भागे। पूरा घर जल कर राख हो गया। वही मौके पर पहुंचे पूर्व पार्षद अशोक पाल ने बताया कि अभी तो आग लगने का कारण एसी से सॉर्ट सर्किट पता चल रहा है। पूरी जानकारी जांच पड़ताल के बाद ही चलेगा। वहीं अग्नि शमन विभाग के कर्मियों ने बताया कि एक ही कमरा में आग लगी थी, उसपर तुरंत काबू पा लिया गाया है। रास्ता छोटा होने के कारण थोड़ी परेशानी आई थी, लेकिन दो दमकल की गाड़ी से आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। घर का सामान ही जला है, अन्य कोई नुकसान नहीं है। ज्ञात हो कि धनबाद में लगातार अगलगी की घटना हो रही है। एक दिन पूर्व हवाई पट्टी की झाड़ियां में आग लग गई थी।

## राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है: रघुवर

**गिरिडीह।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गिरिडीह के घोडथम्भा बाजार पहुंचे, जहां होली के दिन हुई हिंसा में घायल लोगों और पीड़ित परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है, और उनके कार्यकाल में दंगे-फसाद की कोई हिम्मत नहीं करता था। उन्होंने मांग की कि घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को धर्म के आधार पर नहीं, बल्कि उनके अपराध के आधार पर दंडित किया जाए। रघुवर दास ने इसे एक सुनियोजित साजिश करार दिया और प्रशासन पर दबाव में काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए, ताकि दोषियों को सजा मिले और निदोर्षों को न फंसाया जाए। उनके दौरे के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद थे।

## सरकार निर्दोश के बजाय पथराव करने वालों को करें गिरफ्तार : बाबूलाल मरांडी

**गिरिडीह।** होली के दिन धनवार विधानसभा क्षेत्र के घोड़थम्बा में हुई घटना को भाजपा ने न सिर्फ गंभीरता से लिया है बल्कि झारखंड की हेमंत सरकार को घेरने के साथ ही प्रशासन पर भी दबाव बना रही है। रविवार को जहां पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने घटना स्थल पर जाकर स्थानीय प्रशासन को सरकार के दबाव में काम करने के लिए खूब खरी खोटी सुनाई। वहीं सोमवार को धनवार विधायक सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी के साथ जमुआ विधायक मंजू कुमारी, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व विधायक लक्ष्मण स्वर्णकार भी घोड़थम्बा पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के बाबत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ घोड़थम्बा बाजार का भ्रमण भी किया। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि घोड़थम्बा में हुई घटना के लिए सीधे तौर पर स्थानीय प्रशासन को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि एक तो होली कि टोली को पुलिस उक्त मार्ग से जाने पर रोक लगा दी। जबकि होली के दिन हिन्दू समाज के लोग हाथों में अबीर व गुलाल लेकर घूम रहे थे, वहीं दूसरे पक्ष से पेट्रोल बम, पत्थर व बोतले फेंकी गई। इसका मतलब हेमंत सरकार के वोट बैंक वालो कि तैयारी पूर्व से दंगा भड़काने का था।

# जानलेवा प्रदूषण

दुनिया के सबसे प्रदूषित बीस शहरों में तेरह शहर भारत के हैं। लेकिन ऐसी खबरें विदेशी निवेश व विदेशी पर्यटकों की सोच को जरूर नकारात्मक बना सकती हैं। उल्लेखनीय है कि स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 बताती है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। गंभीर चिंता इस बात की है कि भारत दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बना है। उल्लेखनीय बात यह है कि वर्ष 2023 में भारत तीसरे स्थान पर था। लेकिन इस रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि देश का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दिल्ली नहीं बल्कि मेघालय का बनीर्हाट लिस्ट में टॉप पर है। देश के तेरह शहरों का शीर्ष बीस प्रदूषित में शुमार होना परेशान करने वाला है। आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में भारत में पीएम 2.5 सांद्रता में सात फीसदी की गिरावट देखी। जो वर्ष 2023 में 54.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी और फिलहाल 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है।एक अनुमान के अनुसार वायु प्रदूषण से औसतन व्यक्ति का जीवन 5.2 साल कम हो रहा है, जो स्थिति की गंभीरता का ही परिचायक है। गत वर्ष प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन के अनुसार प्रदूषण की वजह से वर्ष 2009 से 2019 के बीच हर साल पंद्रह लाख मौतें हुई हैं। देशव्यापी प्रदूषण में पीएम 2.5 की घातकता को लेकर कई अध्ययन सामने आए हैं। दरअसल, 2.5 माइक्रोन से छोटे वायु प्रदूषण कण हमारे फेफड़ों और रक्तप्रवाह में सेंध लगाते हैं, जिससे श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत होती है। साथ ही हृदय रोग और कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। यह नीति-नियंताओं की नाकामी और जनमानस की लापरवाही व उदासीनता को ही दशार्ता है।

## आज का राशिफल

**मेष :** अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क :** सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह :** अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ? के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला :** पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-9

**धनु :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर :** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ :** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

**मीन :** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# हिन्दू धर्म, उपवास और प्रधानमंत्री मोदी : पॉडकास्ट संवाद





-डॉ मयंक

**विश्व** भर में कहीं भी, किसी भी कौने में हिन्दू होकर जीवन जीने के मायने क्या हैं, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक बार फिर से बहुत स्पष्ट तरीके से व्याख्यायित कर दिया है। उन्होंने दुनिया को समझाया है कि कैसे एक हिन्दू अपने जीवन में सर्वसमावेशी है। वास्तव में जो आज हिन्दू दृष्टि पर किसी न किसी रूप में दोष मढ़ने का कार्य कर रहे हैं, उन्हें चाहिए कि वे एक बार अवश्य प्रधानमंत्री मोदी के लेक्स फ्रिडमैन के साथ हुए पॉडकास्ट संवाद को सुने। निश्चित ही उनके जितने भी भ्रम हिन्दू धर्म और इससे जुड़ी परंपराओं को लेकर हैं वह दूर हो जाएंगे।

वस्तुतः प्रधानमंत्री मोदी उच्चतम न्यायालय का संदर्भ देकर समझाते हैं कि हिंदू धर्म कोई पूजा-पाठ पद्धति का नाम नहीं है, यह तो वे ऑफ लाइफ अर्थात ₹जीने का ढंग₹ या ₹तरीका₹ है। जैसे किसी व्यक्ति की जीवनशैली उसकी आदतों और रोजमर्रा की गतिविधियों का समुच्चय है, ठीक वैसे ही भारत में जन्मा यह सनातन हिन्दू धर्म है। प्रधानमंत्री मोदी यहां कहते हैं कि हिन्दू धर्म से जुड़े शास्त्र यह कई तरह से समझाते हैं कि कैसे शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा के माध्यम से मनुष्यत्व को ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। इसके लिए हिन्दू धर्म कुछ रास्ते और परंपरागत व्यवस्थाओं के माध्यम से स्वयं को नित्य प्रकाशित करते रहने का मार्ग भी बताता है। जिसमें से एक उपवास भी है।

लेक्स फ्रिडमैन, ने जब प्रधानमंत्री मोदी से उपवास के बारे में जानना चाहा, तब उन्होंने सहज रूप से बताया कि आखिर हिन्दू धर्म में उपवास के मायने क्या हैं। वैसे उपवास को लेकर चरक संहिता में कहा गया है -

'दोषः कदाचित कुप्यन्ति, जिता लंघन पचनेया।

जिता संशोधनहेतुर, न तेषां पुनरुद्भव।।'

अर्थात, हम केवल अपने शरीर का विषहरण करके अपने सभी दोषों (वात, पित्त और कफ) को संतुलित कर सकते हैं। अगर पाचन क्रिया ठीक रहेगी और हम समय-समय पर उपवास करते रहेंगे, तो हम हमेशा स्वस्थ रहेंगे। वास्तव में यह स्वस्थ रहना शरीर तक सीमित नहीं, यह हमारी इंद्रियों और मन से भी जुड़ा हुआ है, जिसका कि निहितार्थ श्रीमद् भगवद्गीता के दूसरे अध्याय के 59वें श्लोक में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया है- 'विषया विनिवर्तन्ते निराहारस्य देहिनः रसवर्जं रसोऽप्यस्य परं दृष्ट्वा निवर्तते'। तात्पर्य कि निराहार मनुष्य के विषय दूर हो जाते हैं, साधक इंद्रियों को अपने भोग की वस्तुओं से रोक सकता है, लेकिन वस्तुओं के स्वाद की भावना बनी रहती है। हालाँकि, यह स्वाद भी उन लोगों के लिए समाप्त हो जाता है, जिन्हें सर्वोच्च शक्ति का एहसास होता है। इसलिए अपने संवाद में प्रधानमंत्री मोदी उपवास पर व्यापक संवाद करते हैं।

उनके अनुसार उपवास जीवन को अंतर बाह्य दोनों प्रकार के अनुशासन के लिए बहुत ही उपकारक है। यह जीवन को गढ़ने में भी काम आता है। जब आप उपवास करते हैं, तो आपकी जितनी इंद्रियाँ हैं, खासकर के सुगंध की हो, स्पर्श की हो, स्वाद की हो। ये सभी बहुत जागरुक हो जाती हैं। दूसरा; उपवास, आपके विचार प्रभाव को ये बहुत ही तीक्ष्णता देते हैं, नयापन देते हैं। प्रधानमंत्री कह रहे हैं, कि यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। उनके लिए उपवास एक उपासना है, जो उन्हें बाहर से अंदर की यात्रा और अंदर से होते हुए बाहर, संपूर्ण ब्रह्माण्ड की यात्रा कराती है। यह एक अद्भुत अनुभूति है।

लेक्स फ्रिडमैन ओर अधिक पूछे जाने पर प्रधानमंत्री मोदी उन्हें हिन्दू धर्म की चातुर्मास उपवास व्यवस्था के बारे में बताते हैं। प्रधानमंत्री कहते हैं कि हमारे यहाँ चातुर्मास की परंपरा है। जब वर्षा ऋतु होती है। तो हम जानते हैं मनुष्य की पाचन शक्ति काफी कम हो जाती है।

इसलिए वर्षा ऋतु में एक समय ही भोजन करना है। यानी 24 घंटों में एक समय। मोदी बता रहे हैं कि वो जून मध्य से इसका आरंभ करते हैं और फिर दिवाली का करीब-करीब नवंबर माह आ जाता है। लगभग चार से साढ़े चार महीनों तक यह चातुर्मास की परंपरा चलती है। जिसमें वे चौबिस घंटे में एक बार भोजन लेते हैं। फिर नवरात्रि आती है, जो पूरे देश में दुर्गा पूजा का उत्सव है, शक्ति उपासना का उत्सव है, वो नौ दिन का होता है। दूसरा एक मार्च-अप्रैल महीने में नवरात्रि पुनः आती है, जिसे ₹चैत्र नवरात्रि₹ कहते हैं। तब फिर से नौ दिन मैं उपवास करता हूँ। फिर वे आगे स्पष्ट करते हैं कि वास्तव में उपवास प्रत्येक व्यक्ति का अपना निजी मामला है, इसलिए हमारे यहां हिन्दू परंपरा में कोई इसकी पब्लिसिटी वगैरह नहीं करता। यह उपवास रखनेवाले एवं इसके महत्व को समझनेवाले प्रत्येक के जीवन का एक सामान्य हिस्सा है।

> वर्षा ऋतु में एक समय ही भोजन करना है। यानी 24 घंटों में एक समय। मोदी बता रहे हैं कि वो जून मध्य से इसका आरंभ करते हैं और फिर दिवाली का करीब-करीब नवंबर माह आ जाता है। लगभग चार से साढ़े चार महीनों तक यह चातुर्मास की परंपरा चलती है। जिसमें वे चौबिस घंटे में एक बार भोजन लेते हैं। फिर नवरात्रि आती है, जो पूरे देश में दुर्गा पूजा का उत्सव है, शक्ति उपासना का उत्सव है, वो नौ दिन का होता है।

यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेडिटेशन के माध्यम से बहुत सरल ढंग से सनातन हिन्दू धर्म की परंपरा में नाद ब्रह्म के महत्व को भी प्रतिपादित करते दिखे। वे अपनी हिमालयन लाइफ को याद करते बता देते हैं कि कैसे एक संत ने उन्हें एक बर्तन में एक-एक गिरती पानी की बूंद और उसकी टपक-टपक की ध्वनि से सिखाया कि तुम कुछ मत करो, सिर्फ इसी की आवाज सुनो, कोई और आवाज तुमको सुनाई नहीं देनी चाहिए। कितने ही पक्षी बोलते हों, हवा की आवाज आती हो, कुछ नहीं, तुम इस पानी की जो बूंद बर्तन में गिरती हैं, उसे सुनों और अंदर तक अपने रोम-रोम में महसूस करो। यहीं से प्रधानमंत्री मोदी की ध्यान यात्रा आरंभ हो जाती है। कोई मंत्र नहीं, सिर्फ टप-टप की ध्वनि और इस तरह से उस नाद-ब्रह्म से मोदी अपना नाता जोड़ने में सफल हो जाते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां अपनी बातचीत में कुछ मंत्रों का जिक्र भी करते हैं और हिन्दू धर्म को जीनेवाले प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसे पूर्णता का अनुभव करा देते हैं। उन्होंने कहा- ॐ पूर्णमदः पूर्णमिदम पूर्णात्पूर्णमुदच्यते। यानी पूरे जीवन को एक सर्कल के अंदर उस (ब्रह्म) ने रखा हुआ है। पूर्णता ही सर्वस्व है, पूर्णता प्राप्त करने का विषय है। उसी प्रकार से हमारे यहां (हिन्दू परंपरा में) कल्याण की बात कही गई है, सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः। यानी सबका भला हो, सबका सुख हो, सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भाग भवेत। अतः इन सभी मंत्रों में भी लोगों के सुख की बात है, लोगों के आरोग्य का बात है और फिर करें क्या ? ॐ शांतिः, शांतिः, शांतिः।

भारत में डेवलप हुए हैं, वो हजारों सालों की ऋषियों की साधना से निकले हुए हैं। लेकिन वे जीवन तत्व से जुड़े हुए हैं। वैज्ञानिक तरीके से रखे हुए हैं। वास्तव में यही भारत है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सभी को बहुत सहजता से व्यापक अर्थों में समझाने का प्रयास किया है।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### शिक्षा का अर्थ

शिक्षा का अर्थ केवल एक निश्चित पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों तक पहुंचाना नहीं होता, बल्कि नैतिकता का पाठ भी पढ़ाना होता है। भारतीय शिक्षा पद्धति का आधार नैतिक चरित्र ही रहा है। ज्ञान में किया गया निवेश सर्वश्रेष्ठ होता है। शिक्षा व्यक्ति में निहित प्रतिभा को निखारती है। शिक्षा जीवन की तैयारी नहीं, बल्कि स्वयं ही जीवन है।

**-अनूप कुमार, रांची**

### किसानों की नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन और पंजाब सरकार के बीच टकराव का उल्लेख है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान किसानों की मांगों के प्रति सहानुभूति रखते हुए भी भारतीय किसान यूनियन की बैठक छोड़कर चले गए। इसके बाद किसान यूनियन ने आंदोलन का ऐलान किया, जिससे ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हुई। पंजाब सरकार को हड़ताली कर्मचारियों की समस्याओं को सहानुभूति से हल करना चाहिए। **- रवि, रांची**

## ट्वीट

**हमारी** समृद्ध संस्कृति और परंपरा हमें प्रकृति का सम्मान और उसका संरक्षण करना सिखाती है। अभिमान है हमें हमारी महान विरासत पर।

नेमरा में बाहा पर्व के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुआ और जाहेरथान में पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।

जोहार बाहा बोंगा!

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

**नेमरा** स्थित हमारे पैतृक निवास में हेमन्त जी संग बाहा पर्व के पावन अवसर पर शामिल होकर प्रकृति और संस्कृति का आशीर्वाद प्राप्त किया।

**- कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक, गांडेय**

# कांग्रेस गठबंधन शासित राज्यों में तुष्टीकरण की स्पर्धा

**रमेश शर्मा**

राजनीति

**कांग्रेस** और उनके गठबंधन वाली विभिन्न सरकारों में हिन्दू हितों को सीमित करके मुस्लिम तुष्टीकरण की मानों कोई स्पर्धा चल रही है। मुस्लिम तुष्टीकरण की दिशा में एक सरकार कोई घोषणा करती है तो दूसरी सरकार उसका अनुसरण करते हुये और नई सौगात दौड़कर नया इतिहास बना रही है। इसे हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, कर्नाटक, केरल आदि सरकारों की घोषणाओं से समझा जा सकता हैं। वास्?तव में मुस्लिम तुष्टीकरण की यह स्पर्धा देश के नौ प्रदेशों में चल रही है। इनमें कांग्रेस अथवा उनके गठबंधन दलों की सरकारें हैं। इनमें कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश , तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाड और झारखंड प्रमुख हैं। ये सरकारें दोनों प्रकार से तुष्टीकरण कर रही हैं। एक ओर मुस्लिम हितों का संवर्धन और दूसरी ओर हिन्दू हितों का शोषण। इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार का नया निर्णय सामने आया है ।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण का बजट तो बढ़ाया लेकिन सरकार की दो योजनाओं का व्यय मंदिर ट्रस्ट के कंधे पर डाल दिया है। हिमाचल प्रदेश ही नहीं देशभर के अधिकांश मंदिरों ट्रस्ट के संचालन पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है। यह हिमाचल प्रदेश में भी है। हिमाचल सरकार ने इसी का लाभ उठाया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बड़े मंदिरों को पत्र लिखकर दो योजनाओं में आर्थिक सहायता मांगी है। इस पत्र के साथ ही मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अधिकारियों ने सूची बनाकर इन मंदिरों से प्राप्त होने वाली कुल राशि का आकलन कर लिया है। इससे कई कदम आगे अब कर्नाटक सरकार ने अपने बजट में मुस्लिम समाज को सशक्त बनाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के पास वित्त विभाग भी है। उन्होने पिछले दिनों वर्ष 2025-26 केलिये अपनी सरकार का बजट प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने बजट में मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए एक दो नहीं कुल तेरह योजनाओं की घोषणा की हैं। इसमें सबसे बड़ी घोषणा है सरकारी ठेकों में मुस्लिम ठेकेदारों को चार प्रतिशत आरक्षण देना। इस निर्णय के साथ ही अब कर्नाटक में शासकीय, अर्ध शासकीय निर्माण कार्य के ठेकों में चार प्रतिशत कार्य मुस्लिम ठेकेदारों को ही दिये जायेंगे। अब तक विभिन्न राज्य सरकारों ने सरकारी नौकरियों में तो मुसलमानों को आरक्षण का प्रावधान किया है। लेकिन ठेकों में आरक्षण देने की घोषणा करने वाला कर्नाटक पहला राज्य बन गया है। सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण की घोषणा के साथ कर्नाटक में इमामों को छह हजार रुपये मासिक भत्ता देने, मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 नए महिला महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी की है । ये नये महाविद्यालयों का निर्माण वक्फ की जमीन पर होगा। लेकिन इनके निर्माण कार्य पर पूरा पैसा सरकार लगाएगी। इनके संचालन में बक्फ बोर्ड की भूमिका प्रमुख होगी।

तुष्टीकरण की अन्य घोषणाओं में अल्पसंख्यक समाज के सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले अशासकीय संगठनों को प्रति जोड़े पचास हजार रुपये की राशि देने, 250 मौलाना आजाद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल में चरणबद्ध तरीके से प्री-प्राइमरी से पूर्व विश्वविद्यालय कक्षाएं शुरू करने, उर्दू माध्यम की शिक्षा देने वाले सौ विद्यालयों को अनुदान के रूप में सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

इस योजना पर कुल चार सौ करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें सौ करोड़ की राशि इस वर्ष के लिए है। कर्नाटक के विभिन्न नगरों में अल्पसंख्यक समाज केलिये अलग कॉलोनियों का विकास होगा। इस मद पर एक हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार 150 करोड़ रुपये व्यय करेगी। मुस्लिम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नए आईटीआई कॉलेज की स्थापना की जाएगी ताकि मुस्लिम समाज के बच्चों का ₹स्किल डेवलपमेंट हो सके। इनमें मुस्लिम छात्रों के लिए 50 प्रतिशत शुल्क की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उलाल नगर में मुस्लिम लड़कियों के लिए आवासीय महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी। जो मुस्लिम छात्र विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं उनके लिए छात्रवृत्ति में वृद्धि की जायेगी। बेंगलुरु नगर के हज भवन का विस्तार किया जायेगा।

# ख्याति की बैसाखी बनता साहित्य में चौर्य कर्म

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

साहित्य

साहित्यिक चोरी आज बड़ी चुनौती बन गई है, जहां एक लेखक के विचारों, शब्दों या रचनाओं पर दूसरे लेखक द्वारा उचित स्वीकृति के बिना दावा किया जाता है। यह कृत्य न केवल साहित्यिक नैतिकता का उल्लंघन करता है बल्कि सच्चे लेखक की मौलिकता और रचनात्मकता को भी कमजोर करता है। कॉपी-पेस्ट करने का मुद्दा हिंदी साहित्य में तेजी से प्रचलित हो रहा है, खासकर इस डिजिटल युग में, जहां लेख, कविताएं और कहानियां ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हैं। साहित्यिक चोरी में किसी और के साहित्य को बिना श्रेय दिए लेना या उसमें मामूली बदलाव करके उसे अपना बताकर पेश करना शामिल है। यह व्यवहार मूल लेखकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और रचनात्मकता और मौलिकता को दबाता है। कुछ व्यक्ति इस हद तक चले जाते हैं कि वे दूसरों के साहित्य को अपना बता देते हैं। साहित्यिक चोरी के एक रूप में कहानी के पात्रों को बदलना और उसे मूल रचना के रूप में विपणन करना शामिल है। इस कुकृत्य में ऐसे लोग भी हैं जो स्थापित लेखकों की प्रसिद्ध कृतियों को अपनी कृति के रूप में प्रस्तुत करते हैं, तथा अक्सर साहित्यिक क्षेत्र में मान्यता और प्रसिद्धि पाने की कोशिश करते हैं।

साहित्यिक चोरी तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे लेखक के शब्दों को बिना अनुमति या उचित श्रेय दिए अपने शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें वे स्थितियां भी शामिल हैं जहाँ कोई लेखक बिना उचित उद्धरण के अपने पहले से प्रकाशित साहित्यिक काम का पुनः उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति मूल विचारों और संरचना को बरकरार रखते हुए किसी दूसरे की सामग्री में मामूली बदलाव करता है, तो उसे भी साहित्यिक चोरी माना जाता है। यह समस्या विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रचलित है, और दुर्भाग्य से, यह आज भी जारी है। साहित्यिक चोरी के कई रूप हैं, और यहां तक कि दोहराव को भी रचनात्मक चोरी के रूप में देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, कई हिंदी लेखक होली या दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान विभिन्न प्रकाशनों में अपनी रचनाएं पुनः प्रकाशित करते हैं। एक मजबूत समीक्षा संस्कृति की कमी ने साहित्यिक चोरी को साहित्य का एक परेशान करने वाला पहलू बना दिया है। आजकल, कोई भी किसी रचना को उसे बिना किसी जांच के प्रकाशित करवा सकता है, जिससे ऐसी स्थिति बन जाती है जहां मूल लेखक ठगे रह जाते हैं। 'निजी' पाठ्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध लेखकों की कृतियां लेना और उन्हें अपने नाम से प्रकाशित करना आम बात हो गई है।

इस व्यवहार को खत्म करने के लिए केवल आलोचना ही अपर्याप्त लगती है। साहित्यिक चोरी सिर्फ नए लेखकों या प्रसिद्धि चाहने वालों की ही बैसाखी नहीं है, यहां तक कि स्थापित हिंदी लेखक भी दूसरों की रचनाओं में थोड़ा-बहुत बदलाव करके उन्हें अपना बता देते हैं। साहित्यिक चचाओं में साहित्यिक चोरी के कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनमें कुछ लेखकों पर प्रसिद्ध पुस्तकों के अंशों को अपनी रचनाओं में शामिल करने का आरोप लगाया गया है, जिससे अंततः उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

किसी अन्य लेखक के काम या विचारों का उपयोग करते समय, उचित श्रेय देना आवश्यक है। अपने स्वयं के विचारों और शैली को व्यक्त करके मौलिक लेखन को अपनाएं, यह सुनिश्चित करें कि हिंदी साहित्य में नए दृष्टिकोण और रचनात्मकता पनपे। दूसरों के काम की अनजाने में नकल करने से बचें। हिंदी लेखकों को अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए अपनी रचनाओं के लिए कॉपीराइट सुरक्षित करना चाहिए। साहित्यिक नैतिकता को बनाए रखें, और लेखकों और पाठकों दोनों को मौलिकता की वकालत करते हुए साहित्यिक चोरी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। साहित्यिक चोरी के खिलाफ लड़ाई में आलोचक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अफसोस की बात है कि प्रकाशन उद्योग में कई संपादक साहित्य की बारीकियों को पूरी तरह से नहीं समझ पाते हैं।

ऐतिहासिक संदर्भ की समझ की यह कमी इस मुद्दे की विडंबना को और बढ़ा देती है। मौलिक साहित्यिक कृतियों का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए, स्तंभों या पत्रिकाओं के संपादक के रूप में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास साहित्य में मजबूत आधार और ज्ञान होना चाहिए। हिंदी साहित्य में साहित्यिक चोरी और कॉपी-पेस्ट की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, लेकिन इससे निपटने के लिए प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। साहित्य की विशिष्टता को बनाए रखने और लेखकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ावा देना और नैतिक मानकों का पालन करना आवश्यक है। साहित्यिक कृतियों में मौलिकता सुनिश्चित करके हम हिंदी साहित्य के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

साहित्यिक चोरी लेखकों की ईमानदारी को कमजोर करती है और साहित्यिक रचनाओं की प्रमाणिकता को कम करती है। साहित्यिक दुनिया में नवाचार को बढ़ावा देने और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए मौलिकता को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, सभी लेखकों को नैतिक प्रथाओं को बनाए रखते हुए अपने काम को रचनात्मक और मौलिक बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। हरियाणा में इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। हाल ही में एक ख्यातिनाम लेखक पर यह आरोप लगा है।

# नशा व अपराधियों के खौफ के साये में कोर्रा

## स्थानीय निवासियों ने पुलिस की निष्क्रियता पर उठाये सवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** रविवार का एक सुनसान शाम। जबरा तालाब के शांत पानी में हलचल मची, जब किसी ने उसमें एक शव तैरता देखा। चंद मिनटों में अफरा-तफरी मच गई, पुलिस पहुंची, और तालाब से बाहर निकाला गया एक युवक का निर्जीव शरीर। कौन था वो? किसने उसकी जान ली या क्या उसने खुद ही मौत को गले लगाया? हर तरफ बस एक ही सवाल–हत्या या आत्महत्या?

जानकारी के मुताबिक मृतक सोनू कुमार पिता हरी साव मिसरौल, खगैया गांव तेलिया डीह का रहने वाला था और हजारीबाग के कृष्णापुरी स्थित लॉज में रहकर पढ़ाई करता था। वह जबरा स्थित इंटर साइंस कॉलेज का छात्र था। 13मार्च को उसे किसी ने एडमिट कार्ड लेने के नाम पर बुलाया था जिसके बाद से वो लापता था। उसके पिता ने इसे साफ तौर पर हत्या करार दिया, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक युवक और युवती बाइक से तालाब की ओर आए थे। इसके बाद क्या हुआ, किसी को नहीं पता। स्थानीय लोगों का कहना है कि शव की हालत देख यह स्पष्ट है कि उसे मारा गया और फिर तालाब में फेंक दिया गया। पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में जुटी है।

**नशे के कारोबार ने बढ़ाई चिंता :** कोर्रा अब सिर्फ एक थाना क्षेत्र नहीं, बल्कि अपराधियों की शरणस्थली बनता जा रहा है। नशे का कारोबार हर गली में पसर चुका है, और पैसे के लालच में कई युवा खुद ड्रग्स सप्लायर बन रहे हैं। इस भयावह स्थिति ने स्थानीय निवासियों को झकझोर कर रख दिया है। अब सवाल उठता है–क्या पुलिस इसे रोक पाएगी? क्या प्रशासन सख्त कदम उठाएगा? या फिर कोर्रा का अंधेरा और गहरा होता जाएगा? जवाब जो भी हो, लेकिन अगर जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो हजारीबाग का यह इलाका अपराधियों के कब्जे में चला जाएगा, जहां हर दिन कोई न कोई लाश तालाब से बरामद होगी और हम सिर्फ सवाल पूछते रह जाएंगे... ₹हत्या या आत्महत्या?

**केस स्टडी 1.** रेखा भारती की संदिग्ध मौतः दो दिन पहले मटवारी कृष्णापुरी गली नंबर 4 में एक युवती अचेत अवस्था में मिली थी, जिसकी बाद में मौत हो गई।

**केस स्टडी 2.** ब्राम्बे हाउस के पास शव बरामदः कुछ दिन पहले जबरा इलाके के ब्राम्बे हाउस के पास भी एक युवक का शव मिला था।

**केस स्टडी 3.** कट्टा लेकर रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तारः 9 मार्च को कन्हरी पहाड़ के पास एक आरोपी मनीष कुमार साव को देसी कट्टा के साथ पकड़ा गया था, जो पार्किंग के नाम पर रंगदारी वसूल रहा था।

**केस स्टडी 4.** मोबाइल छिनतई में तीन गिरफ्तारः 4 मार्च को मोबाइल छिनने वाले तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े थे।

**केस स्टडी 5.** 12 लाख की जेवरात चोरी : 22 फरवरी को दीपूगढ़ा डीएफओ कॉलोनी के एक बंद घर से 12 लाख रुपये के जेवरात चोरी कर लिए गए थे।

# रामगढ़ जिले में 13 अवैध भूमिगत खदानें ध्वस्त

- कोतरे वन भूमि क्षेत्र में 13 रैट-होल खदानों को किया ध्वस्त
- प्रत्येक वर्ष 54,000 टन कोयले की हो रही थी चोरी

### अवैध खनन के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई : प्रशासन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में प्रशासन ने अवैध कोयला खनन माफिया पर अब तक की सबसे बड़ी चोट की है। 27 फरवरी से 10 मार्च, 2025 तक चले इस विशेष अभियान में 13 अवैध भूमिगत खदानों को लगभग 3,000 किलोग्राम विस्फोटकों का उपयोग कर खदान के सुरंगों और प्रवेश द्वारों को ध्वस्त कर दिया गया, ताकि अवैध खनन पूरी तरह रोका जा सके।

माफियाओं को बड़ा झटका : रामगढ़ जिले के मांडू ब्लॉक में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड और एमडीओ कंपनी केबीपीएमपीएल की संयुक्त टीमों ने इन अवैध भूमिगत खदानों को ध्वस्त करने में अपनी भूमिका निभाई। खनन माफिया इन संकरी रैट-होल सुरंगों का उपयोग कर अवैध रूप से कोयला निकालता था। जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक की देखरेख में इन सभी खदानों को विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया गया। विस्फोट से पहले स्थानीय लोगों को लाउडस्पीकर से सतर्क किया गया। प्रशासन ने सुरक्षा प्राथमिकता रखते हुए यह सुनिश्चित किया कि कोई जनहानि न हो। ऑपरेशन पूरी तरह सुरक्षित और सफल रहा। पिछले 40 वर्षों में रामगढ़ जिले के कोतरे के इन अवैध खदानों से करीब 1.5 से 2 मिलियन टन कोयला अवैध रूप से निकाला गया, जिससे सरकार को भारी राजस्व नुकसान हुआ। रामगढ़ जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक अवैध भूमिगत खदानों को पूरी तरह बंद नहीं कर दिया जाता। रामगढ़ की यह इतिहास में सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है, जिसने अवैध कोयला खनन के पूरे नेटवर्क को हिला कर रख दिया है। यह ऑपरेशन अवैध खनन पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है।

## डिजिटिल युग में कंप्यूटर शिक्षा महत्वपूर्ण : प्रसाद

**रजरप्पा।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सोमवार को कोल इंडिया लिमिटेड, रजरप्पा क्षेत्र के द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत प्रदत्त आधुनिक और हाई-कॉन्फि गरेशन कंप्यूटर सेट का उदघाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाप्रबंधक, रजरप्पा क्षेत्र कल्याणजी प्रसाद, विद्यालय के कोषाध्यक्ष सह नोडल अधिकारी (सीएसआर) आशीष झा, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी, स्टाफ अधिकारी (कार्मिक) मनोज कुमार, स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने अतिथियों का परिचय कराया। उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्प- गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदानकर स्वागत किया गया।विद्यालय के भैया बहनों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य उमेश प्रसाद, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ और सीसीएल के अधिकारी, श्रम संगठन प्रतिनिधिगण अनिल प्रसाद, चंदेश्वर सिंह, रविन्द्र वर्मा, किशोरी प्रसाद, आरपी सिंह, प्रदीप आदि उपस्थित थे। लैब में नवीनतम तकनीक के हाई-कॉन्फि गरेशन कंप्यूटर सेट स्थापित किए गए हैं।

## जायसवाल ने कोनार, तिलैया डैम के विस्थापितों और सिंचाई का मामला लोकसभा में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने क्षेत्र से जुड़े जनहित के मुद्दों को लोकसभा में प्रमुखता से उठाया। बजट सत्र के दौरान सोमवार को उन्होंने कोनार और तिलैया डैम से विस्थापित लोगों के पुनर्वास और कोनार सिंचाई परियोजना को पूर्ण कराने की मांग की। सांसद ने लोकसभा में कहा कि तिलैया और कोनार डैम का निर्माण 1955 में हुआ था, जिससे हजारों लोग विस्थापित हुए। इनमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही, विष्णुगढ़ और चंदवारा के कई गांवों के लोग शामिल हैं, जिनका अब तक पुनर्वास नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि विस्थापितों को अविलंब पुनर्स्थापित किया जाए। इसके साथ ही, उन्होंने कोनार डैम की सिंचाई परियोजना को लेकर भी चिंता जताई। यह परियोजना 1978 में शुरू हुई थी, लेकिन 50 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई है और किसी भी गांव को सिंचाई का लाभ नहीं मिला। इस योजना के तहत 85 गांवों को पानी और 63,000 एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने की योजना थी, जो अब तक लंबित है। सांसद जायसवाल ने सरकार से मांग की कि कोनार सिंचाई परियोजना को जल्द पूरा किया जाए, यहां हाइडल पावर प्लांट लगाया जाए और पर्यटन को विकसित किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

## पीओ को एजेकेएसएस ने सौंपा ज्ञापन



**कुजू।** 10 सूत्री मांग को लेकर कुजू कोलियरी परियोजना पदाधिकारी को अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ द्वारा सौंपे गये पत्र के आलोक में सोमवार को कुजू कोलियरी में बैठक हुई। बैठक में सौंपे गये मांग पत्र को पुनः दोहराते हुए 13 दिन का बकाया वेतन भुगतान करने, समय पर कर्मचारियो का प्रमोशन करने, स्कूल बस व एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करने, रोंग डिगनेशन में कार्य करने वाले कर्मचारियों को ऑथराईजेशन देने, फिल्टर प्लांट में लाइट की सुविधा, केओसीपी में लाईट लगाने, अवैध खनन पर रोक लगाने, श्री राम चौक से लेकर कुजू कोलियरी तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, कुजू कोलियरी के बंद पड़े खदान को पुनः चालू कराने की बात कही गयी। जिसपर परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु सिंह ने सभी मांगों पर साकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। कहा कि संघ के द्वारा सौंपे गये मांग पत्र वरीय प्रबंधन के पास प्रेषित कर दिया जायेगा। बैठक में पर्सनल मैनेजर रॉबर्ट शांडिल, कोलियरी मैनेजर गोविंद साहू के अलावे अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के महामंत्री सतीश सिन्हा, क्षेत्रीय सचिव राम भजनलाल महतो, कुजू कोलियरी सचिव तेजनाथ महतो, दामोदर महतो, दिलीप कुमार, मनोज कुमार, रोहित रंजन, संजय कुमार बैठा, रंजीत राम, सनी कुमार शामिल थे।

# करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**सैकड़ों निवेशक थाना पहुंचे और पैसे की वापसी की मांग करने लगे**

## ओम ट्रेडिंग का फरार सह-संचालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रंजीत प्रजापति ( फाइल फोटो) ।

**हजारीबाग।** ओम ट्रेडिंग के नाम पर निवेशकों से करोड़ों की ठगी कर फरार हुए सह-संचालक रंजीत प्रजापति को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि सरगना संजय प्रजापति अभी भी फरार है। जैसे ही यह खबर फैली, सैकड़ों निवेशक थाना पहुंच गए और अपने पैसे की वापसी की मांग करने लगे। पुलिस ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया।

गौरतलब है कि संजय प्रजापति समेत रंजीत प्रजापति, सुजित प्रजापति, बिनोद प्रजापति और अन्य के खिलाफ कई थानों में निवेशकों ने धोखाधड़ी के मामले दर्ज करवाए थे। इन लोगों ने एक आकर्षक निवेश योजना दिखाकर 10 महीनों में रकम दोगुनी करने का वादा किया था। 100% गारंटी का झांसा देकर निवेशकों से लगभग 200 करोड़ रुपये ठग लिए और फरार हो गए थे।

पीड़ितों की मानें तो इस ठगी का शिकार न केवल हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा के लोग हुए हैं, बल्कि बिहार के कई निवेशकों ने भी अपनी मेहनत की कमाई गंवाई है। आरोपियों ने निवेशकों के पैसों को शेयर बाजार और प्रॉपर्टी में लगाया था। कई लोगों ने ग्रुप बनाकर निवेश किया था, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और ज्यादा प्रभावित हुई। मुफस्सिल थाना में ओम ट्रेडिंग के खिलाफ आधा दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। रंजीत प्रजापति की गिरफ्तारी के बाद निवेशकों को उम्मीद है कि वे अपनी गाढ़ी कमाई वापस पा सकेंगे। पुलिस अब इस घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है।



मुफस्सिल थाना पहुंचे सैकड़ों निवेशक।

## स्पीड न्यूज

### झारखंड सेवा समिति के तीसरी बार अध्यक्ष बने अमित सिन्हा



**रामगढ़।** झारखंड सेवा समिति की वार्षिक आम सभा रविवार को उपाध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता के आवासीय हुयी। सर्वसम्मति से अमित कुमार सिन्हा को लगातार तीसरी बार समिति का अध्यक्ष चुना गया । अध्यक्ष चुने जाने के बाद पदाधिकारियों और सदस्यों ने स्वागत किया। सिन्हा ने कहा कि झारखंड सेवा समिति लगातार समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करती आई है और आनेवाले समय में भी समिति समाज के जरूरतमंद लगन की सेवा करती रहेगी। कहा की अब संगठन का सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा । हर माह समिति की कम से कम एक बैठक होगी। संगठन से नए सदस्यों को जोड़कर इसका विस्तार किया जायेगा। बैठक में समाज में अलग पहचान बनाने के लिए झारखंड सेवा समिति की सम्मानित सदस्य शीतल सिंह, सुशीला देवी तथा सोनी कुमारी व डॉक्टर सागर कुमार को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद ने किया ।

### रोटरी क्लब ने किया होली मिलन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा रविवार शाम सौंदा बस्ती स्थित योग आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराके होली की खुशियां बांटी। रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा कि हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश लेकर आता है। हमसभी को सारे पर्व-त्योहार मिल-जुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने क्षेत्रवासियों को रंग और उमंगों का त्योहार होली की बधाई देते हुए यह पर्व भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। श्री शर्मा ने सबों को इस त्योहार की संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते हुए रंगों की तरह जीवन में भी सकारात्मकता और खुशियों के प्रसार का संदेश दिया। समारोह में रोटेरियन परमजीत सिंह धामी, डॉ. एनके सिंह, मदन मोहन झा, नरेन्द्र कौर, प्रवीण शर्मा, सुषमा शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, चन्द्रकला देवी, अजय गोयल, बबीता गोयल, अशोक शर्मा, मंजू शर्मा, राम किशोर प्रसाद, अंजलि, समरेन्द्र साह, रश्मि साह, चंद्रशेखर अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, गजानंद प्रसाद, अशोक अग्रवाल, सुनील प्रसाद, चीकू, विकास आदि शामिल थे।

### भुरकुंडा में शोभायात्रा व कीर्तन आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा गुरुद्वारा का भव्य नवनिर्माण होने के अवसर पर गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी शोभायात्रा एवं नगर-कीर्तन रिवर साइड गुरुद्वारा से 18 मार्च मंगलवार को सुबह 9 बजे निकाली जायेगी। जो भुरकुंडा गुरू सिंह सभा गुरुद्वारा तक निकलेगी। इसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा मंच एवं रोटरी क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा संयुक्त रूप से बिरसा चौक भुरकुंडा में सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया जायेगा। साथ ही जलपान की व्यवस्था की जायेगी। वहीं भुरकुंडा गुरुद्वारा का भव्य नवनिर्माण होने के अवसर पर 19 मार्च बुधवार को सुबह 9 बजे से श्री अखंड-पाठ साहिब का शुभारंभ होगा। जबकि श्री अखंड-पाठ के समापन के बाद 21 मार्च शुक्रवार को नवनिर्मित भव्य गुरूद्वारा का उद्घाटन किया जायेगा। उक्त जानकारी श्री गुरू सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी ने दी।

### एस्पायर में शिक्षकों ने खेली होली



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर और रिभर साईड भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर के शिक्षकों ने जमकर होली खेली। शिक्षकों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मुंह मीठा कराकर होली की बधाई दी। शिक्षकों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का भी जमकर लुत्फ उठाया। संस्था के निदेशक रत्नेश कुमार ने कहा कि होली भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। हमारे सभी पर्व-त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का संदेश लेकर आता है। हमसभी को सारे पर्व-त्योहार मिल-जुलकर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाना चाहिए। उन्होंने सबों को इस त्योहार की संस्कृति और परंपरा से परिचित कराते हुए रंगों की तरह जीवन में भी सकारात्मकता और खुशियों के प्रसार का संदेश दिया। मौके पर निदेशक रत्नेश कुमार, शिक्षक नितेश सिंह, चंदन कुमार, राकेश सिंह, संजीत कुमार, सचिन, राहुल, विक्रांत, अमित, सुमित, रजत, पियूष, लव, कुश, बृजेश, नीरज सहित कई शिक्षक मौजूद थे।

### प्रतिमा खंडित करने वाला गिरफ्तार

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार ने कुजू कोलियरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित भगवान कार्तिकय की प्रतिमा को खंडित करने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 मार्च दोपहर 3 बजे कुजू कोलियरी निवासी विजय करमाली उर्फ कल्लू पिता फुलेश्वर करमाली नशे की हालत में मंदिर में स्थापित भगवान कार्तिकय की प्रतिमा को खंडित कर दिया। जिससे क्षेत्र के ग्रामीण काफी आहत है। इधर पुलिस ने छानबीन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

## एक नजर में

### हजारीबाग में रामनवमी महासमिति अध्यक्ष के लिए सात में से तीन उम्मीदवारों ने नाम ली वापस



**हजारीबाग।** होली के समापन के साथ ही हजारीबाग में ऐतिहासिक रामनवमी की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में रविवार को बड़ा अखाड़ा में महासमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता महंत विजयानंद दास ने की थी। बैठक में महासमिति अध्यक्ष पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी पेश की थी। सोमवार को बैठक करके तीन लोगों ने नाम वापस ले ली। जिसमे महासमिति के पूर्व अध्यक्ष जीतू यादव, अजय कुमार दास और दीप नारायण प्रकाश शामिल है। इस तरह से महासमिति अध्यक्ष पद के दौड़ में चार लोग रह गए है । जिसमे विशाल वाल्मीकि झ्र डमरू, दिलीप यादव झ्र गदा, मीत यादव झ्र शंख व बसंत यादव झ्र ओम चिन्ह के साथ मैदान में डटे है। शुक्रवार या शनिवार को मतदान की संभावना है, जिसमें अखाड़ों के प्रतिनिधि अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। ज्ञात हो कि हजारीबाग की रामनवमी झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में प्रसिद्ध है। यहां करीब 120 अखाड़े रामनवमी जुलूस में भाग लेते हैं, जो नवमी, दशमी और एकादशी तक लगभग 36 घंटे तक सड़कों पर उत्सव का माहौल बनाए रखते हैं। इसके अलावा, होली के बाद पड़ने वाले सभी मंगलवार को 'मंगला जुलूस' निकाला जाता है, जो भव्यता का प्रतीक होता है। महासमिति प्रशासन और अखाड़ों के बीच समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी निभाती है। अब देखना दिलचस्प होगा कि महासमिति के अध्यक्ष पद की यह चुनावी जंग किसके पक्ष में जाती है और कौन बनेगा रामनवमी महासमिति का नया अध्यक्ष।

### ऊंचाघाना में चैती दुर्गा पूजा समिति गठित

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के जोबर पंचायत अंतर्गत ऊंचाघाना ग्राम में चैती दुर्गा पूजा को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामनवमी त्योहार को प्रेम, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने पर विचार-विमर्श किया गया। मेले के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में कपिल देव कुमार, उपाध्यक्ष अभिजीत कुमार, कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार महतो, सचिव भास्कर कुमार महतो, उप सचिव नागेंद्र कुमार महतो और संयोजक रामेश्वर महतो को मनोनीत किया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि पूजा के सभी कार्यक्रमों को पारंपरिक और भव्य तरीके से संपन्न किया जाएगा। बैठक में विशेश्वर महतो, सुभाष कुमार, बसंत कुमार, संतोष कुमार, सचिन कुमार, जानकी महतो, विनोद महतो, चंद्रशेखर महतो, दामोदर महतो, लोकनाथ महतो समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने अपने-अपने स्तर से सहयोग देने का आशवासन दिया। समिति के गठन के साथ ही कार्ययोजना तैयार की गई, ताकि चैती दुर्गा पूजा का आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने त्योहार को शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाने का संकल्प लिया।

### गंगादोहर में रामनवमी पूजा समिति का पुनर्गठन

**बड़कागांव।** प्रखंड के ग्राम गंगादोहर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई, इसकी अध्यक्षता बालमुकुंद प्रसाद ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी रामनवमी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान आकर्षक झांकी प्रस्तुत की जाएगी, जिसे बंगाल के कलाकार तैयार करेंगे। झांकी का प्रदर्शन गंगादोहर से लेकर हरली मेला टांड़ तक किया जाएगा। पूजा के अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर के भजन संध्या कार्यक्रम होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद, संरक्षक सुरेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी नंदकिशोर मेहता, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो और पुजारी कृष्ण कौशल को मनोनीत किया गया। इसके अलावा, निगरानी समिति में राजु कुमार, प्रवीण कुमार, अजीत कुमार, सुबोध कुमार, रोबिन कुमार, चिंतामणि कुमार, रवि कुमार, प्रेम महतो, अरविंद कुमार, रंजन कुमार, राज कुमार, योगेंद्र महतो, राम प्रसाद, बालदेव कुमार और दयानंद महतो को शामिल किया गया। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।


### मंगला शोभा यात्रा के अध्यक्ष बने सत्यजीत

**बड़कागांव।** बड़कागांव चौक में मंगला शोभा यात्रा को धूमधाम से मनाने के लिए रामभक्तों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से सत्यजीत विद्या अलंकार उर्फ मंटू को अध्यक्ष और इंगलेश सोनी को सचिव चुना गया। ललन कुमार कोषाध्यक्ष, शुभम विश्वकर्मा उपाध्यक्ष, प्रमोद सोनी उप सचिव, तथा पिंटू गुप्ता को संयोजक नियुक्त किया गया।बैठक में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रामसेवक सोनी, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष विवेक सोनी, पूर्व अध्यक्ष बिंदु दांगी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंसस रितेश ठाकुर समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष हुलास प्रसाद दांगी, भाजपा युवा जिला मीडिया प्रभारी शिबू मेहता, सुरेश राणा, संजय राम भुइयाँ, बैजनाथ महतो, अन्नू विश्वकर्मा, रवि पासवान, सुभाष राणा, वकील महतो सहित कई अन्य सदस्यों को समिति में मनोनीत किया गया। बैठक में मंगला शोभा यात्रा की भव्यता, सुरक्षा और समुचित व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की बैठक संपन्न

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के बीपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में भाजपा विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कार्यकारी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन महामंत्री सुनील कुमार मिश्रा ने किया। बैठक में जिला प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा और सहयोगी मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष के चयन के लिए रायशुमारी की गई, जिसमें गौतम भारती, रवि पाण्डेय, राजेश सोनी और अशोक कुमार के नाम सामने आए। सभी बूथ अध्यक्षों ने मंत्रणा के बाद गौतम भारती के नाम पर सहमति जताई। इसके बाद प्रभारी इंद्रनारायण कुशवाहा व अन्य पदाधिकारियों ने उनके नाम का प्रस्ताव जिला को भेज दिया। संभावित 18-19 मार्च तक मंडल अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। बैठक में प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार बर्णवाल, राजेंद्र प्रसाद साव, जीवन सोनी, बबलू सोनी, दीपक कुमार रजक, कन्हाई यादव, नीतीश कुमार बरनवाल, राजू श्रीवास्तव समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, कार्यक्रमों और पार्टी की रणनीतियों पर भी चर्चा की गई।

### इंसानियत का पैगाम देता है रमजान : आजाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मजहब-ए-इस्लाम और रमजान के इंसानियत का पैगाम का जिक्र करते हुए आजाद अंसारी ने कहा कि शरीयत-ए-इस्लाम में गरीब पड़ोसी, गरीब रिश्तेदारों, दूसरे गरीब और यतीमों अर्थात सभी प्रकार के गरीब को पूरे वर्ष ख्याल रखने का आदेश दिया गया है। उनके खाना, कपड़ा और तालीम जैसे बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद देने का आदेश दिया गया है। पूरे वर्ष इस आदेश को पूरा करने का कोशिश तो किया जाती है। विशेष रूप में रमजान के महीना में हर मुसलमान इस व्यवहार में उतरने की कोशिश करता है। ऐसे कहा जाए की यह एक ऐसा महीना है जब मुसलमान उपर्युक्त आदेश का अनिवार्य रूप से पालन करते नजर आते हैं। अल्लाह ताला की जानिब से हर एक मालिक के निशाब (जकात देने योग्य व्यक्ति) को जकात अदा करने का आदेश दिया गया है, और इस आदेश को कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।

# झुमरीतिलैया नगर परिषद ने बिना व्यापार अनुज्ञप्ति वाले प्रतिष्ठानों को किया सील

- बकाया होल्डिंग टैक्स व बिना व्यापार लाइसेंस वालों पर कार्रवाई तेज

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद ने बकाया होल्डिंग टैक्स और बिना व्यापार अनुज्ञप्ति (ट्रेड लाइसेंस) के संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों पर बड़ी कार्रवाई की। लंबे समय से जारी चेतावनी और नोटिस के बावजूद व्यापारियों द्वारा नियमों का पालन नहीं करने पर सोमवार को नगर प्रशासक के निर्देश पर एक संयुक्त टीम ने कई प्रतिष्ठानों को सील कर दिया।

**शहर के इन प्रतिष्ठानों को किया गया सील :** स्टेशन रोड स्थित श्री बालाजी होम सॉल्यूशन, नंदी बाबा चौक पर श्याम भोग आटा और मयूर स्वीट, हटिया रोड पर संजय लोहानी हार्डवेयर दुकान एवं विनोद कपड़ा दुकान, गुरुद्वारा रोड पर पंजाबी धर्मशाला, आरएलएसवाई कॉलेज रोड पर एचपी स्टील फर्नीचर, पानी टंकी रोड पर होमियो क्लीनिक, गांधी स्कूल रोड पर आयुष मेडिकल और सुप्रिया गिफ्ट कॉर्नर को सील किया गया।

इस कार्रवाई का नेतृत्व नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना व्यापार अनुज्ञप्ति के व्यवसाय करना अवैध है और नगर परिषद् लगातार व्यापारियों को जागरूक कर रही थी। उन्होंने कहा कि पहले भी व्यापारियों को अंतिम चेतावनी दी गई थी, मगर कई लोग नियमों की अनदेखी कर रहे थे। अब कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं उन्होंने व्यापारियों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना व्यापार अनुज्ञप्ति बनवा लें अन्यथा उनके प्रतिष्ठान सील कर दिए जाएंगे। प्रशासन की यह सख्ती लगातार जारी रहेगी ताकि शहर में व्यवस्थित और कानूनी रूप से व्यापार संचालन सुनिश्चित हो सके।

**31 मार्च तक खुला रहेगा नगर परिषद कार्यालय**

सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार ने बताया कि राजस्व संग्रहण कार्य के लिए 17 मार्च से 31 मार्च तक कार्यालय सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। सभी व्यापारी जल्द से जल्द व्यापार लाइसेंस बनवा लें अन्यथा उनके प्रतिष्ठान सील कर दिए जाएंगे। इस अभियान में नगर प्रबंधक रणधीर कुमार वर्मा के साथ राजस्व निरीक्षक शंभू कुमार रजक, अभिषेक कुमार मेहता, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, भोला कुमार दास, दुलारचंद यादव, बलराम कुशवाहा और होमगार्ड के जवान शामिल थे। वहीं नगर प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अब बिना व्यापार अनुज्ञप्ति कोई भी प्रतिष्ठान नहीं चलेगा। व्यापार करें मगर कानूनी दायरे में रहकर।

## सार्वजनिक धार्मिक स्थलों पर बलि प्रथा बंद करने का लिया संकल्प

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत जामू पंचायत के कोशाडीहरा के लोगों ने गांव के सार्वजनिक धार्मिक स्थलों पर बलि प्रथा बंद करने का संकल्प लिया है। वर्षों से चली आ रही इस प्रथा को रोकने के लिए ग्रामीणों ने अभियान चलाया है। गांव में कुछ दिन पहले हुए श्री श्री अनंत श्री नव दिवसीय शतचंडी महायज्ञ सह देवी मंडप प्राण प्रतिष्ठा के दौरान ग्रामीणों ने इसका संकल्प लिया था, ग्रामीणों ने उक्त दौरान बैठक कर संकल्प लिया कि कोशाडीहरा गांव में धार्मिक स्थलों में जो पूजा की परंपरा है, उसमें अंधविश्वासी मान्यता के स्थान पर विवेक को महत्व देते हुए पूजा-अर्चना की जायेगी, सार्वजनिक धार्मिक स्थलों पर बलि की प्रथा को बंद किया जायेगा, देवी मंडप के वैष्णवीकरण के साथ-साथ जिन स्थलों पर बलि प्रथा को बंद की जायेगी उसमें कुम्हारा बाबा, धरती मां, ब्रह्मदेवता बाबा, चरका बाबा, गोत्या शिरा पिंडा आदि के नाम शामिल है। मौके पर महेश यादव, लवकेश कुमार, सुरेंद्र यादव, गोपी यादव, सुदामा यादव, नारायण यादव, अशोक यादव, रामलाल महतो, अशोक यादव, रंजीत यादव, रविंद्र यादव, मुरारी यादव, शंकर यादव, ईश्वर यादव, महेन्द्र ठाकुर, दामोदर ठाकुर, मनोज यादव, गोपाल यादव, मुकेश यादव, रोहित यादव आदि मौजूद थे।

## असामाजिक तत्वों ने देवी मंदिर से मूर्तियों को निकालकर खेत में फेंका

- ग्रामीणों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की
- थाना प्रभारी ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नासरगंज में शनिवार को होली के दिन सौहार्द बिगाड़ने की साजिश का मामला सामने आया है। असामाजिक तत्वों ने शनिवार रात थाना क्षेत्र के नासरगंज स्थित देवी मंदिर से भगवान की मूर्तियों को निकालकर खेत में फेंक दिया। इस घटना से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया है। वहीं ग्रामीणों ने घटना को साजिश बताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह घटनाएं सिर्फ एक संयोग नहीं हैं, बल्कि सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की एक सुनियोजित साजिश है। ग्रामीणों में सुरेंद्र पांडेय, जितेंद्र कुमार, शशिकांत पांडेय, रंजीत पांडेय, अमित कुमार, महेंद्र साव, शशिकांत पाण्डेय, चंदन पांडेय, गुरुचरण पांडेय, लटन कुमार, अजीत कुमार व रोहित कुमार ने कहा है कि सतगावां के नासरगंज में हुई यह घटना धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचाने की एक गंभीर कोशिश है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## रणधीर वर्मा ट्रॉफी मैच खेलने कोडरमा की सीनियर क्रिकेट टीम धनबाद हुई रवाना



**कोडरमा।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट सीनियर क्रिकेट टूर्नामेंट (प्लेट ग्रुप) रणधीर वर्मा ट्रॉफी के मैच खेलने के लिए कोडरमा की सीनियर क्रिकेट टीम सोमवार को धनबाद रवाना हो गई। धनबाद में कोडरमा की टीम अपने ग्रुप में चतरा, गुमला और गोड्डा से मैच खेलेगी। टूर्नामेंट के मैच 17 मार्च से 22 मार्च तक खेले जाएंगे। झारखंड में रणधीर वर्मा ट्रॉफी के मैच कोडरमा, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में खेले जा रहे हैं। कोडरमा की टीम में हर्ष सिंह (कप्तान), रोहित भारती, विकास कुमार यादव, विकास सिंह, कुमार सुनील कश्यप, मोहित कुमार, सूरज मंडल, साहिल गुप्ता, शुभम सिन्हा, पीयूष सिंह, भोला यादव, रजनीश कुमार, निरंजन कुमार, राजीव कुमार और कुमार हेमंत शामिल है। टीम मैनेजर अभिराज गौतम को बनाया गया है। उक्त आशय की जानकारी केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

# जान मारने की नियत से घायल करने के आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा, 20 हजार का आर्थिक जुर्माना

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीके तिवारी की अदालत ने चंदवारा थाना कांड संख्या 57/24 जान से मारने के नियत से घायल करने के मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी सूरज कुमार रजक पिता सुरेश कुमार रजक चंदवारा निवासी को धारा 126 (2)/115 (2)/352 बीएनएस के तहत दोषी पाते हुए विभिन्न धर्मों में अलग-अलग सजा सुनाई है। इसमें धारा 352बीएनएस में एक वर्ष का कारावास की सजा सुनाई है और एक हजार का आर्थिक जुर्माना, जुर्माने की राशि नही देने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना पड़ेगा। वहीं धारा 126 (2)बीएनएस में एक माह का कारावास और एक हजार का आर्थिक जुर्माना, जुर्माने की राशि नही देने पर 15 दिन अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। वहीं धारा 115 (2)बीएनएस में दोषी पाते हुए एक वर्ष का कारावास और एक हजार आर्थिक जुर्माना, जुर्माने की राशि नही देने पर एक माह कारावास। वहीं धारा 117(2)बीएनएस में दोषी पाते हुए तीन वर्ष का कारावास और 20 हजार का आर्थिक जुर्माना लगाया गया है, जुर्माने की राशि नही देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। बताते चलें कि घटना को लेकर पीड़ित के द्वारा चंदवारा थाना में कांड संख्या 57/24 में आरोपी पर पूजा करने जाने के दौरान जान से मारने के नियत से रड व लोटा से गम्भीर रूप से घायल करने का आरोप लगाया था। माननीय अदालत में सुनवाते के दौरान प्रभारी लोक अभियोजक शिवशंकर राम के द्वारा अपनी दलीलें पेश कर आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की अपील किया। माननीय अदालत ने अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों व गवाहों के बयान को देखते हुए आरोपी पर उक्त सजा सुनाई।

## बिजली विभाग की लापरवाही: छत पर लटक रहा 11 हजार वोल्ट का तार, करंट लगने से बच्ची घायल



**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हुआ। 10 वर्षीय सुहानी कुमारी छत पर कपड़े सुखाने गई थी, तभी महज 2.5 से 3 फीट की दूरी पर लटक रहे 11 हजार वोल्ट के तार की चपेट में आ गई। करंट का झटका लगते ही वह छत से नीचे गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने तुरंत उसे शेरघाटी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में गया मेडिकल कॉलेज और फिर रांची के रिम्स रेफर किया गया। इलाज के बाद अब बच्ची की हालत सामान्य बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि बिजली विभाग को तीन बार आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। घर के ऊपर से गुजर रहे हाईवोल्टेज तार से हर वक्त जान का खतरा बना रहता है। परिवार और ग्रामीणों ने या तो तार को शिफ्ट करने या फिर कवर्ड तार लगाने की मांग की है। बिजली विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार का कहना है कि तार पहले से था, बाद में लोगों ने वहां घर बनाए। हालांकि, उन्होंने जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तार हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो बड़ा हादसा हो सकता है।

## जयनगर प्रखंड में हाथियों के झुंड मचा रहे उत्पात, ग्रामीणों में भय का माहौल



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड में एक बार फिर से हाथियों के झुंड के आगमन से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। बताते चलें कि हाथियों का झुंड तेतरौन पंचायत के ग्राम नावाडीह जंगल में अपना डेरा जमाये हुए हैं। जिससे आस पास के लोगों में भय का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार मरकच्चो थाना क्षेत्र के के विभिन्न गांवों में उत्पात मचाते हुए हाथियों के झुंड नावाडीह जंगल में बीती रात प्रवेश कर गये, जहां कुछ किसानों का खेत में लगे फसल को भी नष्ट कर दिया। वहीं बताया जाता है कि हाथियों का झुंड 15 से अधिक है। इसकी सूचना वन विभाग को मिलते ही मौके पर पहुंच कर हाथियों के झुंड को भागने में लगे हुए है।

## आरपीएफ की सक्रियता से इस वर्ष होलिका दहन पर ट्रेनों का परिचालन पर नहीं लगा ब्रेक

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत कोडरमा-गया रेल सेक्शन पर इस वर्ष होलिका दहन के दिन कोडरमा आरपीएफ की बढ़ी सुरक्षा की चौकसी के कारण ट्रेनों का परिचालन पर ब्रेक नहीं लगा। कुछ लोगों ने होलिका दहन कर जलता लुहाठी लेकर रेल क्षेत्र में फेंकने का प्रयास किया, मगर आरपीएफ की सुरक्षात्मक ततपरता के कारण सफल नहीं हुए और रास्ते में ही लुहाठी फेंक कर भाग निकले। प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ घटनाएं होने से होलिका दहन की रात ट्रेनों का परिचालन कई घण्टों तक प्रभावित हो जाता था, मगर इस वर्ष ट्रेनों का परिचालन सही तरीके से जारी रहा। होलिका दहन को लेकर गया-कोडरमा सेक्शन के मानपुर-टनकुप्पा स्टेशनों के बीच अतिसंवेदनशील स्थानों पर आरपीएफ टीम की तैनाती बढ़ा दी गई थी। वहीं आरपीएफ डीजी मनोज यादव के निर्देश पर आरपीएफ एडीजी एससी पाढ़ी के मार्गर्शन में पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह आरपीएफ आईजी अमरेश कुमार, आरपीएफ धनबाद के वरीय कमांडेट अनुराग मीणा सुरक्षा व्यवस्था का लगातार मॉनिटरिंग कर रहे थे। इनके द्वारा दिये गए निर्देश के आलोक में कोडरमा आरपीएफ पोस्ट निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में गुरपा आउट पोस्ट के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार द्वारा अधिकारी और जवानों के साथ विशेष सुरक्षात्मक अभियान चलाया गया।

## बकरी चराने के विवाद में मारपीट, 42 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल



**हंटरगंज (चतरा)।** थाना क्षेत्र के डाहा पंचायत के बिहिया गांव में सोमवार दोपहर बकरी चराने से रोकने पर महिला के साथ मारपीट की घटना हुई। इस हमले में 42 वर्षीय मीणा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से हालत नाजुक देखते हुए गया मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। मीणा देवी के मुताबिक भोला पासवान की पत्नी धनेश्वरी देवी उनकी गेहूं की फसल में बकरियां चरा रही थी। जब उन्होंने बकरियों को भगाने की कोशिश की, तो धनेश्वरी देवी ने उनसे बहस शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर परिजनों ने मीणा देवी के साथ मारपीट कर सिर फोड़ दिया। घायल महिला ने हंटरगंज थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## मारपीट को लेकर थाना में दिया आवेदन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया निवासी मनोज मेहता ने नवलशाही थाना में आवेदन देकर गांव के ही भीमसेन मेहता पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। वहीं मनोज ने बताया कि शनिवार शाम साढ़े चार बजे भीमसेन मेहता अचानक उनके घर में घुसकर उनकी पत्नी सुमंती देवी व भाई की पत्नी सीमा देवी को डंडे से मारने लगा, साथ ही भद्दी-भद्दी गालियां देने लेगा एवं उसने उनके साथ भी मारपीट की। जिससे उनका दाहिना हाथ टूट गया। भीमसेन ने घर के बाहर खड़ा उनकी बोलेरो को भी डंडे से मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने पूरे मामले को लेकर भीमसेन मेहता पर कानूनी करवाई करने की मांग की है।

## घर से नकदी सहित लाखों रुपये के जेवरात की चोरी

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहाल निवासी शिवरलन सिंह के घर से नकद सहित लाखों रुपये के जेवरात की चोरी हो गयी। इस संबंध में शिवरलन सिंह ने रविवार को थाना में आवेदन दिया है। वहीं उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह मुझे दिल्ली में सूचना मिली कि मेरे घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है. घर पहुंचे तो देखा की 10 हजार रुपये नकद, सोने का नेकलेस दो पीस, झुमका दो पीस, टॉप्स तीन पिस, नथिया दो पीस, मांग टीका दो पीस, नोजपिन 7-8 पिस, अंगूठी तीन पीस, लॉकेट एक पिस, चांदी का पायल तीन जोड़ी, बिछिया 7-8 पिस, लॉकेट एक पिस, पाजेब दो जोड़ा, कड़ा दो जोड़ा सहित अन्य जेवरात गायब थे।

# डीजे के शोर की वजह विलुप्त हो रही जोगीरा गायन की परंपरा

खबर मन्त्र संवाददाता

**अब होली में चलता है डीजे**

अब डीजे ने हमारी परंपरा पर विराम लगा दिया। वहीं गायक नवीन पंड्या विनोद चौरसिया बताते हैं कि होली गीत के साथ-साथ जोगीरा भी गाया जाता था। कौन डाल पर राजा बैठा, कौन डाल पर रानी। कौन डाल पर बगुला बैठा बोले उलटा बानी। जोगीरा सारारारा। इस तरह से जोगीरा का प्रचलन था। मगर पारंपरिक होली गायन अब कहीं-कहीं ही सुनने को मिलते हैं। डंफा-झाल-मंझीरा ढोलक की आवाज डीजे की शोर और अश्लील गीत में दब गई।

**कोडरमा।** बसंत पंचमी के साथ होली गीत और जोगीरा से पूरे गांव पर होली का रंग चढ़ने लगता था। शाम ढलते ही सार्वजनिक जगहों रेलवे स्टेशन के माल गोदाम या दलान पर लोग जुट जाते थे। उसके बाद होली गीत की शुरुआत होती थी तो लगता था होली आ गई है। पहले राम खेले होली, लक्ष्मण खेले होली जैसे पारंपरिक गीत पर लोग झूम उठते थे। होली गीत का समापन होलिका दहन स्थल पर होली के दिन धूल उड़ाने के साथ हो जाता था। उसके बाद चौता गाते हुए लोग गांव से बाहर जाते फिर वहां से लौटते थे। होली के दिन सुबह से रंग-अबीर और खाने-खिलाने का दौर चलता था। लेकिन यह अब इतिहास के पन्नों में सीमटा जा रहा है। झुमरीतिलैया शहर के बिग बाजार समीप जीप स्टेशन में आज से एक दशक पूर्व एक सप्ताह पूर्व होली खेलने की परंपरा शुरू हो जाती थी। वहीं स्टेशन रोड में कई व्यवसायिक लोग ढप के साथ फगुआ के गीत गाते थे। यह भी अब देखने को नहीं मिलता है। आने वाले दिनों में नई पीढी के बच्चे इस प्राथा के बारे में कुछ भी नहीं जान पायेगें। ऐसे में सामाजिक धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

**जोगीरा गाने की थी परंपरा**

व्यवसायी श्याम सुंदर सिघानियां बताते हैं कि वह खुद होली गीत गाए हुए हैं। पहले भगवान राम और शिव के होली गीत गाए जाते थे। उसके बाद हंसी मजाक के तर्ज जैसे गीत पर लोग थिरकते रहते थे, हर गली में एक टोली निकलती थी। वहीं ग्रामीण महेश चंद्रंवंशी ने बताया कि हर दरवाजे पर चटाई या तिरपाल बिछाए जाते थे। गाने वालों की टोली हर दरवाजे पर एक दो गीत गाते और फिर दूसरे दरवाजे पर जाते थे। एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे पर जाने के क्रम में सदा आनंद रहे ऐही द्वारे मोहन खेले होरी हो। गीत गाते हुए मंडली निकलती थी, हर दरवाजे पर लोग गुलाल लगाते, मसाला यानी नारियल, छुहारा, सुपारी आदि दिए जाते थे। बच्चों की टोली पीछे-पीछे होती थी। हर दरवाजे से कुछ न कुछ विदाई मिलती थी।

## रामनवमी झांकी के लिए संचालन समिति गठित, मुकेश और मुकुटधारी बने अध्यक्ष



**गिद्धौर।** प्रखंड के उपर टोला स्थित सूर्य मंदिर परिसर में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसमें रामनवमी झांकी प्रस्तुति को लेकर निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने संचालन समिति का गठन किया और सर्वसम्मति से मुकेश कुमार दांगी को उपर मुहल्ला झांकी समिति का अध्यक्ष चुना। यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा। बैठक की अध्यक्षता भास्कर स्वालंबन क्लब के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने की, जबकि संचालन शिक्षक अनिल कुमार ने किया। उसी दिन नीचे मुहल्ला में भी ग्रामीणों की बैठक हुई, जहां मुकुटधारी दांगी को झांकी संचालन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा विजय भारती व देवकांत कुमार उपाध्यक्ष, संजय कुमार दांगी सचिव, आनंद कुमार सह सचिव, प्रदीप कुमार मौर्य कोषाध्यक्ष, पिंटू कुमार सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में राजेश कुशवाहा, शिक्षक श्यामसुंदर दांगी, विकास कुमार, प्रभात कुमार, विक्की कुमार, संटु कुमार, सचिन कुमार, आदित्य कुमार, मनु कुमार, निरंजन दांगी, देवदीप पासवान, राजेश कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# झारखंड के 17 जिले के जिप अध्यक्ष केरल रवाना

- सभी जिप अध्यक्ष केरल में पंचायती राज मॉडल का लेंगे जायजा
- ग्राम पंचायत, जिला परिषद् क्षेत्र का दौरा कर फंड, फंक्शन और तकनीक की लेंगे जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** झारखण्ड के पंचायती राज व्यवस्था का कमान संभाल रहे, जिला परिषद् अध्यक्ष केरल के पंचायती राज व्यवस्था का शैक्षणिक भ्रमण कर जानकारी ग्रहण करेंगे। केरल में तीन दिवसीय आवासीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए झारखण्ड के 17 जिला के जिला परिषद् अध्यक्ष केरल के लिए रवाना हो गए हैं। कोडरमा से जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव भी भ्रमण टीम में शामिल हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि पंचायती राज व्यवस्था का केरल मॉडल है। केरल में पंचायती राज व्यवस्था काफी बेहतर है और वहां के जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर योजना निर्माण और फंड का इस्तेमाल में तकनीकी और भौतिक रूप से कोई कठिनाई नही होती है। श्री यादव ने बताया कि केरल इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के जरिये तीन दिनों तक शैक्षणिक भ्रमण किया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि झारखण्ड के जनप्रतिनिधियों केरल के एक ग्राम पंचायत और जिला परिषद् का दौरा भी करेंगे। इसमें जिला परिषद् अंतर्गत फंड, फंक्शन और फंक्शनरीज के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इस शैक्षणिक भ्रमण से झारखण्ड के पंचायती राज व्यवस्था के जिले में कमान संभाल रहे जिला परिषद् अध्यक्ष तकनीकी रूप से केरल मॉडल का लाभ अपने इलाके में भी पहुंचा पाएंगे। वहीं उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में झारखण्ड के 17 जिला परिषद् अध्यक्ष में रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदग्गा, बोकारो, रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, दक्षिण सिंघभूम, सरायकेला, खरसावां, लातेहार, गढ़वा, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़ के जिला परिषद् अध्यक्ष शामिल हैं।

# जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित

- उपायुक्त ने वैसे बैंक जिनका प्रदर्शन शून्य है उन्हें कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** सोमवार को समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। जिसमें दिसंबर तिमाही की समीक्षा की गई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, प्रबंधक आरबीआई रांची, डीडीएम नाबार्ड, डीपीएम जेएसएलपीएस, जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिले में स्थित सभी बैंकों के समन्वयक उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत में अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा ने पिछ्ली तिमाही बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि से की, तत्पश्चात उपायुक्त के आदेश के बाद जिले के सभी बैंकों के प्रदर्शन की भी समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम निर्देशित करते हुए कहा कि वैसे बैंक जिनका प्रदर्शन शून्य है उन्हें कारण बताओ नोटिस निर्गत करें। साथ-ही-साथ उन्होंने निर्देश दिया कि उन सभी बैंकों के कंट्रोलिंग हेड्स को एक पत्र लिख कर उनके निराशाजनक प्रदर्शन का कारण बताने को कहा।

ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 31.90 प्रतिशत है जिसे 40% प्रतिशत करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि वो सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर अपनी सभी संबंधित पंजियों का मिलान कर लें।

जिला कृषि पदाधिकारी ने सभी समन्वयकों को बताया कि केसीसी के प्राप्त आवेदनों को संबंधित बैंक शाखा में भेजा गया है। अतः सभी कोई आवेदनों को निष्पादित करें, जिससे लाभुकों को योजनाओं व किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ मिल सके।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



**बोधि सोसाइटी जमशेदपुर की स्थापना 5 जुलाई, 2001 को हुई थी। यह एक सामाजिक संस्था है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करती है। बोधि सोसाइटी का उद्देश्य शिक्षा, सामाजिक कल्याण, और व्यक्तिगत विकास के क्षेत्र में कार्य करना है। यह संस्था विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करती है, ताकि वे अपने जीवन को बेहतर बना सकें और समाज में योगदान दे सकें।**

# मानगो नगर निगम के हाथों में दें मानगो पेयजल परियोजना को : सरयू राय

### विधायक राय ने किया रात्रिकालीन औचक निरीक्षण

### ध्यान न दिया गया तो बर्बाद हो जायेगी पेयजल परियोजना



उपेंद्र सिंह मस्तान एवं अन्य के साथ योजन का विजिट करते विधायक सरयू राय।

**पंपहाउस चलाने वाला गायब :** रात 12 बजे पुरुषी पार्क के पास जो नई पानी की टंकी बनी है, वहां भी श्री राय और उनकी टीम पहुंची थी। वहां का पंपहाउस चलाने वाला ताला मार कर कहीं निकला हुआ था। दूसरा, उस टंकी के बारे में यह बताया गया कि उसका डिजाइन इस तरीके से किया गया है कि वहां लगा पंप तो 100 एचपी का है लेकिन वह पूरी क्षमता के साथ पानी नहीं फेंकता टंकी में। 15 से 16 घंटे में भी टंकी नहीं भर पाती।

**सिस्टम की विफलता :** परियोजना को चलाने में सिस्टम की विफलता सामने आ चुकी है। बालीगुमा में भी पानी का संकट है। एनएचएआई को 20 लाख रुपये किस तरीके से दिये जाएंगे कि वह सड़क काट कर पानी का प्रवाह बस्तियों में कराए। पिछले दो महीने से इस पर बात ही हो रही है। आज तक कुछ हुआ नहीं। विभाग का कहना है कि एनएचएआई को ठेकेदार एडवांस में दे दे। बिल दे दे। हम उसे पेमेंट कर देंगे। ठेकेदार कहता है कि हम क्यों दें। विभाग दे पैसे। जो काम कराना हो कराए हमसे। हम लोगों ने यही निष्कर्ष निकाला कि जो एमजीएम की पुराने पाइपलाइन वाली टंकी है, वहां से ही पानी आप इसको भी दे दें। निगम 20 लाख रुपये एनएचएआई को दे दे ताकि बालीगुमा इलाके में पेयजल की व्यवस्था हो सके।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मानगो पेयजल परियोजना की स्थिति सुधारने और यहां के सभी घरों तक पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से रविवार की रात जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय और उनके जनसुविधा प्रतिनिधियों ने मानगो पेयजल परियोजना का औचक निरीक्षण किया। रात साढ़े 11 बजे से लेकर ढाई बजे तक चले इस निरीक्षण में इंटक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और तमाम टंकियों के पास जाकर यह देखा गया कि सिस्टम किस तरीके से काम कर रहा है। ये सब देखने के बाद राय ने एक प्रस्ताव दिया कि मानगो पेयजल परियोजना को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से लेकर नगर विभाग विकास को दे दिया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मानगो नगर निगम इस परियोजना को चलाएगा तो कम से कम नगर निगम की जिम्मेदारी तो तय होगी। राय मंगलवार को रांची में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव और नगर विकास विभाग के सचिव से इस मुद्दे पर बात करेंगे। सरयू राय ने बताया कि चार घंटे के नाइट डोमिनेशन में उन्हें बेहद निराशा हुई। जिस उद्देश्य से यह महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना स्थापित की गई थी, उसमें लगातार गिरावट आ रही है। कई गंभीर किस्म की कमियां दिखीं। पूरे देश में पेयजल परियोजनाओं की कार्यप्रणाली में उत्तरोत्तर सुधार हो रहा है और झारखंड में जमशेदपुर में बीते 6 साल में इस परियोजना के संचालन में भारी गिरावट दिखी। राय ने बताया कि इंटक वेल में जितने पंप लगे हैं, सभी काम नहीं कर रहे हैं। इंटक वेल के पास 6 पंप स्थापित होने चाहिए और हर पंप 375 हार्स पावर का होना चाहिए। लेकिन वहां चालू स्थिति में मात्र तीन ही पंप दिखे। जहां इंटक वेल से पानी जाता है वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में और उसकी सफाई होती है, वहां की व्यवस्था भी बेहद लचर है। कुछ भी सिस्टेमेटिक नहीं दिखा। उन्होंने बताया कि जब र वाटर जाएगा तो उसमें कितनी फिटकरी डालेंगे, कितनी ब्लीचिंग पाउडर डालेंगे, कितनी हाइपो डालेंगे, इसकी कोई व्यवस्था नहीं है। वहां के सारे पंप काम नहीं कर रहे हैं। यहां 150 हार्स पावर के तीन पंप लगाने का प्रावधान है लेकिन वहां एक पंपसेट पूर्णतः बंद है। पानी साफ नहीं हो रहा है। सिस्टम यह बनाया गया है कि एक टंकी भर जाएगी तो दूसरी टंकी भरेगी, दूसरी भर जाएगी तो तीसरी भरेगी। टंकियों में पानी पहुंचाने के लिए, कम क्षमता के पंप लगाए गये हैं। इन पंपों में भी आधे बराबर खराब ही रहते हैं। सरयू राय ने बताया कि क्षेत्र में भी ऐसे बहुत सारे स्थान हैं, जहां पाइपलाइन तो बिछा दी गई है लेकिन मेन लाइन से जोड़ा ही नहीं गया है। नतीजतन जवाहरनगर के रोड नंबर 14 में पाइपलाइन तो बिछा दी गई पर कनेक्शन नहीं हुआ। संत कुटिया के पास मुख्य सड़क को काट कर कनेक्शन जोड़ना है लेकिन वह भी नहीं हुआ।

## स्पीड न्यूज

### अपराधी भानु माझी सहयोगी पकौड़ी के साथ गिरफ्तार

जमशेदपुर। एसएसपी को मिली गुप्त सुचना के आधार पर कदमा थाना अन्तर्गत खुदी बगान में कुख्यात अपराधी भानु मांझी एवं उसके एक सहयोगी राकेश मंडल उर्फ पकौड़ी को 2 पिस्टल, 1 मैगजीन, 2 देशी कट्टा, 8 जिन्दा गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### तेरह वर्ष बाद एसबीआइ में तोड़-फोड़ के आरोप से बरी हुए भाजपाई

जमशेदपुर। लगभग 13 वर्ष पूर्व 2012 में भारतीय जनता पार्टी के भारत बंद कार्यक्रम के दौरान स्टेट बैंक आफ इंडिया मानगो शाखा में तोड़फोड़ करने एवं सरकारी काम में बाधा डालने के मामले में सात भाजपा नेताओं जिसमें मुख्य रूप से विकास सिंह, गुंजन यादव, राजेश सिंह, मनोज सिंह, सुनील सिंह, सूरज नारायण और टोनी सिंह को अभियुक्त बनाया गया था। तेरह साल तक चले मामले में अधिवक्ता मलकीत सिंह एवं मनप्रीत सिंह ने भाजपाइयों का पक्ष रखते हुए निर्दोष बताया था। दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मानगो शाखा के तात्कालिक मैनेजर एवं मानगो थाना के तात्कालिक थानेदार की गवाही हुई थी जिसमें उन लोगों ने केवल पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह की ही पहचान किया था। अभियुक्तों का पक्ष रखते हुए अधिवक्ता मलकीत सिंह ने कहा की सभी के ऊपर लगाए गए सारे आरोप बेबुनियाद है ये लोग केवल बंदी के दौरान बैंक के बाहर से भारतीय बंद का समर्थन करते हुए बैंक के पास से गुजर रहे थे न्यायालय को पुख्ता साक्ष्य नहीं मिल पाने के कारण प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कुमार ने सभी को बरी कर दिया जबकि एक अभियुक्त टोनी सिंह की कुछ माह पूर्व हत्या हो गई है, जिसके चलते उसे मामले से अलग कर दिया गया था।

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी धिराजगंज में एक पेड़ से लटके हुए व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान तपन कुमार महतो (45) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पटमदा के पालशबनी का रहनेवाला था। धिराजगंज में रहकर औद्योगिक क्षेत्र स्थित किसी कंपनी में दैनिक मजदूरी का काम करता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, वह नशे का आदि था और कई कई दिनों तक घर नहीं आता था। बीते रविवार की रात भी वह घर नहीं आया था। सोमवार की सुबह उसका शव नीम के पेड़ से झूलता मिला। मृतक की एक बेटी थी जिसकी शादी हो चुकी है। उसके अलावा एक बेटा है जो पढ़ाई करता है। मामला हत्या या आत्महत्या का है, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### चौरसिया समाज गम्हरिया इकाई का होली मिलन संपन्न

गम्हरिया। चौरसिया परिवार, गम्हरिया की ओर से साईं आंचल अपार्टमेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ सदस्य नरेश मंडल ने किया जबकि मंच का संचालन चौरसिया परिवार जमशेदपुर के सचिव कुमुद भगत द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में चौरसिया परिवार जमशेदपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद शामिल हुए। सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। मौके पर समाज के गम्हरिया इकाई के अध्यक्ष कैलाश चौरसिया, महामंत्री मदन मोदी, प्रदीप कुमार व कई चौरसिया बंधु उपस्थित थे।

### 'अखंड ज्योति कलश रथ' रवाना

जमशेदपुर। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने सोमवार को गायत्री शक्तिपीठ अखंड ज्योति कलश रथ को अपने निवास स्थान से रवाना किया। रथ ने पूरे बिष्टुपुर का भ्रमण किया। राय ने मां गायत्री की पूजा भी की। इस अवसर पर नीरु सिंह, अमृता मिश्रा, रिक्की केशरी, अमित, आदित्य मुखर्जी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# दिन भर में मात्र एक बार ही लगे पार्किंग चार्ज और दिन में हो भारी वाहनों पर रोक

### एसयूसीआई ने डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन कर उठाये कई जन मुद्दें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरसे बाद जनता के मुद्दों को लेकर कोई राजनीतिक दल ने सोमवार को डीसी ऑफिस पर प्रदर्शन किया। यह राजनीतिक दल है सोसलिस्ट यूनिटीइ सेंटर ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) यानी एसयूसीआई जो वामपंथी दल है। एसयूसीआई ने जोरदार प्रदर्शन के पश्चात डीसी को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र पर ध्यान दिया जाए तो कथित बड़े राजनीतिक दलों ने इन मुद्दों से खुद को दरकिनार कर रखा है। डीसी को सौंपे गए मांग पत्र में एसयूसीआई ने कहा है कि इस राज्य में सरकार, केन्द्र सरकार की ही तर्ज पर उदारीकरण, भूमंडलीकरण की नीतियों पर चल रही है। राज्य की आम गरीब जनता की सूचि न लेकर सिर्फ पूंजीपतियों की हितों की रक्षा की जा रही है। विकास योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक नहीं पहुंच रही है। भयावह बेरोजगारी फैल रही है। इसका विनाशकारी प्रभाव आज हम सबों के आंखों के सामने है। राज्य में अपराध, आत्महत्या, नशाखोरी, का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। महिलाओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ी है। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए भी लोग तरस रहे हैं। आपसे हमारा विनम्र निवेदन है कि अविलंब हुन समस्याओं के समाधान हेतू पहल करें और नीचे दिये गये हमारी मांगों पर आवश्यक कार्यवाई करें। प्रदर्शन का नेतृत्व सुमित रॉय, पनमोली,धीरेन भांड और मलय आदि कर रहे थे।



प्रदर्शन करते एसयूसीआई के नेतागण व कार्यकर्ता।

**एसयूसीआई की मांगें**

1. सभी तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि 5000 रुपया किया जाए।
2. पीएम आवास/अबुआ आवास का प्राक्कलन राशि कम से कम 4 लाख रुपया किया जाए
3. राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए अविलंब राशन कार्ड बनवाया जाए तथा छूटे हुए परिवार के सदस्यों का नाम राशन कार्ड में एक समय सीमा के अंदर एंट्री की जाए
4. घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में अविलम्ब स्वीकृत सभी पदों पर बहाली सुनिश्चित किया जाए तथा चिकित्सा व्यवस्था को दुरूस्त किया जाए
5. जमशेदपुर शहर में दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाएं फ्लाइओवर निर्माण प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा किया जाए
6. जमशेदपुर में पार्किंग वसूली में मनमानी अब सभी हदों को पार कर रही है। जहां-तहां, जितना जी चाहे,जितनी बार चाहे पार्किंग वसूली ली जा रही है। पूरे दिन में एक ही बार पार्किंग फी ली जाए और ऑथोराइज्ड व्यक्ति जिसके पास आइडेंटिटी कार्ड हो, उन्हीं के द्वारा पार्किंग वसूली की जाए
7. मंईया सम्मान योजना में व्याप्त गड़बड़ी में अविलम्ब सुधार लाया जाए तथा छुटे हुए मंईया का एंट्री शुरू किया जाए
8. मनरेगा के तहत प्रतिदिन 500 रुपया मजदूरी और साल में 200 दिन का काम सुनिश्चित करें
9. सभी किसानों का खतियान अविलम्ब ऑनलाइन किया जाए, आदि कई मांगे है

## भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी राजनीतिक दलों के साथ डीसी करेंगे बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारत के चुनाव आयोग के निदेश पर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल द्वारा समाहरणालय सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया गया। उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मतदाता सूची त्रुटिरहित हो, प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना, सुधार करना आदि का काम निरंतर चलता रहता है। उन्होने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ निरंतर सम्पर्क में रहें तथा अपने बूथ लेवल एजेंट अथवा कार्यकर्ता के माध्यम से मतदाता सूची के अपडेशन में अपेक्षित सहयोग करें। बैठक में एडीएम अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, एडीसी भागीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, राहुल आनंद, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## आंधी-तूफान के बीच बारिश, गर्मी से मिली राहत

खबर मन्त्र टीम





**जमशेदपुर/जादूगोड़ा।** मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ आये तूफान ने जमशेदपुर और आस-पास के क्षेत्रों में जहां गर्मी से निजात दिलाने का काम किया तो कई जगह पेड़ गिर गए। सबसे ज्यादा तबाही ग्रामीण क्षेत्र में हुई है। जादूगोड़ा क्षेत्र व उसके आस ऋ पास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। इधर तेज आंधी में बहकर आए पत्थर ने जादूगोड़ा के डाककर्मी अनिल मुंडा का सर फट गया।आनन फानन में उसे यूसिल अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाबत बताया जाता है कि जादूगोड़ा डाक कर्मी अपनी साइकिल से ग्वालकाटा पंचायत अंतर्गत अपने गांव बूटगोडा जा रहा था ।रास्ते ने नौरंग मार्केट के नजदीक उड़ कर आई पत्थर ने उसके सिर पर जा गिरा जिससे वह घायल हो गया। इसी तरह यूसिल कलोनी से सटे धर्म डीह गांव में भी तबाही का मंजर देखने को मिला व लकड़ी के बिजली पोल उखड़ गई व रात भर दुरुस्त करने में लगे रहे। पानी टंकी का ढक्कन, कई घरों के एस्बेस्टस की छत व मंदिर को भी नुकसान पहुंचाया। हाल में लगे बिजली के सीमेंट पोल भी उखड़ गए। इसके अतिरिक्त जादूगोड़ा से सटे गांव धीरोल पंचायत के नूतन डीह, बागो में भी तबाही हैं। यहां गाव के ही सोनेश्वर सरदार, राजेश सरदार, पुकरु सरदार,विष्णु सरदार रिंगू सरदार को एस्बेस्टस की छत तूफान में उजड़ गए व ग्रामीण खुले आसान के नीचे रहने को विवश है। तूफान ने यूसिल अस्पताल की रौनक ही खत्म कर दी।

अस्पताल में शोभा के लिए रखे गमले टूट कर इधर उधर बिखर गए। दर्जनों पेड़ उखड़ कर आवागम ठप कर दिया।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने सैनिक की गिरफ्तारी के खिलाफ डीसी और एसएसपी को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने छुट्टी पर आए सेना के जवान हवलदार सूरज राय के साथ जुगसलाई थाना द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के खिलाफ उपायुक्त एवम् वरीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया एवं सेना के जवान को तत्काल प्रभाव से रिहा करने एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग रखी। इस अवसर पर माननीय सांसद प्रतिनिधि संजीव भी उपस्थित रहे। मामले कि गंभीरता को देखते हुए सेना एवं पुलिस प्रशासन के वरीय अधिकारी भी जमशेदपुर का दौरा करने पहुंचे। जिला प्रशासन ने सभी पूर्व सैनिकों एवं सेना को आश्वस्त किया है कि वे इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेंगे और सैनिक एवं सेना के गरिमा की रक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारीयों के साथ सैकड़ो की संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित थे। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड के प्रांतीय महामंत्री सिद्धनाथ सिंह, उपाध्यक्ष राजेश के पांडे, विनय यादव, जितेंद्र सिंह सत्येंद्र कुमार सिंह राजीव सिंह मनोज कुमार सिंह अनुपम शर्मा संजय सिंह संतोष सिंह अनिल सिन्हा के एन सिंह हरे श्याम पांडे हरी सिंह उमेश शर्मा डीएन सिंह किशोर प्रसाद पुरी किशोर कुमार निर्मल कुमार सर वर्मा,'सुखविंदर सिंह' एवं अन्य।

## बालीगुमा में मानगो नगर निगम और सीओ ऑफिस बनाने का विरोध





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** ग्राम सभा बालीगुमा और गोड़गोड़ा के संयुक्त तत्वाधान में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित मानगो नगर निगम कार्यालय एवं मानगो अंचल कार्यालय निर्माण के विरोध में जन आक्रोश रैली प्रदर्शन किया गया। इस रैली में आदिवासियों ने पारंपरिक हरवे हथियार तीर धनुष और वाद्य यंत्र के साथ रैली के शक्ल में पहुंचे। ग्रामीणों का दावा है कि यह स्थल में बालीगुमा तथा गोड़गांडा के ग्रामीण पूर्वज काल से ही पारम्परिक शमशान घाट (माड़घाटी) जमीन एवं संथालों के पवित्र धार्मिक स्थल बिंदू चांदान जाहेर गाढ़ के रूप में व्यवहार करते है।

## सिंहभूम चैम्बर का होली मिलन समारोह हुआ रंगारंग कार्यक्रमों से सराबोर

**चैम्बर सदस्यों एवं उनके परिवारजनों ने उठाये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम के बीच स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद**

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के अवसर पर होली मिलन का आयोजन नरभेराम हंसराज स्कूल के परिसर, बिस्टुपुर में गत सोमवार की शाम सम्पन्न हुआ। होली के उपलक्ष्य में चैम्बर के द्वारा होली मिलन को भव्य रूप में आयोजित किया गया। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित किशोर कौशल, एसएसपी पूर्वी सिंहभूम एवं विशिष्ट अतिथि नकुल कमानी, वरिष्ठ उधमी ने कहा, यह होली मिलन चैम्बर सदस्यों उनके परिवारजनों को हर्षोल्लास के साथ एक सूत्र में बांधता है। चैम्बर के द्वारा किया गया यह आयोजन एक अच्छी परंपरा है अपने सांस्कृतिक धरोहरों को संजोने का। चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने कहा कि चैम्बर कि यह परंपरा रही है कि बड़े त्योहारों जैसे दीवाली, होली के पश्चात चैम्बर सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों को एक स्थान पर एकत्रित कर ऐसे पर्व त्योहारों का आनंद उठाये। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल गोल्डी एवं सचिव सुरेश शर्मा लिपु ने बताया कि इस बार होली मिलन में सदस्यों के मनोरंजन के लिये शहर के कलाकारों को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन हेतु आमंत्रित किया गया था एवं लजीज व्यंजनों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष अनिल मोदी, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव भरत मकानी, अंशुल रिंगसिया, बिनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिप्पु, कोषाध्यक्ष अनिल रिंगसिया, कौशिक मोदी, मनोज गोयल, उमेश खीरवाल, रोहित अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल, आनंद चौधरी, अनंत मोहनका, शुभम सेन, दीपक चेतानी, आकाश मोदी, विनीत अग्रवाल, पीयूष गोयल, रोहित काबरा, प्रीतम जैन, संजय शर्मा, सन्नी संघी, मंटू अग्रवाल, अजय भालोटिया, अशोक गोयल, पीयूष गोयल, मोहित मुनका इत्यादि ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, ए के श्रीवास्तव, निर्मल काबरा, उमेश कांवटिया के अलावा शहर के गणमान्य लोग राज पारीक, जगदीश खंडेलवाल, कैलाश सरायवाला, सतीश सिंह, स्मिता पारीक एवं सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सांसद जोबा माझी ने संविदा एवं आउटसोर्स श्रमिकों की छंटनी का मामला संसद में उठाया



चक्रधरपुर। सिंहभूम की सांसद जोबा माझी ने सोमवार को अतारांकित प्रश्न के माध्यम से झारखंड में संविदा एवं आउटसोर्स श्रमिकों की छंटनी का मामला संसद में उठाया। सांसद जोबा माझी ने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय से जानकारी मांगी कि रोजगार उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धताओं के बावजूद पिछले दस वर्षों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं निजी क्षेत्रों में संविदा एवं आउटसोर्स पर कार्यरत कितने श्रमिकों की छंटनी की गई। उन्होंने पूछा कि क्या सरकार ने इस तथ्य पर गौर किया है कि झारखंड में स्थित बोकारो स्टील प्लांट, सेल सीमेंट, कोयला एवं परिवहन कंपनियों में छंटनी के कारण बड़े पैमाने पर बेरोजगारी पैदा हुई है, जो आदिवासी बहुल झारखंड के लिए अच्छा संकेत नहीं है। साथ ही पूछा कि क्या सरकार ऐसी कंपनियों को श्रम कानूनों का सख्ती से पालन करने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने का विचार रखती है। सांसद के प्रश्न के उत्तर में श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों में छंटनी से संबंधित मामले औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (आईडी अधिनियम) के प्रावधानों द्वारा शासित होते हैं। औद्योगिक विवाद अधिनियम के अनुसार, 100 या उससे अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले प्रतिष्ठानों को बंद करने, छंटनी या ले-अफ करने से पहले उपयुक्त सरकार की पूर्व अनुमति लेनी आवश्यक है। औद्योगिक विवाद अधिनियम में छंटनी और छंटनी किए गए श्रमिकों को मुआवजे के अधिकार का भी प्रावधान है और इसमें छंटनी किए गए श्रमिकों को फिर से रोजगार देने का प्रावधान है। श्रम विषय समवर्ती सूची में आता है। औद्योगिक संबंध अधिनियम में निर्धारित अपने-अपने अधिकार क्षेत्र के आधार पर, केंद्र और राज्य सरकारें श्रमिकों की समस्याओं के समाधान और उनके हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करती हैं। स्टील अथरिटी अफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दस वर्षों के दौरान झारखंड में सीधे तौर पर नियुक्त ठेका मजदूरों और दैनिक वेतनभोगी मजदूरों की छंटनी नहीं की गई है।

### माटकु तथा तेतला में हेल्थ कम कम्युनिटी पार्क बनेगा



पोटका। विधायक संजीव सरदार के पहल पर प्रखंड के तेंतला पंचायत के तेंतला( रिसोर्ट के पास) तथा माटकू पंचायत के तिलाईडीह चौक में हेल्थ कम कम्युनिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। इस संबंध में विधायक द्वारा निदेशक पंचायती राज, झारखंड सरकार को पत्र प्रेषित कर अनुशंसा किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों विशेषकर वृद्धजनों, महिलाओं, बच्चों व युवाओं के लिए एक स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यप्रद वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे पार्कों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह न केवल लोगों के शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देगा बल्कि सामुदायिक मेलजोल, सामाजिक समरसता को भी सशक्त बनाएगा। विधायक के अनुशंसा पर पंचायती राज विभाग द्वारा जिला परिषद पूर्वी सिंहभूम के कार्यपालक अधिकारी सह डीडीसी को निर्देश पर डीडीसी ने जमीन उपलब्ध कराने हेतु सीओ पोटका को आवश्यक निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में पोटका की अंचलाधिकारी निकीता बाला ने सोमवार को तेंतला और तिलाईडीह चौक पहुंचकर जमीन का सीमांकन कराया एवं इस संबंध में प्रतिवेदन सौंपा है। ग्रामीण क्षेत्र तेंतला और तिलाईडीह में हेल्थ कम कम्युनिटी सेंटर निर्माण होने से नागरिकों को वाकिंग, मनोरंजन सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। ऐसे ही दो हेल्थ कम कम्युनिटी पार्क निर्माण की अनुशंसा जमशेदपुर प्रखंड के कीताडीह व बागबेड़ा के लिए भी विधायक द्वारा किया गया है।

### डॉ यमुना तिवारी रचित काव्य संकलन लोकार्पित





जमशेदपुर। सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलनध्तुलसी भवन द्वारा संस्थान के मानस सभागार में साहित्य समिति, तुलसी भवन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी 'व्यथित' के चयनित त्वरित कविताओं का संकलन 'समय के साक्षी शब्द' का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसी भवन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र मुनका तथा संचालन साहित्य समिति की उपाध्यक्ष डॉ वीणा पाण्डेय 'भारती' ने की। मुख्य अतिथि के रुप में रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पाण्डेय उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में अरका जैन विवि के निदेशक डॉ अंगद तिवारी, टाटा मोटर्स के पूर्व उपमहाप्रबंधक डॉ चन्देश्वर खां तथा तुलसी भवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी मंचासीन रहे। सरस्वती वंदना डॉ रागिनी भूषण ने प्रस्तुत किया। स्वागत वक्तव्य तुलसी भवन के मानद महासचिव डॉ प्रसेनजित तिवारी ने दिया। लोकार्पित पुस्तक पर पाठकीय प्रतिक्रिया वसंत जमशेदपुरी ने प्रस्तुत किया। पुस्तक प्रकाशन के वित्त पोषक कन्हैया लाल अग्रवाल को लोकार्पण के पश्चात पुस्तक समर्पित की गई। इसके बाद रचनाकार का परिचय कैलाश नाथ शर्मा 'गाजीपुरी' एवं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन तुलसी भवन कार्यकारिणी के प्रसन्न वदन मेहता द्वारा दी गई।

### साकची में भारतीय एकता मंच का होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित



जमशेदपुर। भारतीय एकता मंच द्वारा साकची आम बागान मैदान में आयोजित होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। मंच के अध्यक्ष परविंदर सिंह के नेतृत्व में होली लोक गीत संगीत रंग गुलाल के साथ उमंग उत्साह के साथ शहर के नेता, समाज सेवी एवं गणमान्य अतिथि गण उपस्थित हुए और होली का आनन्द लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान, अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष सरदार ज्योति सिंह माथारू, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद सिंह, गौ रक्षा समिति के उपाध्यक्ष राजू गिरी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रविंद्र कुमार झा, विजय खान, अजय सिंह, रामाश्रय प्रसाद, राकेशेश्वर पांडे, रघुनाथ पांडे, समाजसेवी अविनाश सिंह राजा, सेंट्रल गुरुद्वारा के प्रधान भगवान सिंह, सरदार शैलेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह मस्तान, राजकुमार सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष पंकज सिंहा, पार्षद परितोष सिंह, संजीव श्रीवास्तव, प्रिंस सिंह, साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह, अजमेरी खान, झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महावीर मुर्मू, गोल्डी तिवारी, बबन राय, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नलिनी सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, कांग्रेस ओबीसी सेल के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, विनोद राम के अलावा कई सामाजिक हस्तियों ने भाग लिया। होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल उड़े और लोगों ने मस्ती के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय एकता मंच के अध्यक्ष परविंदर सिंह, प्रकाश लाल, विक्की चौधरी, आनंद प्रसाद, मुन्ना तिवारी, विश्वदीप डे, राजेश श्रीवास्तव, कौशल प्रधान और संस्था के संस्थापक शाहनवाज आलम जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### रामनवमी को लेकर जेनरल कमिटी गठित



चैनपुर पलामू। रामनवमी जेनरल महावीर नवयुवक दल चैनपुर बाजार में कमिटी गठित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आनंद प्रसाद ने की। चुनाव में सर्वसम्मति से कमिटी के पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष चंदु गुप्ता, महामंत्री नितेश कमलापुरी, कोषाध्यक्ष ज्योती प्रसाद, मुख्य संरक्षक आनंद प्रसाद, उमेश प्रसाद, सुरेश प्रसाद आर्य, शिवनाथ प्रसाद, अमित कुमार, अरूण प्रसाद बनाये गये। सभी अधिकारी व कार्यकर्ता शांति व भाईचारे के साथ पूजा मनाने का संकल्प लिया।

### बंगैया मोड महावीर चौक में 6 अप्रैल को निकाला जायेगा रामनवमी का झंडा



पाटन पलामू। रामनवमी 6 अप्रैल को भगवान राम के जन्मदिन के रूप में मनाया मनाया जाएगा। इसी के उपलक्ष में नावाजयपुर थाना क्षेत्र के बंगैया मोड महावीर चौक पर वर्ष 2022 से लगातार झंडा मिलान मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। नावाजयपुर थाना क्षेत्र के पांच पंचायत के ग्रामीण एवं गणमान्य लोगों ने बैठक किया। बैठक में रामनवमी को लेकर नए कमेटी का गठन किया। जिसमें अध्यक्ष जगदीश पांडे, उपाध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, सचिव मनोज प्रसाद, उपसचिव मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी, उपेंद्र वर्मा, कोषाध्यक्ष अजय यादव, उप कोषाध्यक्ष डॉ सुभाष प्रसाद, संरक्षक विनोद पांडे, जोगिंदर यादव, संयोजक अशोक राम, उप संयोजक नवल राम, व्यवस्थापक विनोद सिंह, मीडिया प्रभारी ब्रजेश कुमार, महासंरक्षक में पांचो पंचायत के मुखिया को सर्वसम्मति से चुना गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया कि रामनवमी पर्व इस बार हर्ष उल्लास व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष जगदीश पांडेय ने कहा कि पूर्व के भांति इस वर्ष भी पांचो पंचायत से झंडा निकाला जाएगा जिसका मिलान बंगैया मोड महावीर चौक पर किया जाएगा। साथ ही संध्या 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला का आयोजन किया गया है। इस मौके पर नावाखास पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, पंचायत समिति अखिलेश यादव, महुलिया मुखिया प्रतिनिधि रोहित रजक, शिक्षक संजय पांडेय, बीरेंद्र कुमार, संतोष प्रजापति, अवधेश मेहता एवं नागेंद्र प्रसाद एवं सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### रेलवे कर्मचारी प्रभात दुबे ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान किया



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के राजहरा गांव में राजकुमार व्हाट्सएप ग्रुप के सदस्यों के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पलामू के सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक सब भजन गायक घनश्याम तिवारी मंडली के द्वारा होली पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। होली मिलन समारोह के अवसर पर रेलवे कर्मचारी प्रभात कुमार दुबे ने मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान करने का ऐलान किया। मौके पर अजीत कुमार दुबे, प्रभात कुमार दुबे, ओमप्रकाश दुबे, मृत्युंजय कुमार दुबे, संदीप कुमार दुबे, संजीव कुमार दुबे, कमलेश दुबे, राकेश दुबे, संजीव कुमार दुबे, राहुल कुमार दुबे, किशोर दुबे, संतोष तिवारी,अशोक विश्वकर्मा, गोलू, राजन, अंकित, विशाल, छोटू, सोनू, मुन्ना सिंह, टुनटुन सहित सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे। इस पुनीत कार्य के लिए ग्रामवासियों में काफी हर्ष की लहर हैं। उपस्थित अभिभावकों ने नवयुवको के इस कदम की सराहना की हैं।

### दुखदायी है मां का इस धरा धाम से चले जाना : प्रियरंजन पाठक




मेदिनीनगर। इस धरा धाम से मां का चले जाना किसी पुत्र और पुत्री के बहुत ही दुखदाई पल होता है। मां का स्थान कोई नहीं ले सकता और न ही उनकी भरपाई की जा सकती है। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा मंच के केंद्रीय अध्यक्ष, रिसर्च एंटी क्रप्शन ब्यूरो के राष्ट्रीय प्रवक्ता, सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा पलामू के प्रवक्ता, हिन्दी साहित्य भारती पलामू के उपाध्यक्ष प्रियरंजन पाठक ने कही। बताते चले कि मेदिनीनगर स्थित शांतिपुरी मुहल्ला निवासी प्रदीप कुमार मिश्र की माता सावित्री देवी का निधन 12 मार्च बुधवार को संध्या 4 बजे हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहीं थी। पाठक ने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में राष्ट्रीय सेवा मंच परिवार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। मौके पर प्रदीप कुमार मिश्र से मुलाकात करने वालों में राष्ट्रीय सेवा मंच के पलामू जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह, सचिव प्रेम प्रकाश दुबे, सदस्य अनुज कुमार पाठक, सदस्य अशोक कुमार मिश्र तथा सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के पलामू जिलाध्यक्ष प्रोफेसर के के मिश्र शामिल थे।

### भीषण पेयजल त्रासदी की ओर बढ़ रहा है मेदिनीनगर : आशीष भारद्वाज



मेदिनीनगर। नगर निगम क्षेत्र संपूर्ण रूप से ड्राई जोन हो चुका है और हर घर में पेयजल की भयावह समस्या है। विगत वर्ष पानी यात्रा के माध्यम से ज़िले का ध्यान इस ओर आकर्षित करने वाले समाजसेवी सह युवा भाजपा नेता आशीष भारद्वाज ने इस वर्ष भी सहायक नगर आयुक्त से मुलाकात कर शहर में इस वर्ष होने वाले भीषण पेयजल त्रासदी से आगाह करवाते हुए पेयजल संकट के निदान हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने का आग्रह किया। सहायक नगर आयुक्त को भारद्वाज ने ज्ञापन देते हुए अवगत करवाया कि कोयल नदी अभी ही सम्पूर्ण रूप से सूख चुकी है, कुछ दिनों में सारा पेयजल स्रोत सूख जाएगा। ऐसे में आनेवाले दिन कितना भयावह होनेवाला है। ज्ञापन के माध्यम से भारद्वाज ने नए जुड़े नगर निगम क्षेत्र जैसे निमिया, बाजराहा, सिंगरा, चियांकी, पोखराहा, सेमरटाड़ आदि इलाकों के किए जा रहे अनदेखी के बारे में भी सवाल किया। इन सभी मामलो पर विस्तृत रूप से आशीष भारद्वाज ने बताया कि नगर निगम से जुड़े नए क्षेत्रों के साथ नगर निगम के पदाधिकारी सौतेला व्यवहार कर रहे है, इन इलाकों में मूल-भूत सुविधा जो निगम का काम है जैसे नाली, गली, सफाई, लाईट सब नदारद है। अगर नगर निगम के पदाधिकारियों से इन इलाकों में सुविधा देना संभव नहीं हो पा रहा है तो ये सरकार को लिखकर इन इलाकों को निगम क्षेत्र से मुक्त करने को आग्रह करे या सीमित समय में सुविधा दें नहीं तो हम आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार है। ज्ञापन देने वालों में दिलीप गिरी, प्रभात सिंह, सूरज सिंह, सुजीत गुप्ता, रिशु दुबे आदि कई लोग शामिल थे।

### मृतक के परिजन से मिले दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान



पाटन पलामू। पाटन थाना क्षेत्र के जोड़ा निवासी कमलेश सिंह की आकस्मिक मृत्यु हो गई। इस घटना की सूचना मिलते ही दलित कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान, दलित कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पासवान, मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह मृतक के परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। अशोक पासवान ने मौके पर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। संकट की घड़ी में मृतक के परिजनों के साथ हैं। इस घटना पर दुख जताते हुए शोक व्यक्त किया।

## खपरमंडा नदी में घटिया पुल निर्माण के विरुद्ध ग्रामीणों का धरना-प्रदर्शन

## पुल निर्माण के गुणवत्ता से नहीं किया जायेगा समझौता : डॉ मेहता

- विधायक शशिभूषण मेहता घटिया निर्माण कार्य होता देख संवेदक पर भड़के

खबर मन्त्र संवाददाता



मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्या सुनते पांकी विधायक।

**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के खपरमंडा नदी में बन रहे घटिया पुल निर्माण के विरुद्ध ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन में पांकी के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए।

विधायक घटिया निर्माण कार्य होते देख संवेदक पर भड़क गये। विभाग के जई, एसडीओ, इंजीनियर निर्माण स्थल पर पहुंच कर निर्माण कार्य का जायजा लिया। विभाग के पदाधिकारी ने स्वीकार किया कि हमलोगों के अनुसार निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। अब हमलोगों के निगरानी में इस्टीमिट के अनुसार निर्माण कार्य होगा। जो कार्य किया गया उसे ध्वस्त कर पुनः गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया जायेगा। इधर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता स्वयं मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके संघर्ष में पूर्ण समर्थन दिया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि जनता के पैसों की लूट और भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की सरकार और प्रशासन को इस मामले की जांच कराते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई करनी होगी। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि जनता के अधिकार और विकास कार्यों में पारदर्शिता के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, पंकज यादव, मंटू शर्मा, कार्तिक सिंह एवं हजारों ग्रामीण उपस्थित थे।

## श्रीनारायण मल्टीस्पेसलिटी हॉस्पिटल में हुआ ब्रेन का ऑपरेशन

## डॉ राहुल और उनकी टीम ने बचाई मरीज की जान

### सब भगवान की कृपा का है प्रतिफल : डॉ अग्रवाल

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** डॉ राहुल अग्रवाल व उनके टीम के अथक प्रयास से एक मरीज की जान बचाई गयी है। डॉ राहुल अग्रवाल के हॉस्पीटल श्रीनारायण मल्टीस्पेसलिटी में मरीज के ब्रेन का ऑपरेशन न्यूरो डॉ अशोक, डॉ विकास, इंटेसीविस्ट डा परेश, क्रिटिकल केयर डॉ राहुल द्वारा किया गया गया है। डॉ राहुल अग्रवाल ने बताया कि हॉस्पिटल में 15 मार्च को मरीज को भर्ती कराया गया है। इसमें मारपीट के मामले मे घटना घटित हुआ था। मारपीट में ब्रेन में चोट लगने से खुन जम गया था। इसके बाद मरीज को अत्यंत नाजुक स्थिति में भर्ती कराया गया। इसमें मरीज उपेंद्र चंद्रवंशी, पिता रामस्वरूप चंद्रवंशी ग्राम अमहर पोस्ट विशुनपुरा जिला गढ़वा का ब्रेन का ऑपरेशन कर जमें खून को निकाला गया। डॉ राहुल ने कहा कि भगवान के आशीर्वाद से मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। फिलवक्त मरीज खतरे से बाहर हैं। इस चमत्कार से मरीज उपेंद्र के परिजन में खुशी है। मालूम हो कि श्रीनारायण मल्टीस्पेसलिटी किडनी मरीजों, घटना दुर्घटना मामलों मे पलामू में वरदान बन गया है।

## जपला आरपीएफ ने महिला बोगी में यात्रा कर रहे सात को पकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने जांच अभियान चलाकर महिला बोगी में यात्रा करने के जुर्म में 7 यात्रियों को पकड़कर जुर्माना वसूल किया। बताया जा रहा है कि आरपीएफ को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि महिला बोगी में पुरुष यात्री बैठ कर अवैध रूप से यात्रा करते हैं। जिससे महिला यात्रियों को काफी परेशानी होती है। शिकायत के आलोक में आरपीएफ ने सोमवार को जांच अभियान चलाया। अभियान में विभिन्न ट्रेनों से महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा करते 7 पुरुष यात्री को पकड़कर रेलवे एक्ट के तहत जुर्माना वसूल किया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि महिला व दिव्यांग बोगी में अवैध रूप से पुरुष रेल यात्री बैठकर सफर करते हैं। जिससे महिला यात्रियों व दिव्यांगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिसके आलोक में पुलिस ने जांच अभियान चलाकर 7 यात्री को पकड़कर जुर्माना वसूला है। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए पुरुष यात्रियों को महिला व दिव्यांग बोगी में यात्रा नहीं करने की अपील की है। इस अभियान में एसआई कार्तिक बिंझा, एएसआई उमेश चंद्रा, आरक्षी सुधीर कुल्लू, अनवर हुसैन, छोटेलाल यादव, बिनोद यादव समेत कई शामिल थे।

## राजनीतिक दलों के अध्यक्ष और सचिव के साथ डीसी करेंगे बैठक

चुनाव आयोग के स्तर से निर्गत दिशा निर्देशों से कराया जाएगा अवगत, महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी होगी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

>> 19 मार्च को अपराह्न 1:30 बजे से समाहरणालय सभागार में होगी बैठक



**मेदिनीनगर।** कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल एवं मान्यता प्राप्त राज्य राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव को विचार-विमर्श के लिए आमंत्रित किया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त शशि रंजन द्वारा 19 मार्च को अपराह्न 01:30 बजे से समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' के सभाकक्ष में दलों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से निर्गत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों से अवगत कराया जायेगा। साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार-विमर्श होगा। विदित हो कि भारत के चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। इससे पहले 4 एवं 5 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओएस को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर सख्ती से हल करने का निर्देश दिया है। राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961 माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

### चैनपुर : सात सौ ग्राम ब्राउन सुगर के साथ 3 गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मंगरदाहा घाटी के समीप पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक कार से लगभग सात सौ ग्राम ब्राउन सुगर व आठ लाख 89 हजार रूपये नकद बरामद किया है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी कि एक सफेद रंग के कार से तीन लोग सवार होकर गढ़वा की ओर से डालटनगंज की तरफ आनेवाले हैं। इस आधार पर मंगरदाहा घाटी के समीप औचक छापेमारी किया गया। जिसमें एक कार को रोकवाकर उसकी तलाशी ली गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार मनीष कुमार, चिराग कुमार व तुफानी राईन के पास से लगभग सात सौ ग्राम से अधिक ब्राउन सुगर व नकद राशि बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में ओरिएंटेशन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में दिशा-निर्देश (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ एके सिंह द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षकों व नवीन अभिभावकों, छात्रों के मध्य बेहतर समायोजन और विद्यालयीन गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के दृष्टिकोण से किया गया। प्राचार्य ने कहा कि शिक्षकों के साथ-साथ आप भी हमारे सदस्य हैं। आपके लिए मेरा द्वार हमेशा खुला है। उन्होंने यहां के माहौल से अवगत कराया। छात्र की सफलता के लिए आवश्यक टिप्स और सुझावों पर चर्चा की। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के द्वारा बेहतर शैक्षिक वातावरण का पूर्ण प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि हमेशा सकारात्मक रहें एवं हर चुनौतियों का सामना करने के लिए तत्पर रहें। शिक्षिका तनुश्री द्वारा अभिभावकों को विद्यालय संबंधित दिशानिर्देश बताया। लगभग 250 से अधिक अभिभावक इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य ध्येय विद्यालय के सुचारू संचालन व अनुशासित विद्यार्थी का निर्माण करना है। मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन शिल्पी गुप्ता के द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में चली गोली, एक घायल



पाटन पलामू। आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान पाटन थाना क्षेत्र के निमियां ग्राम निवासी धिरेनदर सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार निमियां ग्राम के ही विजय कुमार सिंह एवं रंजीत सिंह ने धिरेंद्र सिंह को गोली मारी। धीरेंद्र को परिजनों ने मेदिनीनगर अस्पताल ले गये जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने रिम्स रांची रेफर कर दिया। लोगों ने बताया कि रविवार की शाम होली के अवसर पर आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम निमियां विद्यालय में किया गया था। कार्यक्रम में दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद रात 10 बजे विजय और रंजीत दोनों धिरेंदर के घर पहुंचे। विजय सिंह ने धिरेंदर को गोली मार दी। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों पक्षों में पहले से ही विवाद चल रहा था। सूचना पाते ही पाटन थाना प्रभारी लालजी ने घटना स्थल पहुंच कर आरोपी को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। लालजी ने बताया कि आपसी विवाद में गोली मारी गई है। पुलिस मामले मामले की छानबीन कर रही है। गिरफ्तार रंजीत सिंह उर्फ चिंटू सिंह वर्तमान में पाटन झामुमो पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष हैं।

### खलिहान में आग लगने से पुआल जलकर खाक

पाटन पलामू। नावा जयपुर के सत्येंद्र तिवारी पिता गुप्तेश्वर तिवारी ने विरेंद्र तिवारी उर्फ उपेंद्र तिवारी, चिंता देवी, राहुल तिवारी, अक्षय तिवारी पर खलिहान में आग लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि वह सुबह महुलिया यज्ञ में गये हुए थे। इसी दौरान उक्त लोगों ने मिलकर खलिहान में रखे पुआल में आग लगा दिया। इससे पुआल जलकर राख हो गया। सभी अभियुक्त ने पत्नी को आग में डालने का असफल प्रयास किया। पत्नी किसी तरह वहां से भाग कर जान बचाई। भुक्तभोगी ने नावा जयपुर थाना प्रभारी से अभियुक्तों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## सुकन बीघा में खुला ग्रेट राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल

रूपा देवी एवं ज़िप सदस्य, पंचायत प्रतिनिधियों ने किया उदघाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के देवरी कला पंचायत के सुकन बीघा मोड़ के पास ग्रेट राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल खोली गई। इसका उदघाटन रविवार को वरिष्ठ समाज सेविका रूपा देवी एवं हुसैनाबाद उत्तरी जिप सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता, शामेत स्थानीय पंचायत के प्रतिनिधियों ने किया। मौके पर रूपा देवी ने कहा कि जब से जपला सीमेंट फैक्ट्री बन्द हुआ है तब इस क्षेत्र के लोग शिक्षा व चिकित्सा जैसे महत्वपूर्ण आवश्यकता से कोसो दूर है। सरकारी स्तर पर स्कूले तो खुले हैं लेकिन इस परिक्षेत्र के बच्चों को उत्तम शिक्षा नही मिल पाती थी। लोगों ने जिप सदस्य राजू मेहता के माध्यम से इस विद्यालय खोलने का निर्णय लिया ताकि इधर के नौनिहाल बच्चों को सस्ते दर पर उत्तम शिक्षा मिल सके। संचालन राकेश मेहता ने किया। मौके पर अजित कुमार सिंह, मनोज भारती, ओपी एसआई अखिलेश यादव, रामशंकर चौधरी, संतोष मेहता, रामसुंदर यादव, कन्हैया कुमार, अजय भारती, उदेश्वर राम, उदय यादव, अमित विश्वकर्मा, सोनी देवी, परशुराम मेहता, अशोक मेहता, मुकेश राम मनु पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे।

## देवरानी संगीत महाविद्यालय के पंकज का बिहार में शिक्षक पद पर हुआ चयन

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** रेडमा रांची रोड स्थित संगीत प्रशिक्षण केंद्र देवरानी संगीत महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त छात्र पंकज कुमार ने बिहार सरकार के द्वारा आयोजित उच्च माध्यमिक विद्यालय संगीत शिक्षक के पद पर नियुक्ति पत्र हासिल कर गौरवांवित किया। इस खुशी के मौके पर देवरानी संगीत महाविद्यालय के निदेशक नीरज कुमार मिश्रा और संगीत गुरु सूरज कुमार मिश्रा ने पंकज कुमार को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि आज अगर उनके स्व पिता पंडित राजाराम मिश्रा जीवित होते तो इस गौरव के पल से अत्यंत गौरवांवित होते। 32 वर्षों से शहर में संचालित इस संगीत महाविद्यालय से अब तक हजारों विद्यार्थियों ने संगीत की शिक्षा प्राप्त करके प्राइमरी, मिडिल, हाई स्कूल जैसे सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों के कई शिक्षण संस्थानों में संगीत प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत हैं।

### 15वीं रमजान तरावीह की नमाज अदा की गयी



तरहसी पलामू। तरहसी प्रखंड के जामा मस्जिद में 15 वीं रमजान को खत्म ए कुरान/तरावीह की नमाज मुकम्मल पढ़ी गई। नमाज के बाद इमाम तफसीर आलम ने कहा कि रमजान महीना 12 महीना में पवित्र है और फलदाई भी है इसमें रोजा रखना अति आवश्यक है, इसमें नमाज पढ़ने से सवाब मिलती है। उन्होंने कहा कि अल्लाह ने रमजान में अपने बंदों के लिए काफी बरकत देते हैं। हम सब को अल्लाह के हुक्म के फरमान का पालन करना चाहिए। यह महीना मोमिनो के लिए अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा भी है। नमाजियों ने मौलाना तफसीर को नजराना देकर एवं फूलमाला से नवाजा। मौके पर आफताब आलम, अरशद अहमद, शमशेर आलम, गुलाम सरवर, फारूक अहमद, सरताज अहमद, एजाज अहमद, शाहिद सहित कई नमाजी उपस्थित थे।

### लाल मेडिकल में आर्किड आउटरीच गैस्ट्रो क्लिनिक का उदघाटन 22 को

मेदिनीनगर। नावाहाता सेवा सदन के सामने स्थित लाल मेडिकल हॉल में रांची आर्किड आउटरीच गैस्ट्रो क्लिनिक का उदघाटन 22 मार्च को किया जायेगा। आकाश वर्मा व अभिनव तिवारी ने बताया कि इस मेडिकल में रांची के प्रसिद्ध गैस्ट्रो एंटरोलॉजिस्ट डॉ अखिलेश यादव के द्वारा मरीजों की जांच कर दवा दी जायेगी। पेट, लीवर से जुड़ी समस्याएं समेत कई गंभीर रोगों का उपचार किया जायेगा।

## रामजन्म उत्सव को लेकर रामनवमी महासमिति की बैठक

रामनवमी धूमधाम से मनाने का हुआ निर्णय

मुख्य संरक्षक बने दिनेश कश्यप, संयोजक लोकनाथ केसरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के महावीर जी भवन में हिंदी पञ्चाङ्ग विक्रमसम्मत 2082 के स्वागत व रामजन्म उत्सव सह महाराम नवमी को लेकर एक बैठक की गई। यह आरएसएस के जिला संघ चालक के मार्गदर्शन में आगामी हिन्दू नूतन वर्ष व रामनवमी को भव्य तरीके से मनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया।

साथ ही इस वर्ष रामनवमी उत्सव के बेहतर व सफल बनाने के लिए एक महासमिति का गठन किया गया। जिसमें शहर प्रबुद्ध गणमान्य लोगों ने अपने अपने विचार प्रकट किये । पूजा को सफल बनाने व विभिन्न अखाड़ा समिति से सम्पर्क, संचालन आदि कार्यो के लिए पदाधिकारी की पद व दायित्वों को निर्वाहन हेतु घोषणा की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक दिनेश प्रसाद कश्यप, सह संरक्षक देवेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रवण अग्रवाल, मनीष अग्रवाल उर्फ मिंटू लाल, डॉ आलोक रंजन, रामेश्वर राम उर्फ छठन को घोषित किया गया वहीं मुख्य संयोजक लोकनाथ केसरी, सह संयोजक सत्येन्द्र चंदेल, दीनानाथ सोनी, राजकुमार कश्यप, सचिन आनंद, गौतम कुमार पटेल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, राकेश तिवारी को बनाया गया हैं। जबकि सचिव गौतम कांशयकार उर्फ भोला एवं शम्भू शुंडिक को जबकि सह सचिव के रूप में संतोष कश्यप, जितेंद्र कुमार,मनीष कश्यप, अनिमेष अग्रवाल, राजेन्द्र पाल कोषाध्यक्ष ऋषिकेश कश्यप, पंकज गुप्ता राहुल केशरी को दायित्व सौंपा गया है।

वहीं अखाड़ा प्रमुख जितेंद्र गुप्ता, शाहयक अनुज ठाकुर को बनाया गया हैं, जबकि कार्यकारणी सदस्यों में मुकुंद अग्रवाल बबलू गुप्ता, राजू गुप्ता संतोष गुप्ता, विकास कुमार, राज गुप्ता, बजरंगी प्रजापति पंकज कांशयकार को बनाया गया हैं। बैठक समाप्ति से पूर्व 23 मार्च को दोपहर 1 बजे से सभी अखाड़ा समितियों के साथ बैठक करने का निर्णय लिया गया हैं। मौके पर सैकड़ो धर्म प्रेमी व समाज के प्रबुद्ध और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उच्च विद्यालय कोठिला के सफल पूर्ववर्ती छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड के कोठिला ग्राम स्थित स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में सोमवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि देव प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव संतोष कुमार राय, प्रधानाध्यापक अद्रेश कुमार यादव, नरेंद्र पांडेय, टेट पास सहायक शिक्षक संघ प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, राजकुमार पासवान, संजय यादव, संगीता कुशवाहा, सुरेश सिंह, संतोष गुप्ता, प्रमोद प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रेलवे, आर्मी, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों में कार्यरत 17 पूर्ववर्ती छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अपने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र जब सफलता प्राप्त कर किसी पद पर बैठते हैं। तो शिक्षक को सबसे ज्यादा खुशी होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक मृत्युंजय कुमार सिंह ने की तथा संचालन शिक्षक नीरज पाठक ने किया। समारोह को सफल बनाने में शिक्षक मनीष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार गुप्ता, अमितांशु कुमार, उपेंद्र यादव, नारायण कुमार, उमेश प्रसाद यादव, अनिल यादव, कमलेश यादव का योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ संतोष यादव, संजय शर्मा, संजय कुमार, प्रभात रंजन, सत्यविजय सिंह, राजेश सक्सेना, जितेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश मिश्रा, संजय गुप्ता, मथुरा रजक, सत्येंद्र भुइंया, वीरेंद्र यादव, दीपक यादव, सूरज यादव, सुनील यादव, विजय यादव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थी।

# सरहुल हमारी संस्कृति, परंपरा व प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पंचायत के बेमरोटांड जेहरा स्थल में आयोजित वार्षिक बाहा बोंगा सरहुल मिलन समारोह में मुख्य रूप से मंत्री पेयजल एंव स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध योगेन्द्र प्रसाद महतो शामिल हुए। मंत्री श्री महतो ने जेहरा स्थल पर मत्था टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति और मानव के अटूट संबंध को दशार्ता है। सरहुल केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी संस्कृति परंपरा और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है। हमें चाहिए कि हम इस पर्व की मूल भावना को अपनाएँ और पर्यावरण रक्षा की दिशा में सक्रिय योगदान निरंतर देते रहें।

हमें अपने जंगल नदियाँ और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी इस सुंदर धरा का आनंद ले सकें। इस दौरान वे पारंपरिक व सांस्कृतिक नृत्य और गीत में भी शामिल हुए। मौके पर मंत्री के आप्त सचिव उमेश महतो प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम धनंजय स्वर्णकार सिकंदर कपरदार प्रकाश महतो मांझी हडाम़ हरिचंद किस्कु राम किष्टो सोरेन महावीर हेम्ब्रम लोबिन हेम्ब्रम अनु हेम्ब्रम करमचंद किस्कु शंकर बास्के राजनाथ हेम्ब्रम मंतोष बास्के उमेश किस्कु राजू हेम्ब्रम लालमोहन हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

## सीसीएल सीकेएस ढोरी की ओर से कोल उधोग प्रभारी
# के. लक्ष्मा रेड्डी जी का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** सोमवार को भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ ढोरी क्षेत्र की ओर से सीसीएल के संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य रवींद्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आज ढोरी क्षेत्र का प्रतिनिधि मंडल ने कोल उधोग प्रभारी के. लक्ष्मा रेड्डी जो की रांची में सम्पन्न होने वाले पदाधिकारी बैठक में रांची जाने के क्रम में ढोरी क्षेत्र के कार्यकताओं द्वारा अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान ईस्टन कोल फील्ड्स लिमिटेड के महामंत्री अंगद उपाध्याय भी उपस्थित रहे वही रवीन्द्र कुमार मिश्रा ने सीसीएल के सभी क्षेत्र जो माइंस विस्तारीकरण की समस्याएं से जूझ रही है मुख्य रूप से बोकारो एन्ड करगली एवं ढोरी क्षेत्र के समस्याओं से कोल उधोग प्रभारी को अवगत कराया जिस पर के. लक्ष्मा रेड्डी ने कहा कि जल्द ही कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को माइंस विस्तारीकरण की समस्याओं से अवगत कराते हुए भारतीय मजदूर संघ सकारात्मक पहल करेगी इस दौरान के .लक्ष्मा रेड्डी ने कार्यकर्ताओं से मिले साथ ही कार्यकर्ताओ के साथ दोपहर का भोजन आर्यन होटल जैना मोड़ में किया। उक्त मौके पर क्षेत्रीय सचिव विनय कुमार सिंह,क्षेत्रीय अध्यक्ष कुलदीप, राजेश पासवान, प्रशांत मिश्रा, मनोज कुमार, भगीरथ बाउरी आदि उपस्थित रहे।

# केंद्रीय विद्यालय-1 को राजभाषा प्रथम पुरस्कार

खबर मन्त्र संवाददाता



बोकारो। पूर्व व पूर्वोत्तर क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन हेतु केन्द्रीय विद्यालय -1 बोकारो को राजभाषा के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के राजभाषा विभाग की ओर से गुवाहाटी में आयोजित समारोह के दौरान मुख्य अतिथि असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा एवं केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के हाथों विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया। हिन्दी में उत्कृष्ट कार्यों के लिए विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार को राजभाषा शील्ड तथा स्नातकोत्तर शिक्षक (हिंदी) चिंतामणि सिंह को राजभाषा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रों के कुल 48 कार्यालयों के कार्यालयाध्यक्षों एवं राजभाषा अधिकारियों को शील्ड एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विभागीय पत्रिका ह्यराजभाषा भारतीह्न के विशेष संस्करण का लोकार्पण किया गया एवं भारतीय भाषा अनुभाग के लिए विकसित बहुभाषी अनुवाद सॉफ्टवेयर कंठस्थ-3 के अल्फा संस्करण की भी शुरूआत की गई। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने बिहू नृत्य सत्रिया नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। मौके पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय असम प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और सांसद दिलीप सैकिया व बिजुली कलिता मेधी गुवाहाटी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर दिलीप कुमार मेधी पांडिचेरी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस पद्मप्रिया सिक्किम के प्रख्यात हिंदी विद्वान प्रोफेसर वीरभद्र कारकीधोली राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्य राजभाषा विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मीनाक्षी जॉली सहित भारत सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जन्मोत्सव पर, स्थानीय सामाजिक व राजनीतिक दिग्गजों का जुटान

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा की सुपुत्री दृष्टि शर्मा के द्वितीय जन्मोत्सव के बहाने चास स्थित जीत मैरिज हॉल में चास व चंदनकियारी क्षेत्र के कई राजनीतिक व सामाजिक लोगों का जुटान हुआ और सभी ने एक स्वर में झारखंड के विकास में अपनी सक्रिय सहभागिता को लेकर संकल्प लिया। मौके पर चास स्थित जीत मैरिज हॉल में चास व चंदनकियारी क्षेत्र के कई राजनीतिक व सामाजिक लोगों का जुटान हुआ। मौके पर मुख्य रूप से चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक झामुमो बोकारो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी वरीय कांग्रेस नेता जवाहरलाल माहथा वरीय कांग्रेस नेता सह समाजसेवी मृत्युंजय शर्मा पूर्व विधायक पुत्र सिद्धार्थ सिंह माना चिकित्सक जेएन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# जेसीएमयू नेता व प्रबंधन के बीच वार्ता
## वार्ता में न्यायाधिकरण के निर्णय के अनुपालन पर बनी सहमति



खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** सी सी एल कथारा क्षेत्र स्वांग वाशरी में फर्जी तरीके से नियोजन को लेकर तथा आरोपो को लेकर प्रबंधन द्वारा फर्जी कामगारों को बैठाए जाने के बाद से यह मामला अब तक लंबित रहा है। जबकि वास्तविक मजदूरों की आपत्ति के बाद भी उन्हें नियोजित नहीं करने के सवाल पर लगातार आंदोलन के बाद अंतत 17 मार्च को कथारा क्षेत्रीय प्रबंधन तथा वास्तविक दावेदारों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं खउटव नेता मुमताज आलम के साथ वार्ता की गई, वार्ता में प्रबंधन द्वारा न्यायाधिकरण के निर्णय के अनुपालन की बात कह आंदोलन नहीं करने की अपील की गई, इस संदर्भ में जानकारी देते हुए जेसीएमयू नेता मुमताज आलम ने कहा कि वर्ष 1996 में कम से बैठे गए 315 स्वांग वाशरी में कार्य स्थाई कार्य प्लांट क्लिनिक मजदूर के नियोजन को लेकर न्यायाधिकरण धनबाद के ट्रिम्नल 1 द्वारा वर्ष 2010 में 182 मजदूरों को सीसीएल प्रबंधन द्वारा नियोजन दिया गया था या दो पेज में किया गया उन्होंने बताया कि कुछ कथा तिथि यूनियन नेताओं के मिली भगत से फर्जी मजदूरों का रोस्टर बन कर वैसे फर्जी को नियुक्ति पत्र दे दिया गया था। उनके द्वारा आपत्ति के बाद प्रबंधन ने न्यायाधिकरण के आदेश पर फर्जी वाले की सत्यता पाए जाने के बाद सभी को बर्खास्त कर दिया गया । उन्होंने बताया कि जो वास्तविक मजदूर काम से बैठ गए थे वैसे अधिकांश मजदूर नौकरी की उम्र सीमा पार कर चुके हैं। जिसमें कई अन्य की उम्र अब शेष है। बावजूद इसके प्रबंधन नियोजन देने में टालमटोल की नीति अपना रही है। प्रबंधन द्वारा कहा गया कि इसमें प्रबंधन वास्तविक दावेदारों के साथ रहेगी ताकि किसी के साथ अन्य ना हो प्रबंधन के द्वारा अपील किया गया कि मार्च माह उत्पादन माह को लेकर आंदोलन न की जाए जिससे यूनियन व उपस्थित मजदूरों ने स्वीकार किया, मौके पर महेंद्र रजक, कालेश्वर प्रजापति, शिव राम निषाद,श्रीमती देवी, परमेश्वर प्रजापति, अरविंद सिन्हा, सुक्ता बाई, परशुराम महतो, लखन माली, वासुदेव महतो के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** साहित्यिक संस्था साहित्यलोक की मासिक रचनागोष्ठी भाषाविद् व साहित्यकार पं उदय कुमार झा के सेक्टर 2 बी स्थित आवास पर आयोजित हुई। साहित्यलोक के संयोजक अमन कुमार झा के संचालन व आराधना मल्लिक की अध्यक्षता में आयोजित इस रचनागोष्ठी में रचनाकारों ने धर्म संस्कृति होली सामाजिक ताना-बाना आदि विषयों पर केंद्रित रचनाएं सुनाकर सबको प्रभावित किया। शुरूआत महाकवि विद्यापति रचित भगवती वंदना जय जय भैरवि के गायन से हुई। पं उदय कुमार झा ने संस्कृत में अपनी रचना भगवती वंदना कालीश्वरी प्रस्तुत करने के बाद मैथिली मे गति व थेथर अमन कुमार झा ने अभाग शैलजा झा ने स्त्री आ बुद्ध संबंधक करेज विजय शंकर मल्लिक सुधापति ने ह्यकाल्हिए थिकै होली एवं कर्म और विश्वास अरुण पाठक ने ह्यहोली पावनि अछि मनभावन एकरा सभ मिलि संग मनाउ... डॉ रणजीत कुमार झा ने ह्यरे कोइली कुहुक ने बांचत प्राण.. बुद्धिनाथ झा ने संस्कृत के महत्ता को दशार्ती संस्कृत आ संस्कृति शीर्षक मैथिली कविता में ह्यसंस्कृत संस्कृति अछि एकरा बचाउ.. आराधना मल्लिक ने ह्यतोरे जड़े हमहूं जयबो व सुधापति की रचना पशुपतिनाथ सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। इस अवसर पर शंभु झा शैलेन्द्र कुमार झा प्रदीप झा आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**फुसरो।** बेरमो पिछरी उतरी पंचायत सचिवालय में सोमवार को सीसीएल केंद्रीय अस्पताल ढोरी द्वारा सीएसआर के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यहां केंद्रीय अस्पताल ढोरी के चिकित्सक डॉ अंकित गौरव ने लगभग तीन दर्जन ग्रामीण महिला व पुरुष का स्वास्थ्य जांच की और मरीजों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी दी। पिछरी उतरी पंचायत मुखिया कल्पना देवी ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया कहा कि सीसीएल ढोरी अपनी समाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन करता है। जिससे गरीब, असहाय महिला व पुरुष अपनी बीमारी का इलाज कराते है और लाभ उठाते है। यहां चिकित्सक के अलावा केंद्रीय अस्पताल ढोरी के नर्स प्रीति बास्के, अमृता तिर्की, फार्मसिस्ट ललन बाउरी एवं जितेंद्र कुमार सहित ग्रामीण विकास महतो, अजय साव आदि मौजूद थे।

# आदिवासियों का प्रकृति के प्रति प्रेम, सम्मान और संरक्षण का भाव अभूतपूर्व है: बबीता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/ललपनिया।** पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद तथा मद्द निषेधविभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबीता देवी ने रविवारको गोमिया प्रखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा करके विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने सर्वप्रथम प्रखंड के टीटीपीएस के पुनर्वास क्षेत्र सड़कटोला व ललपनिया बस्ती स्थित जाहेर थान में आयोजित सरहुल पूजा (बाहा पर्व) महोत्सव में शामिल हुईं। इसके बाद उन्होंने धवैया, हरदगढा, कंडेर, अइयर ग्राम में आयोजित सरहुल पूजा (बाहा पर्व) कार्य क्रममें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए.इस दौरान उन्होंने बोंगा बुरू स्थल में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख, समृद्धि की मंगल कामना की। पूर्व विधायक महोदया ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। आदिवासियों का प्रकृति के प्रति प्रेम, सम्मान और संरक्षण का भाव अभूतपूर्व है। प्रकृति को समर्पित बाहा पर्व में आदिवासियों का उल्लास और उत्साह खास होता है। आदिवासियों की परंपरा, संस्कृति में विश्व कल्याण का मंत्र निहित है, प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह पर्व एक बड़ा वैश्विक संदेश प्रसारित करता है। उन्होंने आदिवासियों को सरहुल पर्व की बधाईयां भी दीं। इस दौरान माननीय पूर्व विधायक महोदया पारंपारिक समूह नृत्य में महिलाओं के साथ मांदर की थाप पर भी थिरकीं। यहां विभिन्न गांवों के बाहा पर्व समितियों ने पूर्व विधायक महोदया का फूल माला और बुके भेंटकर पारंपरिक तौर तरीके से स्वागत और अभिनंदन किया तथा शॉल भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### कामरेड संजू की मनाई गई नौवीं पुण्यतिथि

**बेरमो /जारंगडीह।** सोमवार को जारंगडीह स्थित सीटू कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन कर स्व कामरेड संजू रवानी को याद किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉ स्व रवानी के याद में दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना उपरांत उनकी तस्वीर पर उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीपीआई अध्यक्ष सीएस झा तथा संचालन विजय द्वारा किया गया।

### अवैध कोयला स्टॉक के विरुद्ध संयुक्त छापेमारी

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार सीसीएल क्षेत्र के पाँच नंबर धौडा कोयला रेलवे साइडिंग के समीप सीसीएल सुरक्षा गार्ड, सीआइएसएफ सिक्युरिटी गार्ड एवं स्थानीय थाना द्वारा अवैध कोयला स्टॉक के विरुद्ध संयुक्त रूप से छापामारी कर भारी मात्रा में कोयला जब्त किया गया। जप्त कोयला को सीसीएल ढोरी क्षेत्र को सुपुर्द किया गया एवं अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### विधायक श्वेता ने किया प्रतिनिधियों का मनोनयन



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए अपने प्रतिनिधियों की घोषणा की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नियुक्ति क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक श्रीमती सिंह द्वारा नियुक्त किए गए प्रतिनिधियों में राज कुमार सिंह-उत्तरी विस्थापित क्षेत्र, जुबिल अहमद-अल्पसंख्यक विभाग, प्रभात रंजन -स्वास्थ्य विभाग, हसींउर रहमान-विद्युत विभाग, संजय लाल महतो-कृषि विभाग, कुंज बिहारी पाठक-मीडिया प्रभारी, शाहिद रजा-विस्थापित अल्पसंख्यक विभाग और सुमित कुमार दास-चास अनुमंडल अस्पताल शामिल हैं। श्रीमती सिंह ने कहा कि सभी नियुक्त प्रतिनिधि अपने-अपने विभागों में जनसमस्याओं योजनाओं और सुधार कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे। वे संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित प्रयास करेंगे।

### सांसद ढुल्लू ने किया प्रतिनिधियों का मनोनयन



**बोकारो।** धनबाद के लोकसभा सांसद ढुल्लू महतो ने एलएस/07-डीएचएन/2025/570 के सन्दर्भ से जारी पत्र के अनुसार शिक्षा विभाग प्रतिनिधि डॉ परिंदा सिंह सहित जिला योजना निधि, सेल बोकारो उद्योग प्रकोष्ठ, खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, चास नगर निगम, विद्युत विभाग, चास अंचल, विधि प्रकोष्ठ, भूमि व पुनर्वास, यातायात विभाग के प्रतिनिधियों एवं कार्यालय प्रमुख के रूप में इंद्र कुमार झा व मुकेश राय को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। राष्ट्रीय कुम्हार महासभा ने महासचिव अर्जुन महतो के आवासीय कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में धनबाद सांसद द्वारा विक्रम महतो को मोटर वाहन प्रतिनिधि मनोनीत किये जाने पर उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अर्जुन महतो के आलावा प्रदेश अध्यक्ष सुनील महतो प्रदेश महासचिव संजय प्रजापति, जदयू जिलाध्यक्ष प्रदीप महतो, बोकारो जिलाध्यक्ष जीमूत महतो आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### होली में प्रतिनियुक्त छह एएसआई समेत 11 जवान पाए गए अनुपस्थित, हुए निलंबित

**दुमका।** होली में प्रतिनियुक्ति के बाद भी गायब रहने वाले छह एएसआई पर सोमवार को गाज गिर गई। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने जामा के पांच और रामगढ़ के एक एएसआई समेत कंट्रोल रूम के पांच जवानों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दरअसल होली को देखते हुए एसपी ने हर थाना क्षेत्र में पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की थी। जवान डयूटी पर मुस्तैद हैं या नहीं, इसका पता करने के लिए 14 मार्च की शाम एसपी स्वयं निरीक्षण पर निकले। जहां जामा थाना पहुंचने पर पता चला कि पांच एएसआई वीरेंद्र कुमार, कौशलेंद्र कुमार सिन्हा, राजीव रंजन शर्मा, मनोज कुमार सिंह और शैलेश कुमार गुप्ता अनुपस्थित हैं। पता चला कि सभी लोग थाना को सूचित किए बगैर होली मनाने के लिए अपने घर चले गए। जब एसपी रामगढ़ थाना पहुंचे तो वहां पर प्रहलाद कुमार राय भी गायब मिले। इतना ही नहीं होली में शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी तरह की सूचना पर त्वरित कदम उठाने के लिए पांच सिपाही को कंट्रोल रूप में तैनात किया गया है। एसपी ने जब नियंत्रण कक्ष का जायजा लिया, तो तैनात आरक्षी मुन्ना कुमार मंडल, भगवान लाल मरांडी, कुंदन चौधरी, हवलदार दिनेश बाड़ा व बाबूराम मरांडी डयूटी से नदारद मिले। एसपी ने बताया कि कर्तव्यहीनता के आरोप में सभी को निलंबित किया गया है। कार्य के साथ किसी तरह की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### किशोरी का पेड़ से लटकता शव बरामद

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के बाकीजोड़ कोल पाड़ा ग्राम के बगल में स्थित पलाश के जंगलों के बीच एक 16 वर्षीय किशोरी का शव पलाश के पेड़ से झूलता बरामद हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतका का पहचान शिल्पा कोलीन, पिता स्व छोटू कोल, ग्राम कोल पाड़ा बाकिजोड़ के रूप में हुई है। हालांकि घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शिकारीपाड़ा थाने की पुलिस को जानकारी मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फुलों झानों मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि मामले कि छानबीन की जा रही है ।

### युवक ने फांसी लगाकर किया खुदकुशी

**जामा।** जामा थाना अंतर्गत कैराबनी गांव में 22 वर्षीय युवक राहुल कुमार ने घर में फांसी का फंदा लगाकर रविवार की रात खुदकुशी कर लिया। मृतक के पिता श्यामलाल मांझी ने थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि मृतक पुत्र गुजरात से काम करके चार दिन पहले घर आया था। वापस आने पर उसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। उसका इलाज भी करवाया जा रहा था। परंतु रविवार रात को वह अपने कमरे में सोने चला गया। जब सुबह दरवाजा नहीं खोला तो ग्रामीणों की मदद से दरवाजा खोला गया तो पाया कि वह पंखे से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज भेजा गया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर यूडी केस दर्ज किया गया है।

### करगली में गायत्री परिवार की बैठक

**बेरमो।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, बेरमो प्रखण्ड की बैठक गायत्री ज्ञान मंदिर, करगली बाजार में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड समन्वयक रघुनंदन बरनवाल एवं जिला समन्वयक मुकेश मिश्रा ने किया। यहाँ बताया गया की बैठक का उद्देश्य आगामी माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष एवं ज्योति कलश यात्रा भ्रमण के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा हुई।

### मान्यवर साहब कांशीराम जी के सपनों का भारत बनाएगा भीम आर्मी : गोवर्धन

**बेरमो /कथारा।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन फुसरो नगर कमिटी द्वारा बहुजन नायक मान्यवर साहब कांशीराम जी का 91 वां जन्मदिन धूमधाम से एवं आजाद समाज पार्टी का 5 वां स्थापना दिवस फुसरो नगर अध्यक्ष नकुल रविदास जी के आवासीय तय कार्यलय भोलानगर ढोरी बस्ती में मनाया गया अध्यक्षता भीम आर्मी नगर अध्यक्ष नकुल रविदास एवं संचालन धरम घासी ने किया।

### सीसीएल बीएंडके प्रबंधन के खिलाफ बैदकारो के ग्रामीण एकजुट है : वतन महतो

**बेरमो।** विस्थापित समिति के अध्यक्ष वतन महतो ने कहा कि प्रबंधन का रवैया विस्थापितो के प्रति ठीक नही है। कहा कि सीसीएल बीएडके प्रबंधन के नीति के खिलाफ बैदकारो के ग्रामीण एकजुट हैं। संघर्ष मोर्चा के द्वारा राज्यपाल, कल्याण मंत्री व जिले की उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। कहा कि बिना सहमति के प्रबंधन माइंस विस्तार किया तो ग्रामीण कारो प्रबंधन के खिलाफ उग्र आंदोलन करने को विवश है। बैठक मे सैकड़ो की संख्या मे लोग उपस्थित थे।

### बेरमो कोयलांचल निवासी मिले कोल इंडिया के चेयरमैन से, हुई विचार विमर्श

**बेरमो।** कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद से बेरमो कोयलांचल स्थित पुराना सुभाषनगर निवासी स्वर्गीय सुभाष सिंह के पुत्र अविनाश सिंह ने कोलकाता स्थित सीआईएल मुख्यालय मे मिलकर विचार विमर्श किया और कोल इंडिया का कोयला उत्पादन लक्ष्य की ओर अक्सर रहने पर बधाई दिया। कथारा जीएम फुटबॉल ग्राउंड में पांच दिवसीय ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट आरंभ।

### दीप प्रज्वलित कर आयोजन का उद्घाटन

**बेरमो /कथारा।** लंबे समय के बाद सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के कथारा कोलियरी द्वारा एक ऐसा आयोजन किया गया जो काबिले तारीफ है। यह आयोजन सोमवार को कथारा स्थित जीएम ग्राउंड में भव्य तरीके से किया गया। इस पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य लोगो के बीच प्रकृत्ति सामुहिक संसाधन संवर्धन योजना के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम एनसीआरएपी के दिशा निर्देश द्वारा सीसीएल कथारा कोलियरी के नेतृत्व में आयोजित था।

### विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट की बैठक आयोजित

**बेरमो।** सोमवार को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में प्राचार्य चैंबर में हुई। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम के लिए बोकारो एवं धनबाद दो जिलों के प्रतिभागी 18 से 25 वर्ष के युवा 16 मार्च 2025 रात 12 बजे तक वीडियो माय भारत पोर्टल पर अपलोड किए। आज सभी वीडियो का स्क्रीनिंग किया गया है। बोकारो एवं धनबाद दोनों जिलों से 150 प्रतिभागियों को स्क्रीनिंग कर चुना गया है।

### ईद पर बाजार में बढ़ी रौनक

**फुसरो।** ईद का त्योहार नजदीक आने के साथ फुसरो क्षेत्र के बाजारो में खरीदारों की भीड़ से रौनक बढ़ने लगी है। सोमवार को बाजार में कपड़े, जूते-चप्पल सहित तरह-तरह के खाने-पीने के चीजों की दुकानों पर लोग खरीदारी करते दिखे। कपड़े की दुकानों, रेडीमेड के साथ-साथ आभूषण व अन्य की दुकानों पर अच्छी भीड़ नजर आई। बीते शुक्रवार को मस्जिदों में दुसरे जुमे की नमाज पढ़ी गई। इसके बाद से ईद त्योहार की तैयारियां तेज हो गई है। बच्चे ही नहीं घर की महिलाओं के साथ पुरुष भी कपड़ों की दुकानों पर खरीदारी करते दिख रहे हैं। खरीदारों की भीड़ बढ़ने से शहर की लगभग सड़कें जाम लगती रही।

स्पीड न्यूज

# हिंद प्रशांत में न्यूजीलैंड भी बनेगा सशक्त साझीदार

## भारत ने न्यूजीलैंड के साथ किया अहम समझौता

- दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार पर होगा बातचीत
- पेशेवरों व कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही बनाने का किया ऐलान
- भारत से लंबे समय से जुड़े हुए हैं पीएम लक्शन : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत एवं न्यूजीलैंड ने रक्षा साझीदारी को सशक्त बनाने के एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही न्यूजीलैंड के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल में शामिल होने, दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने तथा पेशेवरों एवं कुशल कामगारों के लिए आसान आवाजाही की व्यवस्था बनाने का सोमवार को ऐलान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये फैसले लिये गये। श्री लक्सन भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को यहां पहुंचे। दोनों नेताओं के बीच लंबी बैठक के बाद दोनों देशों ने चार घोषणाएं की और संयुक्त वक्तव्य पर सहमति प्रदान करने के साथ छह दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके आदान प्रदान किया।

दोनों देशों ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) तथा भारत और न्यूजीलैंड के बीच पेशेवरों और कुशल श्रमिकों की गतिशीलता को सुविधाजनक बनाने वाली व्यवस्था पर बातचीत की शुरूआत के साथ न्यूजीलैंड के हिंद प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) तथा में शामिल होने तथा आपदा रोधी अवसंरचना गठबंधन (सीडीआरआई) का सदस्य बनने की चार उद्घोषणाएं कीं। भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच छह दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करके आदान प्रदान किया गया जिनमें भारत के रक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के रक्षा मंत्रालय के बीच रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन,



भारत और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की मौजदूगी में हुये कई समझौते।

भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) और न्यूजीलैंड सीमा शुल्क सेवा के बीच अधिकृत आर्थिक ऑपरेटर - पारस्परिक मान्यता समझौता (एईओ-एमआरए), भारत के कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय और न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच बागवानी पर सहयोग ज्ञापन, भारत के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एवं न्यूजीलैंड के प्राथमिक उद्योग मंत्रालय के बीच वानिकी पर आशय पत्र, भारत गणराज्य के शिक्षा मंत्रालय और न्यूजीलैंड के शिक्षा मंत्रालय के बीच शिक्षा सहयोग समझौता और भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय और न्यूजीलैंड सरकार के खेल न्यूजीलैंड के बीच खेल में सहयोग ज्ञापन शामिल हैं।मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन भारत से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। कुछ दिन पहले, ऑकलैंड में, होली के रंगों में रंगकर उन्होंने जिस तरह उत्सव का माहौल बनाया, वह हम सबने देखा! लक्सन के न्यूजीलैंड में बसने वाले भारतीय मूल के लोगों के प्रति लगाव को इस बात से भी देखा जा सकता है, कि उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी भारत आया है। उन जैसे युवा, ऊर्जावान और प्रतिभाशाली लीडर का इस वर्ष रायसीना संवाद का मुख्य अतिथि होना हमारे लिए खुशी की बात है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की। हमने अपनी रक्षा और सुरक्षा साझीदारी को मजबूत और संस्थागत रूप देने का निर्णय लिया है। संयुक्त अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह यात्राओं के साथ साथ रक्षा उद्योग जगत में भी आपसी सहयोग के लिए रोडमैप बनाया जायेगा। हिन्द महासागर में मेरीटाइम सुरक्षा के लिए, संयुक्त कार्यबल-150 में हमारी नौसेनाएं मिल कर काम कर रही हैं। और, हमें प्रसन्नता है कि न्यूजीलैंड की नौसेना का जहाज दो दिन में मुंबई में पोर्ट कॉल कर रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच एक परस्पर लाभकारी मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इससे आपसी व्यापार और निवेश की क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

मोदी ने कहा कि क्रिकेट हो, हॉकी, या पर्वतारोहण, दोनों देशों के बीच खेलों में पुराने संबंध हैं। हमने खेलों में कोचिंग और खिलाड़ियों के आदान प्रदान के साथ-साथ, खेल विज्ञान, मनोविज्ञान और चिकित्सा विज्ञान में भी सहयोग पर बल दिया है। और वर्ष 2026 में, दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल मनाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड में रहने वाला भारतीय समुदाय न्यूजीलैंड में सामाजिक और आर्थिक विकास में सकारात्मक योगदान दे रहा है। हमने तय किया है कि कुशल कामगारों की मोबिलिटी को सरल बनाने और अवैध आव्रजन से निपटने के लिए, एक समझौते पर तेजी से काम किया जाएगा। यूपीआई कनेक्टिविटी, डिजिटल भुगतान और पर्यटन बढ़ाने पर भी बल दिया जाएगा।

### डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण व फार्मा में होगा निवेश

डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण व फार्मा जैसे क्षेत्रों में आपसी सहयोग और निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा और बहुमूल्य खनिज क्षेत्रों में आपसी सहयोग को हमने प्राथमिकता दी है। वानिकी एवं उद्यानिकी में संयुक्त रूप से काम किया जाएगा। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के साथ आए बड़े कारोबारी प्रतिनिधिमंडल को भारत में नई संभावनाओं को देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

## अमृतसर मंदिर पर हमले का आरोपित मुठभेड़ में हुआ ढेर

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने दो दिन पहले अमृतसर के मंदिर पर ग्रेनेड हमले के आरोपित को सोमवार सुबह खंडखाला इलाके में एक मुठभेड़ में ढेर कर दिया, जबकि हमले का एक अन्य आरोपित मौके से फरार हो गया। बदमाशों की फायरिंग में एक कांस्टेबल घायल हुआ है। पुलिस फरार बदमाश को तलाश कर रही है।

## तापसी पन्नू की फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म गांधारी की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म निर्माता कनिका ढिल्लों ने एक तस्वीर में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू,इश्वाक सिंह और क्रू और कनिका के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं।कनिका ने लिखा, यह पूरा हो गया है! अंतिम टेक भले ही हो गया हो, लेकिन कहानी अभी शुरू ही हुई है। गांधारी, जल्द ही आ रही है।

## मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाकर हथियारों का जखीरा बरामद किया है। पुलिस ने सोमवा को बताया कि सेक्माई थाना क्षेत्र, इंफाल पश्चिम जिले के लोइतांग सांडुम हिल रेंज से एक एसएलआर राइफल और एक मैगजीन, एक पिस्तौल (क्षतिग्रस्त मैगजीन के साथ), दो नंबर 36 एचई हैंड ग्रेनेड और दो बाओफेंग हैंडहेल्ड रेडियो सेट बरामद किया गया।

## अमेरिका ने 130 से अधिक अप्रवासियों को निकाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने युद्धकालीन शक्तियों के कानून, 1798 के एलियन एनिमीज एक्ट का इस्तेमाल करते हुए शनिवार को एल साल्वाडोर के 261 अप्रवासियों में से आधे से अधिक को अमेरिका से निकाल दिया। वाशिंगटन पोस्ट ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से यह जानकारी दी।

## हंदवाड़ा में मुठभेड़ एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा उप जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच सोमवार सुबह क्रुम्हूरा जचलदारा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। दोनों पक्षों की गोलीबारी में एक आतंकी मारा गया। उन्होंने बताया कि हथियार और गोला-बारूद के साथ एक आतंकी का शव बरामद किया।

## यूक्रेन के नये सेना प्रमुख बने ह्नातोव

**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को मेजर जनरल एंड्री ह्नातोव को लेफ्टिनेंट जनरल अनातोली बारहिलेविच की जगह यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। राष्ट्रपति की वेबसाइट पर प्रकाशित आदेशों में बारहिलेविच को बर्खास्त करने और ह्नातोव को नियुक्त करने के के कारणों को स्पष्ट नहीं किया गया है। यूक्रेनी रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव ने बताया कि सशस्त्र बलों में फेरबदल का उद्देश्य उनकी युद्ध प्रभावशीलता को बढ़ाना है।



नयी दिल्ली में सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मिलतीं अमेरिकी खुफिया प्रमुख के तुलसी गबार्ड।

# खालिस्तानियों पर कड़ी कार्रवाई करे अमेरिका

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी के समक्ष उठाया मुद्दा
- गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे अमेरिका : भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड के साथ बैठक की। इस दौरान सिंह ने अमेरिकी धरती पर भारतीय हितों के खिलाफ काम कर रहे खालिस्तानी चरमपंथियों का मुद्दा उठाया। सोमवार को हुई बातचीत में रक्षा मंत्री ने खालिस्तानी संगठन एसएफजे (सिख फॉर जस्टिस) की भारत विरोधी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। एसएफजे को भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने के लिए देश में प्रतिबंधित किया गया है। भारत ने अपनी चिंता व्यक्त की और अमेरिकी प्रशासन से गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड ने राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय चर्चा की, जिसमें दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक के दौरान रक्षा और सुरक्षा संबंधों को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की गई।

राजनाथ सिंह ने कहा कि नई दिल्ली में अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात कर खुशी हुई। हमने रक्षा और सूचना साझाकरण सहित कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसका उद्देश्य भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करना है। भारत की ढाई दिन की यात्रा पर आई तुलसी गबार्ड ने एक दिन पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की। डोभाल और गबार्ड के बीच बैठक में मुख्य रूप से खुफिया जानकारी साझा करने और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा हुई। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) एक अमेरिकी संगठन है जो भारत से स्वतंत्र खालिस्तान' नामक एक अलग सिख राज्य की वकालत करता है। 2007 में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने इसकी स्थापना की थी। भारत सरकार ने 2019 में यूएपीए के तहत संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया। इसे आतंकवाद और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाला अलगाववादी समूह करार दिया।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप के लिए एप लॉन्च

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित नए संसद भवन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के लिए एक मोबाइल ऐप लॉन्च किया। इस ऐप के जरिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए आवेदन करना आसान हो जाएगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से जुड़ी जानकारियां देने के लिए पहले सुविधा केंद्र की शुरूआत की गई है। यह केंद्र कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) और भारतीय उद्योग परिसंघ ने बनाया है। यहां से युवाओं को इंटर्नशिप के बारे में जानकारी और मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख पहले 12 मार्च थी, लेकिन इसको बढ़ाकर 31 मार्च तक कर दिया गया है। ऐप लॉन्च होने से युवाओं के लिए सरकार के कई मंत्रालयों और टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप करना आसान हो जाएगा।

# आज पुतिन से बात करेंगे ट्रंप

## रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध रूकने की संभावना बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह मंगलवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने फ्लोरिडा से वाशिंगटन की देर रात की फ्लाइट के दौरान एयर फोर्स वन पर मीडिया से कहा कि हम देखना चाहते हैं कि क्या हम युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। शायद हम कर सकते हैं, शायद हम नहीं भी कर सकते, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास बहुत अच्छा मौका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि मैं मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करूंगा। वीकेंड में बहुत काम किया गया है। इससे पहले क्रेमलिन ने शुक्रवार को कहा कि पुतिन ने अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के जरिए ट्रंप को उनकी युद्ध विराम योजना के बारे में



एक संदेश भेजा और सतर्क आशावाद व्यक्त किया कि तीन साल से चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर पहुंचा जा सकता है। अमेरिका में अलग-अलग संडे शो के दौरान विटकॉफ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज ने इस बात पर जोर दिया कि रूस के युद्ध विराम पर सहमत होने से पहले कई चुनौतियों का समाधान किया जाना बाकी है।

## नेपाल में सर्वदलीय सरकार बनाने की कवायद शुरू

**काठमांडू।** नेपाल में पूर्व राजा की बढ़ती सक्रियता और उनके समर्थकों के लगातार किए जा रहे प्रदर्शन के बीच संसद के बड़े राजनीतिक दलों के बीच गणतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से सर्वदलीय सरकार बनाने की कवायद शुरू की गई। प्रमुख विपक्षी दल माओवादी पार्टी ने इसके लिए बड़ी शर्त रखी है। पार्टी ने कहा है कि पहले प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का इस्तीफा देना होगा। नेपाल में पूर्व राजा के समर्थन में हजारों लोग सड़क पर उतर कर राज संस्था की पुनर्स्थापना की मांग कर रहे हैं। माओवादी के सांसद और प्रचंड के करीबी रहे नेता शक्ति बस्नेत ने कहा कि राजा के षडयंत्र का सामना करने के लिए देश में लोकतंत्र, गणतंत्र और संघीयता की रक्षा के लिए तीनों प्रमुख दलों का एक साथ आना अनिवार्य हो गया है। बस्नेत ने बताया कि इन तीनों दलों के नेताओं के बीच संवाद भी शुरू हो चुका है।

# 'मेड इन बिहार रेल इंजन' का जल्द होगा निर्यात : वैष्णव

### मढ़ौरा रेल कारखाने में बने करीब 100 लोकोमोटिव जल्द ही किये जायेंगे निर्यात



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में घोषणा की कि बिहार के मढ़ौरा में बने लोकोमोटिव (रेल इंजन) जल्द ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजे जाएंगे। इसके साथ ही भारत ऑस्ट्रेलिया को मेट्रो कोच निर्यात कर रहा है, जबकि ब्रिटेन, सऊदी अरब, फ्रांस सहित अन्य देशों को भी रेल डिब्बों के महत्वपूर्ण उपकरण भेजे जा रहे हैं। राज्यसभा में रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान वैष्णव ने बताया कि मढ़ौरा रेल कारखाने में बने लगभग 100 लोकोमोटिव जल्द ही निर्यात किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह वही कारखाना है, जिसकी घोषणा पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने की थी, लेकिन उस पर काम शुरू नहीं हुआ था। 2014 के बाद इस परियोजना को गति मिली और अब यह निर्यात के लिए तैयार है। वैष्णव ने कहा कि जिस फैक्टरी की सिर्फ घोषणा हुई थी, उस पर 2014 से काम शुरू किया गया और अब वहां बने लोकोमोटिव दुनिया में जाने वाले हैं। उनकी घोषणा पर राज्यसभा सदस्यों ने तालियां बजाकर स्वागत किया।

# सेंसेक्स 341 और निफ्टी 112 अंक उछला

## शेयर बाजार में लौटी तेजी, निवेशकों को 1.65 लाख करोड़ का फायदा

### सेंसेक्स 74 हजार के पार व निफ्टी 22,508 पर बंद



एजेंसी

**मुंबई।** विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार की पिछले लगातार पांच दिन की गिरावट सोमवार को थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक अर्थात 0.46 प्रतिशत की तेजी के साथ 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 74,169.95 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 111.55 अंक यानी 0.5 प्रतिशत उछलकर 22,508.75 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में घटबढ़ रही। इससे मिडकैप 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 39,364.08 अंक हो गया लेकिन स्मॉलकैप 0.02 प्रतिशत फिसलकर 43,834.27 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में डेढ़ लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 392.83 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 391.18 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.65 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4241 कंपनियें के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2507 में गिरावट जबकि 1605 में तेजी रही वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 33 कंपनियों में लिवाली जबकि 17 में बिकवाली हुई। बीएसई में दूरसंचार, एफएमसीजी और रियल्टी की 0.35 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.92, सीडी 0.48, ऊर्जा 0.19, वित्तीय सेवाएं 0.83, हेल्थकेयर 1.12, इंडस्ट्रियल्स 0.30, आईटी 0.09, यूटिलिटीज 0.41, ऑटो 0.80, बैंकिंग 0.71, कैपिटल गुड्स 0.46, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.34, धातु 0.91, तेल एवं गैस 0.10, पावर 0.46, टेक 0.27, सर्विसेज 0.58 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.05 प्रतिशत मजबूत रहे। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में बजाज फिनसर्व 3.59, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.41, एक्सिस बैंक 2.36, बजाज फाइनेंस 1.91, अडानी पोर्ट्स 1.63, आईसीआईसीआई बैंक 1.45, सन फार्मा 1.26, जोमैटो 1.22, अल्ट्रासिम्को 1.07, टाटा मोटर्स 0.84, इंफोसिस 0.72, इंडसइंड बैंक 0.72, टाटा स्टील 0.63, एचसीएल टेक 0.58, भारती एयरटेल 0.47, कोटक बैंक 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.24, मारुति 0.24 और टाइटन 0.13 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, आईटीसी 0.98, नेस्ले इंडिया 0.76, एसबीआई 0.69, रिलायंस 0.56, एशियन पेंट 0.50, टीसीएस 0.43, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.22, पावरग्रिड 0.19, एलटी 0.17, टेक महिंद्रा 0.09 और एनटीपीसी के शेयर 0.03 प्रतिशत गिर गए।

## मारुति सुजुकी एक अप्रैल से वाहनों की कीमत में चार फीसदी तक का करेगी वृद्धि

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी का ऐलान किया है। कंपनी ने कहा कि वह कच्चे माल की बढ़ती लागत के असर को कम करने के लिए यह वृद्धि करेगी, जो मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को शेयर बाजार को बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर उसने अप्रैल से अपनी कारों की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है। कंपनी ने कहा कि वह अपने वाहनों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में शुरूआती स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर इनविक्टो तक के मॉडल को बेचती है। एमएसआईएल ने पिछले साल दिसंबर, 2024 में अपने वाहनों की कीमतों में 4 फीसदी की वृद्धि की थी, जो जनवरी 2025 में लागू हुआ था।

